सुप्रभात
रांची, गुरुवार
25.04.2024
* * नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित
सबकी बात सबके साथ

लोकसभा चुनाव 2024
सभी चुनें सही चुनें

khabarmantra.net वैशाख, कृष्ण पक्ष, द्वितीया, संवत् 2081 । मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 11 । अंक : 281

12 विकास के मानकों का पुनः करना होगा मूल्यांकन : मुर्मू

## न्यूज डायरी

### मंच पर ही बेहोश होकर गिर पड़े नितिन गडकरी

**यवतमाल।** केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी बुधवार को पूर्वी महाराष्ट्र के यवतमाल जिले में एक चुनावी रैली में भाषण के दौरान बेहोश हो गये। वह मंच पर ही गिर पड़े। हालांकि अब उनकी स्थिति ठीक है। अपने स्वास्थ्य के बारे में उन्होंने जानकारी एक्स पर पोस्ट कर दिया। वरिष्ठ भाजपा नेता श्री गडकरी पुसाद में चुनाव प्रचार कर रहे थे। वह जैसे ही बेहोश हुए उनके साथ मौजूद सुरक्षाकर्मी उन्हें मंच से बाहर ले गये। हालांकि, कुछ मिनट बाद ठीक हो गये और उन्होंने अपना भाषण पूरा किया। उन्होंने कहा, अब पूरी तरह से स्वस्थ हूं।

### 25 को लोहरदगा से पर्चा भरेंगे सुखदेव

**रांची।** लोहरदगा संसदीय क्षेत्र से इंडी गठबंधन के कांग्रेस उम्मीदवार सुखदेव भगत गुरुवार को नामांकन दाखिल करेंगे। इसके बाद टाउन हॉल गुमला में आमसभा का भी आयोजन किया गया है। पर्चा दाखिल और नामांकन में गुलाम अहमद मीर, राजेश ठाकुर, मंत्री आलमगीर आलम, रामेश्वर उरांव, बादल पत्रलेख, बन्ना गुप्ता, बंधु तिर्की भी शामिल होंगे।

### हेमलाल बने झामुमो के केंद्रीय प्रवक्ता

**रांची।** झामुमो केंद्रीय कार्यकारिणी सदस्य हेमलाल मुर्मू को पार्टी का केन्द्रीय प्रवक्ता बनाया गया है। पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष शिबू सोरेन के निर्देश पर बुधवार को हेमलाल मुर्मू को प्रवक्ता बनाया गया। इस संबंध में पार्टी के महासचिव विनोद कुमार पांडे ने पत्र जारी किया है। यह नियुक्ति पत्र निर्गत होने के समय से ही तत्काल प्रभाव से लागू होगी।

### रामगढ़ अंचल का स्टाफ घूस लेते धराया

**रामगढ़।** एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने बुधवार को रामगढ़ अंचल के कर्मी अनिल कुमार महली को 10 हजार रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। एसीपी की टीम ने हल्का तीन के कर्मचारी अमित कुमार लोहरा को भी हिरासत में लिया और उनके कार्यालय की तलाशी ली, जहां से कई अहम दस्तावेज बरामद हुए हैं। हजारीबाग जिले के कोर्रा थाना क्षेत्र अंतर्गत चुरचू गांव निवासी प्रेम शंकर मेहता ने एक शिकायत भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो में की थी। एक जमीन को ऑनलाइन चढ़ाने और ऑनलाइन रसीद निर्गत करने के लिए महली लगातार घूस मांग रहे थे।

### पंचायत सेवक रिश्वत लेते गिरफ्तार

**लातेहार।** महुआडांड़ प्रखंड के चटकपुर पंचायत में पदस्थापित पंचायत सेवक अनेश्वर प्रसाद को एसीबी की टीम ने बुधवार को चार हजार रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। चटकपुर पंचायत के रहने वाले एक लाभुक को मनरेगा योजना से कुआं मरम्मत की योजना स्वीकृत हुई थी।

### गहना आभूषण

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 67800 रु./10 ग्राम |
| चांदी | 84000 रु./प्रति किलो |




# मोदी ने झारखंड के विकास की गारंटी दी है

## भ्रष्टाचारियों पर सख्ती के लिए भाजपा जरूरी : भूपेंद्र पटेल

### आदिवासियों पर ही मोदी का फोकस

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची, गुमला।** आदिवासियों के सर्वांगीण विकास, विकसित भारत और भ्रष्टाचारियों पर सख्ती के लिए भाजपा जरूरी है। किसानों को सम्मान निधि मिलती रहे, महिलाओं और बेटियों को इज्जत मिले, दुश्मन डरते रहें, इसके लिए भी भाजपा जरूरी है। पीएम मोदी आदिवासियों के विकास पर पूरा फोकस कर रहे हैं। झारखंड के आदिवासी परिवारों के विकास की गारंटी दी है। यह कहना है गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल का। वह बुधवार को लोहरदगा लोकसभा सीट से एनडीए प्रत्याशी समीर उरांव के नामांकन में के बाद गुमला में एक विशाल जनसभा में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि झारखंड की जनता राज्य की 14 सीटों पर एनडीए उम्मीदवार को विजय बनाकर भाजपा के 400 पार के लक्ष्य को पूरा करने में आशीर्वाद दें। यह झारखंड का नसीब चमकाने का यह पर्व है। इसमें चूकना नहीं है। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी को सेवा दायित्व सौंपने का महापर्व हो रहा है।



श्री पटेल ने कहा कि पीएम मोदी आदिवासियों के विकास पर पूरा फोकस कर रहे हैं। झारखंड के आदिवासी परिवारों के विकास की गारंटी दी है। जिसे कोई नहीं पूछता है, उसे पीएम मोदी मोदी पूछते हैं। गरीबों को गरिमामय जीवन देने का काम उन्होंने किया है। गरीबों को कभी लोन नहीं मिलता था। प्रधानमंत्री मोदी के कार्यकाल में उन्हें लोन दिया जा रहा है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में पूरे देश में विकास का कार्य हुआ है। पूरे देश में 100 से अधिक वंदे भारत ट्रेन चल रही है, जिसमें तीन ट्रेन झारखंड को भी मिली है। उन्होंने कहा कि नक्सलवाद को जड़ से खत्म करने के लिए भाजपा का सत्ता में आना जरूरी है।

### बीडी राम के नामांकन में बोले जनरल वीके सिंह



- जीत का अंतर इतना बढ़ायें कि विरोधी भी चमत्कार मानें

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची, मेदिनीनगर।** यहां की जनता लगातार भाजपा को विजयी बनाते रहे हैं, इसबार जीत का अंतर इतना बढ़ा दे कि विरोधियों को भी लगे ये तो चमत्कार हो गया। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग, नागरिक उद्यान राज्यमंत्री जनरल वीके सिंह ने उक्त बातें भाजपा प्रत्याशी बीडी राम के नामोकन के बाद आयोजित एक जनसभा में कही। नामांकन के बाद शिवाजी मैदान में जनसभा का आयोजन किया गया था। जनरल वीके सिंह ने कहा कि आप अपने क्षेत्र के प्रतिनिधि को एक और मौका दें, ताकि विकास की यह गति निरंतर जारी रहे। उन्होंने कहा कि यदि आप चाहते हैं कि मोदी फिर से देश के पीएम बने तो आपको भाजपा प्रत्याशी को फिर भारी मतों से विजयी बनाना होगा। देश और झारखंड को आगे बढ़ाने के लिए जीत जरूरी है। पीएम मोदी के कार्यकाल में भारत विश्वमहाशक्ति के रूप में उभर रहा है, जल्द ही भारत तीसरी महाशक्ति बनेगा। उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता 400 पार के लक्ष्य को पूरा करने के लिए जनता को जागरूक करें। वहीं प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में पिछले 10 साल में गांव, गरीब, किसान, युवा और महिला सबके हित में लगातार विकास का काम हुआ है। श्री मरांडी ने कहा, झारखंड सरकार कैसे चल रही है, यह भी आप सभी को पता है।

## बीडी, ममता, समीर, चमरा समेत 19 ने भरा पर्चा

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड में लोकसभा चुनाव के लिए उम्मीदवारों का नामांकन जारी है। इसी क्रम में बुधवार को पलामू लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार बीडी राम, लोहरदगा से भाजपा प्रत्याशी समीर उरांव, झामुमो विधायक चमरा लिंडा ने भी लोहरदगा सीट से निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में नामांकन पत्र दाखिल किया। पलामू सीट से इंडिया ब्लॉक की प्रत्याशी ममता भुइयां ने भी नामांकन किया। ममता के नामांकन के दौरान मंत्री सत्यानंद भोक्ता, राजद के प्रदेश अध्यक्ष संजय कुमार सिंह यादव, पार्टी के जिला अध्यक्ष मोहन विश्वकर्मा समेत कई लोग मौजूद थे। समीर



उरांव के समर्थन में गुजरात के सीएम भुपेंद्र भाई पटेल, नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी, सांसद सुदर्शन भगत मौजूद थे। बुधवार को विभिन्न सीटों से 19 नामांकन पत्र भरे गये। लोहरदगा से कांग्रेस के सुखदेव भगत चुनाव मैदान में हैं। वही बीडी राम के नामांकन के समय केंद्रीय मंत्री जनरल वीके सिंह मौजूद रहे। (शेष 11 पर)

# झारखंड में वोटिंग के दिन सार्वजनिक छुट्टी

## सरकार ने अवकाश की अधिसूचना जारी की

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड में चार चरणों में होनेवाले लोकसभा चुनाव और गांडेय विधानसभा उपचुनाव के दिन संबंधित संसदीय क्षेत्रों व संबद्ध जिलों में निर्वाचन के दिन सार्वजनिक अवकाश घोषित कर दिया गया है। निर्धारित मतदान की तिथि को निगोशिएबुल इन्स्टुमेंटल एक्ट के तहत संबंधित लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र एवं गांडेय विधानसभा क्षेत्रों में अवस्थित सभी सरकारी कार्यालय, सार्वजनिक प्रतिष्ठानों को मतदान की तिथि को बंद रहेंगे। इस दिन बैंक भी बंद रहेंगे। मंत्रिमंडल निर्वाचन विभाग के पत्र के बाद कार्मिक विभाग ने इस संबंध में बुधवार को अधिसूचना जारी कर दी है।

#### चौथा चरण झारखंड 13 मई

सिंहभूम, खूंटी, लोहरदगा और पलामू लोकसभा सीट (झारखंड का पहला चरण)। संबद्ध जिला जहां अवकाश रहेंगे। सरायकेला-खरसावां और पश्चिम सिंहभूम। रांची, खूंटी, गुमला, सिमडेगा और लोहरदगा, पलामू, गढ़वा।

#### 20 मई, पंचम चरण

चतरा, कोडरमा और हजारीबाग सीट (दूसरा चरण)। संबद्ध जिले जहां अवकाश रहेंगे- चतरा, लातेहार, पलामू, कोडरमा, कोडरमा, हजारीबाग, गिरिडीह, रामगढ़।

#### 25 मई, शनिवार

छठा चरण- गिरिडीह, धनबाद, रांची और जमशेदपुर (तीसरा चरण)। संबद्ध जिले जहां अवकाश रहेंगे- धनबाद, बोकारो, रांची, सरायकेला-खरसावां, जमशेदपुर, पूर्वी सिंहभूम।

#### 01 जून सप्तम चरण

राजमहल, दुमका और गोड्डा (चौथा चरण)। संबद्ध जिले जहां अवकाश रहेंगे- साहेबगंज, पाकुड़, दुमका, गोड्डा। जामताड़ा, देवघर।


**20 मई :** गांडेय विधानसभा उपचुनाव : जहां अवकाश रहेंगे : लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र गांडेय, जिला गिरिडीह।

**29 को कल्पना करेंगी नामांकन :** सरफराज अहमद के इस्तीफा देने के बाद खाली हुई गांडेय विधानसभा सीट से पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन 29 अप्रैल को पर्चा दाखिल करेंगी। पार्टी ने उनकी उम्मीदवारी की अधिकृत घोषणा कर दी। इसकी घोषणा पार्टी नेता व राज्यसभा सांसद सरफराज अहमद और झामुमो जिलाध्यक्ष संजय सिंह ने की। 20 मई को कोडरमा लोकसभा के साथ गांडेय विधानसभा उपचुनाव का मतदान होना है। बुधवार को घोषणा के साथ ही पार्टी ने 29 को नामांकन पर्चा दाखिल करने की तैयारी शुरू कर दी है।

# सुप्रीम कोर्ट पहुंचे हेमंत, मांगी अंतरिम जमानत

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** लैंड स्कैम से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग के आरोपी व झारखंड के पूर्व सीएम हेमंत सोरेन ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। उन्होंने अपने अधिवक्ता के माध्यम से शीर्ष अदालत में क्रिमिनल एसएलपी (स्पेशल लीव पिटीशन) दाखिल की है। अपनी गिरफ्तारी और ईडी की कार्रवाई के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में एसएलपी दाखिल की है। शीर्ष अदालत में हेमंत सोरेन ने कहा कि हाईकोर्ट से फैसला लंबित है। उन्हें लोकसभा चुनाव में प्रचार करने का मौका नहीं मिल रहा है। अपनी याचिका में उन्होंने अदालत से गुहार लगायी है कि झारखंड हाईकोर्ट ने उनकी ओर से दाखिल याचिका पर सुनवाई करते हुए 28 फरवरी को अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। करीब 55 दिन बीत जाने के बाद भी हाईकोर्ट ने अब तक अपना फैसला नहीं सुनाया है। इसलिए उन्होंने सुप्रीम कोर्ट की शरण ली है। हेमंत सोरेन ने सुप्रीम कोर्ट से अंतरिम जमानत भी मांगी है। सुप्रीम कोर्ट की एडवोकेट ऑन रिकॉर्ड प्रज्ञा सिंह बघेल पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सोरेन का पक्ष रखेंगी। फिलहाल यह मामला सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई के लिए सूचीबद्ध नहीं हुआ है। (शेष 11 पर)



### हाईकोर्ट में फैसला सुरक्षित

हेमंत सोरेन ने अपनी गिरफ्तारी के बाद झारखंड उच्च न्यायालय में रिट दाखिल की थी, जिस पर 28 फरवरी को एक्टिंग चीफ जस्टिस एस चंद्रशेखर और जस्टिस नवनीत कुमार की बेंच ने सुनवाई पूरी करने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया था। इस पर कोई फैसला नहीं आया है।

### सुप्रीम कोर्ट में एसएलपी दाखिल

अब सुप्रीम कोर्ट में दाखिल एसएलपी में हेमंत सोरेन की ओर से गुहार लगाई गई है कि फैसला नहीं आने से वह लोकसभा चुनाव के प्रचार में भाग नहीं ले पा रहे हैं। उन्होंने सुप्रीम कोर्ट से अंतरिम जमानत की भी मांग की है। हेमंत सोरेन को 31 जनवरी को ईडी ने जमीन घोटाले में करीब आठ घंटे की पूछताछ के बाद गिरफ्तार कर लिया था।

# रांची में बर्ड फ्लू की पुष्टि, प्रशासन अलर्ट

- आरआरटी गठित, प्रभावित क्षेत्र में खरीद-बिक्री, परिवहन पर रोक

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** राजधानी रांची बर्ड फ्लू की पुष्टि के बाद एहतियात के तौर पर जिला प्रशासन ने संक्रमित क्षेत्र के 01 किमी की परिधि में कुक्कुट /कुक्कुट उत्पाद, अंडा की खरीद-बिक्री एवं परिवहन पर रोक लगा दी है, जो अगले आदेश तक जारी रहेगी। बर्ड फ्लू की पुष्टि के बाद जिला प्रशासन द्वारा एक्शन प्लान के तहत रैपिड रिस्पोंस टीम (आरआरटी) का गठन किया गया है।

#### जांच में हुई पुष्टि

क्षेत्रीय कुक्कुट प्रक्षेत्र, होटवार, रांची के कुक्कुटों (मुर्गा-मुर्गी) की जांच के



नमूनों में एच5एन1 एवियन इन्फ्लुएंजा की पुष्टि हुई है। इसकी जांच आइसीएआर-एनआइएचएसएडी भोपाल में की गयी। उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी, रांची राहुल कुमार सिन्हा द्वारा इस संबंध में आदेश जारी कर रैपिड रिस्पांस टीम का गठन किया गया, जो हर जगह जाकर जांच करेगी। वहीं, संक्रमित क्षेत्र के एक किमी की परिधि में कुक्कुट/ कुक्कुट उत्पाद, अण्डा की खरीद -बिक्री एवं परिवहन पर रोक लगायी गयी है। इनके परिवहन पर अगले आदेश तक रोक रहेगी। प्रत्येक टीम में पशु चिकित्सा पदाधिकारियों एवं कर्मियों की प्रतिनियुक्ति की गयी है। प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों एवं कर्मियों को जिला पशुपालन पदाधिकारी एवं सहायक निदेशक, कुक्कुट, क्षेत्रीय कुक्कुट प्रक्षेत्र, होटवार रांची से समन्वय स्थापित करते हुए कार्य करने का निर्देश दिया गया है। (शेष 11 पर)

## हाइकोर्ट ने बीसीसीएल से दो सप्ताह में मांगा जवाब, पूछा

# अवैध खनन रोकने के कौन-कौन कदम उठाये

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** झारखंड हाइकोर्ट ने बीसीसीएल प्रबंधन को यह बताने को कहा है कि बंद पड़ी खदानों से अवैध खनन रोकने के लिए क्या इंतजाम किये गये हैं। जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद और जस्टिस एके राय की अदालत ने दो सप्ताह में बीसीसीएल को जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। विजय झा की जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए अदालत ने बीसीसीएल प्रबंधन से पूछा कि बंद खदानों से अवैध खनन क्यों हो रहा है। अवैध खनन के दौरान लोगों की जान चली जा रही है। इसके रोकथाम के लिए क्या कदम उठाये जा रहे हैं। प्रार्थी की ओर से अदालत को बताया गया कि वर्ष 2022 में बीसीसीएल के धनबाद में एक ही दिन में 23 लोगों की मौत अवैध खनन के दौरान हुई थी। ऐसी दुर्घटना में मृत लोगों के परिजन समूह बनाकर शव को लेकर भाग जाते हैं। मामले को लेकर न तो प्राथमिकी दर्ज होती है और न ही अवैध खनन में मृत लोगों के परिजनों को मुआवजा मिलता है। राज्य की पुलिस इसकी जिम्मेवारी सीआइएसएफ की बताती है, जबकि सीआइएसएफ की ओर से राज्य सरकार का अधिकार क्षेत्र बताया जाता है।

### अमिताभ बच्चन को लता दीनानाथ मंगेशकर पुरस्कार

**मुंबई।** अमिताभ बच्चन को बुधवार को लता दीनानाथ मंगेशकर पुरस्कार से सम्मानित किया गया। पुरस्कार से नवाजे जाने के बाद मेगास्टार ने कहा कि वह भाग्यशाली हैं कि उन्हें लता मंगेशकर की याद में यह पुरस्कार मिला, जिनकी आवाज ऑडियंस को एक अलग एक्सपीरियंस देती है। इस पुरस्कार से मैं खुद को भाग्यशाली मानता हूं। मैंने कभी भी खुद को इस तरह के पुरस्कार के योग्य नहीं माना, लेकिन हृदयनाथ जी ने बहुत कोशिश की ताकि मैं यहां आ सकूं।

# खुद अपनी राह बनाता है झारखंडी : कल्पना सोरेन

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन ने कहा कि कोई भी विपत्ति आये, झारखंडी अपनी राह खुद बनाता है। उस राह पर चलकर अपनी मंजिल को भी पाता है, क्यूंकि झारखंडियों ने कभी झुकना सीखा नहीं है। अब झारखंड पीछे मुड़कर नहीं देखेगा, आगे बढ़ने का यह जो कारवां शुरू हुआ है, वह बढ़ता ही जायेगा। विदेश में रहकर पढ़ाई पूरी करने वाले छात्र संजय को बधाई देते



देते हुए कल्पना ने ये बातें कही। मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा ओवरसीज स्कॉलरशिप के तहत विदेश में अपनी पढ़ाई पूरी करने के लिए बधाई संजय। सोशल मीडिया पर जारी ट्विट में कल्पना ने फिर लिखा कि मुझे विश्वास है आप और आपकी तरह मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा ओवरसीज स्कॉलरशिप के तहत शिक्षा लेने वाले अन्य युवा भी कई और युवाओं को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करते रहेंगे। उन्होंने कहा कि जब भी हेमंतजी से जेल में अगली मुलाकात होगी, आपकी उपलब्धि के बारे में उन्हें बताऊंगी। वे आपकी इस उपलब्धि पर बहुत खुश होंगे। मुझे वह कहते थे कि झारखंड से 50 से अधिक आदिवासी, दलित, पिछड़ा और अल्पसंख्यक समाज के युवा विदेश में सौ फीसदी सरकारी खर्चे पर पढ़ाई के लिए जा चुके हैं।

## सैम पित्रोदा के बयान को ले कर कांग्रेस पर भड़के मोदी, कहा

# कांग्रेस का मंत्र है : लूट जिंदगी के साथ भी और बाद भी

एजेंसी

**अंबिकापुर।** पीएम मोदी ने कहा कि आप जो अपनी मेहनत से संपत्ति जुटाते हैं, वो आपके बच्चों को नहीं मिलेगी। कांग्रेस का पंजा वो भी आपसे लूट लेगा। कांग्रेस का मंत्र है- कांग्रेस की लूट जिंदगी के साथ भी और जिंदगी के बाद भी। पीएम मोदी ने इंडिया ओवरसीज कांग्रेस के अध्यक्ष सैम पित्रोदा के बयान पर पलटवार कर रहे थे। श्री पित्रोदा ने संपत्ति वितरण को लेकर एक विवादित बयान दिया है। कांग्रेस नेता ने कहा था अमेरिका में विरासत कर (टैक्स) लगता है। अगर किसी के पास 10 करोड डॉलर की संपत्ति है और जब वह मर जाता है तो वह केवल 45 फीसदी अपने बच्चों को ट्रांसफर कर सकता है, शेष संपत्ति सरकार की हो जाती है। (शेष 11 पर)




### आपके बच्चों की संपत्ति पर कांग्रेस की नजर

पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस की नजर अब आपके भावी पीढ़ी पर टिक गयी है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की नजर आपके मकान, दुकान, खेत और आपके बच्चों की भी संपत्ति पर गड़ी है। बच्चों की संपत्ति भी लूटना चाहती हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की लूट जिंदगी के साथ और जिंदगी के बाद भी रहेगी। वह बुधवार को छत्तीसगढ के सरगुजा सम्भाग के सूरजपुर जिले के जम्हूरी मैदान में महारैली को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में सीएम विष्णुदेव साय, सरगुजा लोकसभा प्रत्याशी चिंतामणि महाराज, मंत्री रामविचार नेताम, लक्ष्मी राजवाड़े, विधायक रेणुका सिंह समेत भाजपा के कई बड़े नेता शामिल हैं।

### कांग्रेस के इरादे काफी घातक

श्री मोदी ने कहा कि कांग्रेस हिंसा फैलाने वालों का समर्थन कर रही है। हिंसा फैलाने वालों को शहीद बता रही है। उन्होंने बिना किसी का नाम लिए कहा कि कांग्रेस की सबसे बड़ी नेता, आतंकवादियों के मारे जाने पर आंसू बहाती हैं। कांग्रेस की ऐसी ही करतूतों के कारण वह देश का भरोसा खो चुकी है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी के खतरनाक इरादे एक के बाद एक खुलकर सामने आ रहे हैं।

### देश को तबाह करना चाहता है विपक्ष

एमपी के बैतूल में पीएम मोदी ने कहा, कई मीडिया रिपोर्ट्स में आया है कि इंडिया गठबंधन ने वन ईयर वन पीएम का फॉमूर्ला बनाया है। एक साल एक पीएम, दूसरे साल, दूसरा पीएम। एक कुर्सी पर बैठेगा तो चार लोग कुर्सी की टांग पकड़ के बैठ जायेंगे और इंतजार करेंगे कि इनका साल पूरा कब होगा। सुनने में लगता है कि ये मुंगेरीलाल के हसीन सपने होंगे, लेकिन ये देश को तबाह करने वाला खेल है। ये आपके सपनों को चकनाचूर करने वाला खेल है।

### बेटे ने मां-बाप को उतारा मौत के घाट

**गुमला।** चैनपुर थाना के लॉरंबा गांव में कलयुगी पुत्र ने अपने ही माता-पिता की लाठी से पीट कर बुधवार को हत्या कर दी। पुलिस ने आरोपित अर्पण को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। आरोपित अर्पण की मानसिक स्थिति खराब बताई जा रही है। इस दोहरे हत्याकांड की जानकारी संध्या 6 बजे लोगों को मिली। पुत्र अर्पण मिंज (25) ने पिता जेवियर मिंज एवं माता द्रोथिया मिंज की कुल्हाड़ी से काटकर हत्या कर दी। हत्या के बाद अर्पण मिंज ने घर के एक कमरे में अपने आप को बंद कर लिया। बड़े भाई वाल्टर मिंज ने घर के आंगन में अपने माता-पिता के शव को देखकर भौचक्का रह गया। इसके बाद वह अपने घर में अपने भाई को ढूंढने लगा।

## सभी जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी एवं जिला पोस्टल बैलेट नोडल पदाधिकारियों को निर्देश

# आवश्यक सेवाओं से जुड़े मतदाताओं के लिए सुगम मतदान सुनिश्चित कराएं : के रवि कुमार

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** निर्वाचन कार्य से जुड़े और वैसे मतदाता, जो आवश्यक सेवा जैसे रेलवे, स्वास्थ्य, मीडिया, अग्निशमन आदि में कार्यरत हैं और वे मतदान के दिन अपने कर्तव्य पर रहने के कारण मतदान केंद्र नहीं जा सकते, उन सभी मतदाताओं का फॉर्म 12-डी भरवाकर आवेदन ले लें। साथ ही उनका पोस्टल बैलेट से मतदान सुनिचित कराएं। एक भी मतदाता, जो अपने मताधिकार का प्रयोग करना चाहते हों, वह अपने मतदान के अधिकार से वंचित न हों। उक्त निर्देश मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने निर्वाचन सदन से सभी जिलों के जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी एवं जिला पोस्टल बैलेट नोडल अधिकारियों को दिया है।

### सभी आवश्यक तैयारियां ससमय कर लें पूरी



मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि सभी जिलों के पोस्टल बैलेट कोषांग के पदाधिकारी अपने जिले की आवश्यक सेवाओं से जुड़े एवं मतदान कार्य में कार्यरत मतदाताओं से पोस्टल बैलेट से मतदान के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा उनके लिए जरूरी फॉर्म भरवाकर आवेदन ले लें अथवा वे स्वयं मतदान केंद्र पर जाकर मतदान करने के लिए इच्छुक हैं, वैसी स्थिति में उनके संस्थान की प्रतिक्रिया लेते हुए निर्वाचन आयोग द्वारा दिये गए प्रारूप में प्रतिवेदन समर्पित करें। रेलवे के सभी संबंधित पदाधिकारियों से निकट समन्वयन स्थापित कर सभी रेलकर्मियों, वेंडरों, कुलियों सहित अन्य लोगों को भी मताधिकार के प्रयोग के लिए जागरूक करें। उनके सुगम मतदान के लिए आवश्यक प्रयास करें। किसी भी स्तर पर इस मामले में असहयोग की संभावना हो तो बताएं। इसी प्रकार से 80 वर्ष से अधिक आयु के वैसे वरिष्ठ नागरिक अथवा दिव्यांग मतदाता, जो मतदान केंद्र तक आने-जाने में अक्षम हों, उनके पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदान के लिए सभी आवश्यक तैयारियां ससमय पूरी कर लें।

## वन क्षेत्र स्थित मतदान केंद्रों के आसपास वनरक्षी पूरी सतर्कता बरतें: के रवि कुमार

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने कहा कि वन प्रमंडल पदाधिकारी अपने-अपने क्षेत्रों में चिह्नित वन क्षेत्र के मतदान केंद्रों के आस-पास मतदान दिवस के दिन मानव एवं वन्यजीव टकराव को रोकने का भरसक प्रयास करें। संबंधित मतदान केंद्र के आसपास के निवासियों को भी सचेत करें। मतदाता सुगमता से मताधिकार का प्रयोग कर सकें। समय रहते स्थिति का आकलन कर संबंधित जिला निर्वाचन पदाधिकारी से समन्वय स्थापित करते हुए जरूरी कार्रवाई सुनिश्चित करें।



### मादक पदार्थों, शराब की आवाजाही पर रोक लगायें

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने निर्देश दिया कि स्थानीय पुलिस प्रशासन के साथ बेहतर ताल-मेल के साथ वन क्षेत्रों में मादक पदार्थों, शराब इत्यादि की आवाजाही पर रोक लगाएं एवं दोषियों पर कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित करें। इस अवसर पर अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी संदीप सिंह एवं डॉ. नेहा अरोड़ा, अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक एनके सिंह, मुख्य वन संरक्षक वन्यप्राणी एसआर नटेश, सहायक मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी देवदास दत्ता, सिस्टम एनालिस्ट सैयद नासिर जमील सहित निर्वाचन कार्यालय के पदाधिकारी एवं राज्य के सभी जिलों के वन प्रमंडल पदाधिकारी मौजूद थे।

### सरकार ने शपथ पत्र दायर कर जानकारी दी

## देवघर एम्स में बिजली, पानी समेत मूल सुविधाएं उपलब्ध

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** देवघर एम्स में बिजली, पानी समेत प्रायः सभी मौलिक सुविधाएं उपलब्ध करा दी गयीं हैं। जो शेष हैं, वह सुविधाएं भी जल्द उपलब्ध करा दी जाएंगी। फायर फाइटिंग की तत्कालीक सुविधा प्रदान की गयी है। एम्स कर्मियों के बच्चों के लिए सेंट्रल स्कूल खोलने के लिए जगह चिन्हित कर ली गयी है। जल्द सेंट्रल स्कूल भी खोल दिया जायेगा। झारखंड सरकार ने बुधवार को हाईकोर्ट को शपथपत्र के माध्यम से यह जानकारी दी। इस पर अदालत ने एम्स देवघर को अपना प्रतिउत्तर दाखिल करने का निर्देश दिया है। मामले की अगली सुनवाई दो मई को होगी। देवघर एम्स में मौलिक सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए सांसद निशिकांत दुबे ने जनहित याचिका दायर की है।

**24 माह में देवघर आएगी हाईड्रोलिक मशीन :** पूर्व में सुनवाई के दौरान सरकार की ओर से बताया गया था कि देवघर एम्स में फायर फाइटिंग के लिए फिनलैंड से दो हाइड्रोलिक मशीन आयेंगी,



जो 24 तल्ला से ऊंचे भवनों के आग बुझाने में सक्षम रहेगी। फ्रिनलैंड से यह हाईड्रोलिक मशीन 24 माह में देवघर एम्स आएगी। मशीन की लागत 26.85 करोड़ है। इसके लिए टेंडर निकाल दिया गया है।

**क्या है मामला :** सांसद निशिकांत दुबे ने देवघर एम्स में सुविधाओं को लेकर कई बिंदु उठाए हैं। इसमें देवघर एम्स के लिए पावर सबस्टेशन, देवीपुर मल्टी विलेज स्कीम के तहत देवघर एम्स को पानी देने की बजाय पुनासी डैम से जोड़कर जलापूर्ति करने, फायर फाइटिंग के लिए समुचित व्यवस्था करने का आग्रह किया है, ताकि देवघर एम्स के बहु मंजिले भवन की आग बुझायी जा सके।

## सरकारी कर्मियों का वेतन भुगतान पेपरलेस


### प्रोजेक्ट भवन कोषागार से पायलट प्रोजेक्ट के तहत होगी शुरुआत

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** राज्य सरकार के कर्मियों का वेतन भुगतान पेपरलेस माध्यम से किया जायेगा। सरकार ने इसकी मंजूरी दे दी है। इसके अलावा केंद्र प्रायोजित योजनाओं की राशि का भुगतान भी पेपरलेस होगा। सरकार ने वित्त वर्ष 2022-23 के बजट अभिभाषण में डिजिटल तकनीक का प्रयोग करते हुए सरकार के सभी कर्मियों को पेपरलेस माध्यम से वेतन भुगतान करने की घोषणा की गयी। इसके बाद झारखंड सरकार ने उड़ीसा, राजस्थान एवं बिहार जैसे राज्यों में अपनायी जा रही प्रक्रिया का अध्ययन कर राज्य में वेतन भुगतान में अपनायी जा रही वर्तमान प्रक्रिया एवं प्रस्तावित प्रक्रिया का कांसेप्ट नोट तैयार किया गया। वर्तमान एवं प्रस्तावित प्रारूप का अध्ययन कराने के बाद नयी प्रक्रिया अपनाने का फैसला लिया गया है। फिलहाल प्रोजेक्ट भवन कोषागार से भुगतान होने वाले वेतन विपत्रों एवं केंद्र प्रायोजित योजनाओं का भुगतान पायलट प्रोजेक्ट के तहत शुरू किया जायेगा। इस माध्यम से पेमेंट होने से कर्मियों का सारा डाटा सुरक्षित रहेगा।

बताते चलें कि पेपरलेस प्रक्रिया के लिए आवश्यक हार्डवेयर व सॉफ्टवेयर खरीद के लिए 12 करोड़ से अधिक की राशि की व्यवस्था की गयी है। इस संबंध में वित्त विभाग ने संकल्प भी जारी कर दिया है। पायलट चरण छह माह तक किया जायेगा। नयी व्यवस्था के सफल होने पर इसे पूरे राज्य में लागू किया जायेगा। अब डीडीओ लेबल बिल मैनेजमेंट सिस्टम लॉगिन का विपत्र की जांच ई-साइन, डिजीटल साइन करेंगे। इसके बाद डीडीओ द्वारा ई-बिल कोषागार कार्यालय को ऑनलाइन दिया जायेगा। कोषागार लिपिक आधार बेस्ड प्रक्रिया पूरी कर ऑनलाइन ही कोषागार पदाधिकारी को प्रेषित करेंगे। ई-बिल वेरिफाइ होने के बाद कोषागार द्वारा बैंक सर्वर को भेज दिया जायेगा। ऑनलाइन महालेखाकार को भी बिल प्रेषित किया जायेगा। सारी प्रक्रिया पूरी करने के बाद पेपरलेस वेतन भुगतान किया जायेगा।


## 545 सार्जेंट मेजर व इंस्पेक्टर की जारी की गयी वरीयता सूची



**रांची।** झारखंड पुलिस मुख्यालय ने 545 सार्जेंट मेजर और इंस्पेक्टर का वरीयता सूची जारी कर दी गयी है। डीजीपी ऑफिस से जारी आदेश में कहा गया है कि किसी सार्जेंट मेजर और इंस्पेक्टर को वरीयता सूची को लेकर अगर कोई आपत्ति है तो 15 दिनों के अंदर अपनी आपत्ति दर्ज करा सकते हैं। साथ ही कहा गया है कि वरीयता सूची में अंकित सूचना का मिलान संबंधित पदाधिकारी के सर्विस बुक और अन्य दस्तावेज से कर लिया जाये। यदि इसमें किसी प्रकार की गलती हो तो इसकी भी जानकारी उपलब्ध कराये। जारी आदेश में लिखा गया है कि यदि किसी सार्जेंट मेजर और इंस्पेक्टर का वरीयता सूची में नाम छूट गया है या प्रकाशित वरीयता सूची के अनुसार पदस्थापित नहीं हो तो ऐसे पदाधिकारी के संबंध में सूचना अलग से उपलब्ध करायी जाये।

## कांग्रेस की लोकसभा प्रत्याशी यशस्विनी सहाय ने चुनाव को लेकर बनाई रणनीति

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** राजधानी की लोकसभा प्रत्याशी सह अधिवक्ता यशस्विनी सहाय ने बुधवार को विभिन्न कॉलेजों के छात्रों, भारत जोड़ो अभियान के विधानसभा प्रभारी, वाम दलों के नेता और सामाजिक कार्यकर्ताओं के साथ रांची प्रेस क्लब में एक बैठक की। जिसमें संविधान को बचाने, लोकतंत्र की रक्षा करने और जंगलों को बचाने के लिए इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार को भारी बहुमत से जिताने का निर्णय लिया गया। हेमा मुण्डा एवं अमन तिर्की ने यशस्विनी सहाय का स्वागत किया। मौके पर डॉ वासवी किड़ो ने कहा कि इंडिया गठबंधन की उम्मीदवार न केवल महिला अधिकार व मानवाधिकार की वकालत करती है बल्कि अपनी सुख सुविधा छोड़कर मुम्बई के स्लम इलाके में गरीब लोगों को न्याय दिलाने का काम भी करती आयी हैं। बैठक में कांग्रेस के गांरटी कार्ड को लेकर प्रचार-प्रसार की रणनीति बनाई गई। आदिवासी घोषणापत्र पर चर्चा की गई। इंडिया गठबंधन के घोषणापत्र पर विचार विमर्श किया गया। बैठक में निर्णय लिया गया कि देश में गरीबों को फ्री बिजली और किसान नारी युवा श्रमिक न्याय दिया जाएगा और साथ ही मनरेगा में 400 रुपए की मजदूरी देने की बात कही गई। इसके अलावा कहा गया कि एक लाख वेतन वाली पहली नौकरी युवाओं को दी जायेगी। इन्हीं बातों को जन-जन तक पहुंचाने का काम किया जा रहा है। कार्यक्रम में आंदोलनकारी, मानवाधिकार कार्यकर्ता, महिला अधिकार कार्यकर्ता, बुद्धिजीवी, छात्र और सामाजिक संगठनों के लोग थे।

### खूंटी की झापा उम्मीदवार अपर्णा हंस ने बीजेपी-कांग्रेस पर साधा निशाना

## आदिवासी को वोट बैंक बनाकर रखा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**खूंटी।** झारखंड की सबसे हॉट सीट की लिस्ट में खूंटी लोकसभा सीट भी शामिल है। खूंटी में बीजेपी से केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा दोबारा प्रत्याशी बनाए गए हैं, वहीं कांग्रेस ने भी दोबारा कालीचरण को मौका दिया है, जबकि झापा (एनोस) ने अपर्णा हंस को उम्मीदवार बनाया है। अपर्णा झारखंड पार्टी की केंद्रीय उपाध्यक्ष भी हैं और हॉकी टीम की सदस्य भी हैं।

**जल-जंगल-जमीन के मुद्दे पर झापा लड़ेगी चुनाव :** अपर्णा हंस ने कहा कि भाजपा हो या कांग्रेस दोनों ने ही खूंटी में राजनीति की है। उन्होंने कहा कि झारखंड पार्टी जल-जंगल-जमीन और शिक्षा के साथ रोजगार के मुद्दों पर चुनाव लड़ेगी। अपर्णा हंस का दावा है कि यहां के आदिवासियों को ठग कर उन्हें सिर्फ वोट बैंक की तरह इस्तेमाल किया गया है। उनके लिए कुछ नहीं किया गया है।

**खूंटी में त्रिकोणीय मुकाबले के आसार :** आदिवासी बहुल खूंटी लोकसभा सीट पर भाजपा और कांग्रेस में सीधा मुकाबला होगा, लेकिन झापा की एंट्री से त्रिकोणीय मुकाबला से इंकार नहीं किया जा सकता, क्योंकि खूंटी लोकसभा सीट से 2014 में बीजेपी के करिया मुंडा ने चुनाव जीता था। उन्होंने झारखंड पार्टी के एनोस एक्का को हराया था। करिया मुंडा को 2.69 लाख और एनोस एक्का को 1.76 लाख वोट मिले थे, जबकि तीसरे नंबर पर रहे कांग्रेस के कालीचरण मुंडा को 1.47 लाख वोटों से संतोष करना पड़ा था।

**2014 के चुनाव परिणाम से उत्साहित झापा ने खूंटी में उतारा प्रत्याशी :** इससे पहले साल 2014 के लोकसभा चुनाव में झारखंड की खूंटी लोकसभा सीट पर 64.19 फीसदी वोटिंग हुई थी। 2014 के चुनावी परिणाम के बल पर झारखंड पार्टी ने खूंटी से एक क्रिश्चियन को अपना उम्मीदवार बनाया है।

### झारखंड थोक शराब टेंडर मामला

## सीबीआई जांच से संबंधित पीआइएल के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड में थोक शराब के लिए जारी टेंडर में गड़बड़ी की जांच को लेकर दाखिल जनहित याचिका के खिलाफ राज्य सरकार ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। इसको लेकर राज्य सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में एसएलपी दाखिल की है। एसएलपी में सरकार ने कहा है कि थोक शराब के लिए जारी टेंडर से जुड़ी जनहित याचिका सुनवाई योग्य नहीं है यानी सरकार ने जनहित याचिका की मेंटिबिलिटी को ही चुनौती दी है। याचिका में यह भी कहा गया है कि झारखंड हाईकोर्ट के पीआईएल रूल्स का भी पालन नहीं किया गया है। यह मामला सुप्रीम कोर्ट में 26 अप्रैल को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध हो सकता है।


**अधिवक्ता राजीव कुमार ने दायर की थी जनहित याचिका :** दरअसल थोक शराब के लिए जारी टेंडर में गड़बड़ी की जांच को लेकर अधिवक्ता राजीव कुमार ने जनहित याचिका दायर की थी। पूर्व में हुई सुनवाई में अदालत ने राजीव कुमार का नाम इस केस से हटा दिया और स्वतः संज्ञान लेकर मामले की सुनवाई कर रहा है।

### झारखंड मुक्ति मोर्चा के बयान पर भाजपा का कटाक्ष

## देश में इमरजेंसी लगाने वाली कांग्रेस के साथ सत्ता भोग रही झामुमो को तानाशाही याद आयी : प्रतुल

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने बुधवार को झामुमो की प्रेस वार्ता पर पलटवार करते हुए कहा कि देश में इमरजेंसी के जरिए तानाशाही लागू करने वाली कांग्रेस के साथ सत्ता भोग रही झामुमो को आज वर्तमान सरकार में तानाशाही दिख रही है। प्रतुल ने कहा इमरजेंसी देश का सबसे काला अध्याय था जब सभी संवैधानिक अधिकारों को सस्पेंड कर दिया गया था। लोगों को मीसा कानून के तहत बिना बेल के जेल में वर्षों तक रखा गया था। इसी काले कानून की याद में होकर लालू प्रसाद ने अपनी बेटी का नाम मीसा रखा था। आज वह भी इस इंडी गठबंधन में है। प्रतुल ने कहा यह इमरजेंसी का ही दौर था जब राज्य और न्यायालयों की शक्तियों को संविधान में संशोधन करके छीनने का प्रयास किया गया था। इसी इमरजेंसी के दौर में सर्वोच्च न्यायालय के तीन वरीय न्यायाधीशों को सुपर सीड करके चौथे को मुख्य न्यायाधीश बना दिया गया था। कहा झारखंड मुक्ति मोर्चा इमरजेंसी के नसबंदी के भी दौर को कैसे भूल सकती है जब कांग्रेस ने तानाशाही का क्रूरतम चेहरा दिखाया था। प्रतुल ने कहा कि आज कम से कम झारखंड मुक्ति मोर्चा ने स्वीकार किया कि कांग्रेस पार्टी तानाशाह प्रवृति की है।



प्रतुल शाहदेव ने कहा कि झामुमो आज क्षत्रिय समाज के लिए घड़ियाली आंसू बहा रही है।

### 1967 में अस्तित्व में आयी खूंटी लोस सीट, कड़िया मुंडा खूंटी संसदीय सीट से आठ बार सांसद बने

# भाजपा का मजबूत गढ़ रहा है खूंटी संसदीय क्षेत्र

**चुनाव विश्लेषण खूंटी लोकसभा क्षेत्र...**

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** राज्य की आदिवासी बहुल खूंटी लोकसभा सीट भाजपा का मजबूत गढ़ रहा है। खूंटी लोकसभा सीट में 1967 में अस्तित्व में आया था। इसके बाद से अब तक सीट पर 14 लोकसभा चुनाव हुए हैं, इसमें सबसे अधिक आठ बार भाजपा ने जीत दर्ज की है। इसमें अकेले कड़िया मुंडा सात बार भाजपा के टिकट पर चुन कर संसद पहुंचे हैं। कड़िया मुंडा आठ बार खूंटी से सांसद बने, वर्ष 1977 में वे भारतीय लोकदल के टिकट पर चुनाव जीते थे। वर्तमान में केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा यहां से सांसद हैं।

भाजपा के अलावा 1967 से अब तक तीन बार कांग्रेस खूंटी सीट जीतने में सफल रही है। वर्ष 1989 से 2019 तक हुए चुनाव में मात्र एक बार वर्ष 2004 में कांग्रेस यहां से जीत दर्ज कर सकी है। पिछले नौ लोकसभा चुनाव में कांग्रेस यहां से मात्र एक चुनाव जीत सकी है। पिछले 30 वर्ष में वर्ष 2004 से 2009 का कार्यकाल छोड़ दिया जाये तो यहां भाजपा के ही सांसद रहे हैं। खूंटी लोकसभा सीट के गठन के बाद हुए पहले चुनाव में वर्ष 1967 में कांग्रेस के टिकट पर जयपाल सिंह मुंडा ने जीत दर्ज की थी। 1971 में निर्दलीय उम्मीदवार निरेल इनेम होरो ने जीत दर्ज की। 1971 में भारतीय जनसंघ के टिकट पर पहली बार कड़िया मुंडा चुनाव मैदान में उतरे थे। वहीं, कड़िया मुंडा मुंडा दूसरे स्थान पर रहे थे। इसके बाद 1977 में कड़िया मुंडा भारतीय लोकदल के टिकट पर सांसद चुने गये। झारखंड पार्टी के उम्मीदवार दूसरे स्थान पर रहे। 1977 में भारतीय लोक दल के उम्मीदवार की 48.3 फीसदी व झारखंड पार्टी के उम्मीदवार को 30 फीसदी वोट मिला था। वर्ष 1980 में फिर निरेल इनेम होरो ने जीत दर्ज की। वर्ष 1984 में कांग्रेस के सिमोन तिग्गा सांसद बने थे। 1984 में मिली हार के बाद कड़िया मुंडा ने अगले पांच लोकसभा चुनाव में लगातार जीत दर्ज की। इसके बाद 1989 से 1999 के बीच हुए पांच चुनाव में वे सांसद चुने गये। वर्ष 2000 में राज्य गठन के बाद वर्ष 2004 में हुए लोकसभा चुनाव में उन्हें हार का सामना करना पड़ा था। इसके बाद वर्ष 2009 व 2014 में हुए चुनाव में उन्होंने फिर जीत दर्ज की। इस दौरान 1989 से लेकर 2019 तक मात्र 2004 में भाजपा यह सीट नहीं जीत सकी है। खूंटी से इस बार भी कांग्रेस के प्रतयाशी कालीचरण मुंडा है।

### क्षेत्र में पलायन व बेरोजगारी रही है बड़ी समस्या

खूंटी लोकसभा क्षेत्र अपने आप में विशेष महत्व रखता है। भगवान बिरसा मुंडा के जन्मस्थली होने के कारण खूंटी लोकसभा क्षेत्र राजनीतिक परिदृश्य में खास है। खूंटी लोकसभा क्षेत्र भगवान बिरसा मुंडा को लेकर काफी चर्चा में भी रहता है। खूंटी लोकसभा क्षेत्र में बेरोजगारी और पलायन बहुत बड़ी समस्या है। बड़ी संख्या में यहां के मजदूर रोजगार की तलाश में दूसरे राज्य जाते है। दूसरे प्रदेश पलायन कर जाते हैं। क्षेत्र में किसी प्रकार का प्लांट, खनिज या फैक्ट्री मौजूद नहीं है। इस कारण अधिकांश जनसंख्या कृषि पर ही निर्भर रहती है। कृषि से जुड़ी लाह की फैक्ट्री भी काफी हुआ करती थी, लेकिन वर्तमान में उनकी स्थिति अच्छी नहीं है। नक्सलवाद जिले की बड़ी समस्या रही है। हालांकि अब स्थिति पहले जैसी नहीं रही। क्षेत्र से नक्सली माओवादी, उग्रवादी संगठन पीएलएफआइ सहित अन्य संगठन की पकड़ कमजोर हो चुकी है। नक्सलियों के बड़े नेता या तो मारे जा चुके हैं या पकड़े जा चुके हैं। भगवान बिरसा मुंडा के दर्शन को लेकर यहां राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तक आ चुके हैं। यह सीट अनुसूचित जनजाति के लिए रिजर्व है। यहां लंबे समय से भारतीय जनता पार्टी की पकड़ रही है। भाजपा से कड़िया मुंडा खूंटी से आठ बार तक सांसद रह चुके हैं। वर्तमान में भी भाजपा से अर्जुन मुंडा सांसद हैं। हरे-भरे जंगल, पहाड़, नदियों से आच्छादित खूंटी लोकसभा क्षेत्र आदिवासी बहुल है। इस क्षेत्र में हमेशा से जल, जंगल और जमीन का मुद्दा हावी रहा है।

### खूंटी सीट के अंतर्गत छह विधानसभा सीट

खूंटी लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत छह विधानसभा क्षेत्र हैं। इसमें खरसावां, तमाड़, तोरपा, खूंटी, सिमडेगा और कोलेबिरा शामिल हैं। इनमें से दो विधानसभा सीट पर भाजपा के विधायक हैं। खूंटी व तोरपा पर पिछले विधानसभा चुनाव में भाजपा ने जीत दर्ज की थी। खूंटी विधानसभा सीट पर 2000 से भाजपा ने लगातार जीत दर्ज की है। खूंटी से भाजपा के नीलकंठ सिंह मुंडा विधायक हैं। तोरपा में भाजपा के कोचे मुंडा विधायक हैं। सिमडेगा और कोलेबिरा में कांग्रेस की पकड़ है। सिमडेगा से कांग्रेस से भूषण बाड़ा और कोलेबिरा से कांग्रेस से ही विक्सल कोंगाड़ी विधायक हैं। वहीं खरसावां में झामुमो के दशरथ गगराई विधायक हैं। तमाड़ में झामुमो के विकास सिंह मुंडा विधायक हैं।

### खूंटी में मतदान


| | |
|---|---|
| 2019 | 2,21,146 खरसावां |
| 11,99,512 कुल वोटर | 2,15,101 तमाड़ |
| 8,30,426 वोट पड़े | 1,97,609 तोरपा |
| 68.36% वोट प्रतिशत | 2,23,658 खूंटी |
| जीते : अर्जुन मुंडा (भाजपा) कुल वोट : 3,82,638 वोट प्रतिशत : 46.00 | 4,52,164 सिमडेगा-कोलेबिरा |
| | थर्ड जेंडर : 06 |
| हारे : कालीचरण मुंडा (कांग्रेस) कुल वोट : 3,81,193 वोट प्रतिशत : 45.80 | महिला वोटर 6,66,584 |
| | पुरुष वोटर 6,43,088 |
| 2024 में वोटरों की संख्या | कुल 13,09,678। |

**मनोज कुमार सिन्हा (लेखक राजनीतिक विश्लेषक और साहित्यकार हैं)**

## संजय सेठ और सुदेश महतो के बीच लोस चुनाव पर हुई चर्चा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** रांची लोकसभा सीट से एनडीए प्रत्याशी संजय सेठ और आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो के बीच रांची लोकसभा क्षेत्र में एनडीए की जीत सुनिश्चित करने की राजनीति पर चर्चा हुई। यह बैठक आजसू पार्टी केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो के कांके रोड, रांची स्थित आवास में हुई। मौके पर सुदेश महतो ने कहा कि रांची में पिछले बार से बड़ी जीत हासिल करेगा एनडीए। हमारे गठबंधन पर जनता का विश्वास है। रांची समेत पूरे राज्य की 14 सीटों पर जनता अपना आशीर्वाद हमें अवश्य देगी। 400 पार के संकल्प को पूरा करने की दिशा में झारखंड अपना दायित्व निभाएगा। इस दौरान संजय सेठ ने कहा कि इस चुनाव में सुदेश महतो और आजसू पार्टी के सहयोग और समर्थन से रांची लोकसभा क्षेत्र में हम इतिहास रचेंगे।



## हाई कोर्ट ने जेपीएससी से पूछा- प्रार्थी को प्रमोशन क्यों नहीं मिला

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड हाइकोर्ट ने विभावि के कुलपति और रजिस्ट्रार को शो-कॉज का दवाब दाखिल करने का अंतिम मौक दिया है। हाइकोर्ट ने बुधवार को कहा है कि यदि जवाब दाखिल नहीं किया गया तो दोनों के खिलाफ सख्त आदेश दिया जा सकता है। साथ ही हाइकोर्ट ने जेपीएससी से भी यह बताने को कहा है कि प्रार्थी को अब तक प्रमोशन क्यों नहीं दिया गया है। दरअसल हजारीबाग स्थित मार्खम कॉलेज के प्रोफेसर डॉ. पवन कुमार सिंह ने प्रमोशन नहीं दिए जाने पर याचिका दायर की है। विभावि की ओर से अदालत को बताया गया कि प्रार्थी के दस्तावेज जेपीएससी को भेजा गया है, जबकि जेपीएससी ने कहा कि अभी तक उसे दस्तावेज नहीं मिले हैं। कोर्ट ने कुलपति और रजिस्ट्रार से पूछा कि प्रार्थी के पक्ष में जेपीएससी से सहमति मिलने के बाद भी अदालत के समक्ष तथ्य छिपाया क्यों गया।




**घाटशिला में रन फॉर वोट में दौड़े ग्रामीण एसपी ऋषभ गर्ग :** पुलिस अधीक्षक ग्रामीण ने बुधवार को घाटशिला थाना अंतर्गत मतदाताओं में जागरूकता फैलाने के लिए थाने में पदस्थापित जवानों एवं अफसरों के साथ दौड़ लगायी। जिसके तहत लोगों से अपील की गयी कि वे 25 मई को होने वाले मतदान में बढ़-चढ़ कर हिस्सेदारी करें एवं स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव में भी अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें।

# आज से अमल संघ मैदान में होगा ब्रह्मर्षि विकास मंच का दो दिवसीय सामूहिक उपनयन संस्कार समारोह

- बरुओं के स्वागत के लिए सज-धज कर तैयार हुआ अमल संघ मैदान, सिदगोड़ा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** ब्रह्मर्षि विकास मंच, जमशेदपुर प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी सामूहिक उपनयन संस्कार आगामी 25 और 26 अप्रैल को अमल संघ मैदान सिद्गोड़ा में आयोजित किया जा रहा है। आयोजन स्थल पर मड़वा का मंडप के साथ साथ अन्य पंडाल को भी अंतिम रूप दिया जा रहा है। ज्ञात हो कि मंच द्वारा लगातार बार सफलता पूर्वक इस कार्यक्रम का आयोजन किया जा चुका है। सामूहिक उपनयन हुलासगंज, बिहार के सुप्रसिद्ध आचार्य डा रंगेश शर्मा एवं उनके सदस्यीय विद्वान आचार्य के द्वारा संपन्न कराया जाएगा। इस वर्ष कुल बटुकों का उपनयन मंच करा रहा है।



उपनयन का सारा खर्च कमिटी द्वारा वहन की जाएगी। बरूआ के परिवार को किसी भी प्रकार का कोई भी खर्च नहीं करना पड़ेगा। बरूआ के वस्त्र से लेकर पूजन सामग्री में उपयोग होने वाले सभी सामग्री, बरूआ के परिवार के सभी सदस्यों का ठहरने से लेकर नाश्ता एवं भोजन की व्यवस्था कमिटी के द्वारा की जायेगी। 25 अप्रैल को अपराह्न बजे मंडपाछादन, बजे से सत्यनारायण भगवान का पूजन एवं कलश स्थापना, बजे मटकोर, बजे हल्दी, संध्या बजे से संस्कार पर प्रवचन एवं रात्रि बजे से भतखई होगी। 26 अप्रैल को प्रातः 8 बजे से मुंडन एवं उपनयन, संध्या बजे से संस्कार पर प्रवचन एवं बजे से सम्मान समारोह एवं रात्रि भोज आयोजित किया जायेगा।

ब्रह्मर्षि विकास मंच के अध्यक्ष रामप्रकाश पांडेय और महासचिव योगेंद्र मौआर के मुताबिक सामूहिक उपनयन का मूल उद्देश्य समाज को धर्म एवं संस्कार से जोड़ना, फिजूलखर्ची एवं दिखावेपन को समाप्त करना एवं उस पैसे को शिक्षा एवं जरूरत के खर्च करने के लिए प्रेरित करना है।

## स्पीड न्यूज



### हरिनाम संकीर्तन में शामिल हुए ओमप्रकाश

**चांडिल।** प्रखंड के चिलगु में आयोजित श्री हरि नाम संकीर्तन के जागरण रात्रि में शामिल होकर क्षेत्र की सुख, शांति एवं समृद्धि को लेकर मत्था टेककर प्रार्थना किया। ओमप्रकाश ने कहा हरिनाम श्रवण करने से ज्ञान संस्कार ओर परिवार तथा समाज में शांति आती है।

### चलती ट्रेलर में लगी आग, पाया गया काबू

**गम्हरिया।** बुधवार की अहले सुबह करीब पांच बजे कांड्रा से चौका की ओर जा रही एक ट्रेलर के निचले हिस्से में अचानक आग लग गयी। गाड़ी के नीचे से धुआं उठते देख चालक द्वारा तत्काल वाहन को सड़क किनारे खड़ा कर उंक्तआग को बुझाने का प्रयास करने लगा।

### पेयजल समस्या को लेकर बीडीओ को ज्ञापन



**पटमदा।** पटमदा प्रखंड के सुदूरवर्ती जोड़सा गांव की दर्जनों महिलाओं ने बुधवार को पेयजल समस्या दूर करने के लिए भाजपा नेता विमल बैठा के नेतृत्व में बीडीओ के नाम प्रखंड कार्यालय में एक ज्ञापन सौंपा है। भाजपा नेता विमल बैठा ने बताया कि जोड़सा कुम्हार पाड़ा के 40 परिवार कुंआ का पानी पीते थे लेकिन कुंआ धस जाने के कारण पानी सूख गया है।

### मुखियाओं ने बीडीओ के खिलाफ खोला मोर्चा



**जमशेदपुर।** पोटका प्रखंड के 34 पंचायत के मुखिया बीडीओ अभय कुमार द्विवेदी के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। पोटका मुखिया संघ ने बुधवार को डीसी तथा एसडीओ को एक ज्ञापन देकर मांग किया है की पोटका बीडीओ का अविलंब स्थानांतरण करें ताकि एक ओर प्रखंड में विकास कार्य तीव्र गति से हो वहीं दूसरी ओर चुनाव कार्य भी शांति पूर्ण ढंग से संपन्न हो सके।

### खासमहल अस्पताल में दिव्यांग शिविर आज

**जमशेदपुर।** सदर अस्पताल खासमहल में 25 अप्रैल 2024 को दिव्यांग शिविर का आयोजन किया जा रहा है। सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक जो व्यक्ति अपना दिव्यांग प्रमाण पत्र नहीं बनवाए हैं या जिनका 5 साल से अधिक हो गया है वह अपना दिव्यांग प्रमाण पत्र बनवा ले या नवीकरण करवा लें।

### मायुमं अचीवर्स शाखा के अध्यक्ष बने अंशुल



**जमशेदपुर।** अंशुल रिंगसिया को मारवाड़ी युवा मंच टाटानगर अचीवर्स शाखा के निर्विरोध अध्यक्ष चुना गया है। अंशुल का कार्यकाल एक वर्ष का होगा। इसकी जानकारी चुनाव पदाधिकारी झारखंड प्रांतीय मारवाडी युवा मंच के कोषाध्यक्ष सुगम सरायवाला ने दी।

# जमशेदपुर में चुनाव 25 मई को विधानसभावार इवीएम आवंटित

- डीसी ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की मौजदूगी में किया ईवीएम का प्रथम रेंडमाइजेशन

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** लोकसभा चुनाव 2024 के मद्देनजर जिला निर्वाचन पदाधिकारी श्री अनन्य मित्तल द्वारा राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में ईवीएम का प्रथम रेंडमाइजेशन कलेक्ट्रेट सभागार में किया गया। रेंडमाइजेशन के बाद राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से चर्चा करते हुए आदर्श आचार संहिता के प्रावधानों, नमिनेशन, मतदाताओं द्वारा मतदाता सूची में नाम जुड़वाने की अंतिम तिथि को लेकर विस्तार से चर्चा की गयी।



रेंडमाइजेशन से पूर्व राजनीतिक दलों को रेंडमाइजेशन की प्रक्रिया समझायी गयी।

रेंडमाइजेशन में जिले के छह विधानसभा क्षेत्र 44-बहरागोड़ा, 45-घाटशिला, 46- पोटका, 47-जुगसलाई, 48-जमशेदपुर पूर्वी, 49-जमशेदपुर पश्चिमी को मतदान केंद्रों की संख्या अनुसार आरक्षित सहित बैलट यूनिट, कंट्रोल यूनिट, वीवीपैट का आवंटन किया गया। कुल 1887 मतदान केन्द्रों के लिए 2264 बीयू, 2264 सीयू एवं 2452 वीवीपैट आवंटित किए गए। अगला रैंडमाइजेशन 10 मई को किया जायेगा जिसमें बूथवार ईवीएम आवंटित किये जायेंगे। इस दौरान डीडीसी मनीष कुमार, एडीएम ल एंड आर्डर अनंत कुमार, एडीसी रोहित सिन्हा, निदेशक एनईपी अजय साव, एडीएम (एसओआर) महेन्द्र कुमार, उप निर्वाचन पदाधिकारी प्रियंका सिंह, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी पंचानन उरांव, डीआईओ किशोर प्रसाद सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

## एक नजर में

### लोको कॉलोनी पहाड़ी पूजा महोत्सव का जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी ने किया उद्घाटन



**जमशेदपुर।** लोको रीक्रिएशन क्लब के तत्वावधान में 70वें श्री श्री पहाड़ी पूजा महोत्सव का आज जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी ने उद्घाटन किया और पूजा अर्चना कर पहाड़ी माँ से क्षेत्र वासियों के सुख समृद्धि और खुशहाली की कामना की। मां पहाड़ी की पूजा 7 दीन तक की जायेगी। बता दें कि रेलवे लोको कलोनी में वर्ष 1954 से पहाड़ी पूजा का आयोजन होता आ रहा है। मौके पर विधायक मंगल कालिंदी ने कहा कि मां पहाड़ी की पूजा मोहोत्सव स्थानीय लोगों द्वारा हर वर्ष एक उत्सव के रूप में यहां पर काफी लगन से मनाया जाता है जिसके लिए कमेटी के सदस्य और स्थानीय लोग बधाई और आभार के पात्र हैं। विधायक ने और कहा कि हमें धार्मिक व सामाजिक कार्यों में बढ़चढ़ कर भाग लेना चाहिए। ऐसे कार्यक्रमों से जहां समाज में आपसी भाईचारे की भावना बढ़ती है वहीं सौहार्द भी कायम रहता है। मौके पर जिप अध्यक्ष बारी मूर्मू, जिप उपाध्यक्ष पंकज सिन्हा, जिप सदस्य पूर्णिमा मल्लिक, पूर्व जिप उपाध्यक्ष राजकुमार सिंह, किशोर यादव, माणिक मल्लिक, मुखिया काजल हांसदा, बबीता करुआ, एम गोपाल राव, मनोज कुमार शर्मा, हरीश कुमार, टी भास्कर राव, केशव रेड्डी, गणेश राव, रजत कुमार आदि थे।

### बाबू कुंवर सिंह का बलिदान देश कभी नहीं भूल सकेगा : अमरप्रीत सिंह काले



**जमशेदपुर।** बागबेड़ा स्थित मां भारती के वीर सपूत बाबू वीर कुंवर सिंह के स्मारक स्थल पर हरेक वर्ष की भांति इस वर्ष भी उनके विजयोत्सव दिवस पर झारखंड भाजपा के पूर्व प्रदेश प्रवक्ता अमरप्रीत सिंह काले ने माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किया। मौके पर स्थानीय कमेटी के सदस्यों सहित बड़ी संख्या में उपस्थित महिलाएं, युवाओं एवं बुजुर्गों ने श्रद्धांजलि अर्पित की। मौके पर अमरप्रीत सिंह काले ने कहा कि मातृभूमि की आजादी में जिस साहस, समर्पण से उन्होंने अंग्रेजों से लोहा लिया वह चिरकाल तक हमें राष्ट्रसेवा की प्रेरणा देता रहेगा। अंग्रेजी हुकूमत के विरुद्ध 80 साल की आयु में भी अदम्य साहस एवं शौर्य का प्रदर्शन करने वाले महान स्वाधीनता सेनानी, राष्ट्र गौरव, बाबू वीर कुंवर सिंह की वीरता एवं बलिदान का तज्ञ राष्ट्र सदैव ऋणी रहेगा। मौके पर जिला पार्षद डा कविता परमार, पूर्व पार्षद किशोर यादव, पंसस सुनील गुप्ता, मनोज सिंह, बागबेड़ा पंचायत सदस्य राजकुमार सिंह, उप मुखिया संतोष ठाकुर, बाबू कुंवर सिंह स्मारक समिति के अध्यक्ष सीएस.पी सिंह, संचालक मिथलेश कुमार, दिग्विजय सिंह, झरना देवी, जूगुन पांडे उपस्थित रहे।

## ब्रह्मानंद नारायणा हस्पिटल, जमशेदपुर में सीआरटी-डी इम्प्लांटेशन प्रक्रिया रही सफल

- हृदय की पंपिंग क्रिया में कमी के कारण मरीज को सांस लेने में हो रही थी कठिनाई

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** ब्रह्मानंद नारायणा हस्पिटल, तमोलिया में एक असाधारण चिकित्सा मामले में इंटरवेंशनल कार्डियोलजिस्ट ड. अखलाक अहमद ने 44 वर्षीय विनोद कुमार शर्मा (बदला हुआ नाम) का सफल अपरेशन किया, जो सांस लेने में कठिनाई से पीड़ित थे। मरीज को सांस लेने में तकलीफ की शिकायत के साथ हस्पिटल लाया गया था। हस्पिटल में कंसल्टेंट- इंटरवेंशनल कार्डियोलजिस्ट डॉ अखलाक अहमद ने मरीज की देखभाल की और हृदय की समस्याओं के आकलन के लिए एंजियोग्राम का सुझाव दिया। सांस लेने में तकलीफ के अलावा युवा सज्जन पूरी तरह



से स्वस्थ थे और उन्हें कोई अन्य बीमारी नहीं थी। रोगी का मूल्यांकन किया गया और पाया गया कि हृदय की पंपिंग क्रिया कम थी (एलईवीएफ लगभग 20 प्रतिशत)। हृदय की कम पंपिंग कार्यप्रणाली को देखते हुए, मरीज को बेहतर परिणाम के लिए सीआरटी-डी प्रत्यारोपण की सलाह दी गई थी। प्रक्रिया सफलतापूर्वक की गई और जिसके बाद मरीज को उसकी शिकायत से राहत मिल गयी।

## आज सभी स्कूलों में विशेष पैरेंट मीटिंग मतदान अवश्य करने की होगी अपील

- डीडीसी ने शिक्षा विभागीय पदाधिकारी, प्राचार्यों के साथ की वीसी के माध्यम से मीटिंग

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम के जिला निर्वाचन पदाधिकारी श्री अनन्य मित्तल के निर्देशानुसार उप विकास आयुक्त मनीष कुमार ने शिक्षा विभागीय पदाधिकारी एवं प्राचार्यों के साथ वीसी के माध्यम से बैठक किया। इस वर्चुअल बैठक में स्कूल स्तर पर मतदाता जागरूकता कार्यक्रम चलाने पर चर्चा करते हुए विभिन्न गतिविधियां आयोजित करने का निर्देश दिया गया। साथ ही जैक द्वारा आयोजित 10 वीं बोर्ड परीक्षा में जिले को पहला स्थान प्राप्त होने एवं प्रोजेक्ट परख के




**डीडीसी मनीष कुमार वर्चुअल मीटिंग करते हुए।**

सफलतापूर्वक क्रियान्वयन को लेकर सभी शिक्षकों को बधाई दी गई। डीडीसी ने कहा कि जिला स्तरीय कार्यक्रम में शिक्षकों को सम्मानित किया जायेगा।

**परिवार बुलायें, मतदान बढ़ायें :** स्कूलों में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम को लेकर उप विकास आयुक्त ने सभी स्कूल में डेमोक्रेसी रूप बनाने के निर्देश दिये। परिवार बुलायें, मतदान बढ़ायें कार्यक्रम के तहत 25 अप्रैल को विशेष पैरेंट टीचर मीटिंग बुलायी गयी है जिसमें बच्चों द्वारा डमी ईवीएम बनाकर वोट देने की प्रक्रिया से अभिभावकों को अवगत कराया जायेगा। 24 अप्रैल को सभी बच्चों ने अपने अभिभावकों को पत्र लिखकर लोकतंत्र के इस महापर्व में भागीदारी का संदेश दिया। विद्यालय स्तर पर मतदाता जागरूकता हेतु विभिन्न गतिविधियां संचालित किया जायेगा जिसमें उनके अभिभावक भी शामिल होंगे। सेल्फी प्वाइंट, चित्रांकन, रंगोली आदि से मतदान का संदेश हर घर तक पहुंचाया जायेगा।

### गम्हरिया : वन विभाग ने अतिक्रमण कर बनाये जा रहे मकानों को ध्वस्त किया



**गम्हरिया।** वन विभाग की ओर से गम्हरिया के शांतिनगर में वन विभाग की भूमि पर कब्जा कर अवैध रूप से निर्माण किये जाने के खिलाफ अभियान चलाया गया। इस दौरान उंक्तबस्ती में अवैध रूप से बनाए गए करीब एक दर्जन मकानों को जेसीबी की मदद से ध्वस्त कर दिया गया। इस दौरान मौजूद विभागीय अधिकारियों ने बताया कि लगातार उन्हें सूचना मिल रही थी कि भूमाफियाओं द्वारा शांतिनगर में वन विभाग की जमीन को कब्जा कर बिक्री की जा रही है जिसपर अवैध रूप से कई लोगों द्वारा मकान भी बनवाया जा रहा है। इसके बाद कार्रवाई कर उन मकानों को तोड़ दिया गया। इस दौरान लोगों को वन विभाग की भूमि पर किसी प्रकार का निर्माण किए जाने पर कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई। बताया गया है कि यह कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।

## सिंहभूम सीट पर सघन जनसंपर्क में जुटी भाजपा प्रत्याशी गीता कोड़ा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**चाईबासा/ जमशेदपुर।** सिंहभूम लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी गीता कोड़ा ने नामांकन के बाद युद्ध स्तर पर मतदाताओं से डोर टू डोर संपर्क शुरू कर दिया है। वे बेहद विनम्रता से मतदाताओं से मिल रही हैं और उन्हें देश को प्रगति के पथ पर बनाये रखने के लिए कमल छाप पर मुहर लगा कर पीएम मोदी को तीसरी दफा पीएम बनाने की अपील कर रही हैं। गीता कोड़ा ने जनसंपर्क अभियान के दौरान कहा कि झामुमो खुद जुमले यानी झूठ का जीता जागता मिसाल पार्टी है। चालाकी से झूठ बोलकर जनता को गुमराह करना झामुमो का मुख्य एजेंडा बन चुका है। गीता कोड़ा ने जनता से



**एक बुजुर्ग मतदाता से मिल कर प्रसन्नता पूर्वक प्रणाम करती गीता कोड़ा।**

संवाद कर बताया कि मोदीजी को गरीबों की स्वास्थ्य की भी चिंता है तभी तो मोदीजी ने सिंहभूम लोकसभा के 5 लाख 12 हजार 560 गरीबों को आयुष्मान भारत योजना देकर उनके जीवन में बीमारियों के इलाज के लिए 5 लाख तक का मुफ्त इलाज की व्यवस्था की।

## यूपीएससी में सफल होने पर आतिफ का भव्य अभिनंदन

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

- होटल महल इन में कार्यक्रम आयोजित कर ह्यूमन वेलफेयर ट्रस्ट ने किया सम्मानित

**जमशेदपुर।** बुधवार को ह्यूमन वेलफेयर ट्रस्ट ने महल इन के सभागार में अतीफ वकार के यूपीएससी की परीक्षा में सफल होने पर एक सम्मान समारोह किया जिसमें उनकी माता महजबीन अख्तर और पिता खुर्शीद इकराम को फूलों का गुलदस्ता भेंट कर एवं शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। कार्यक्रम का शुभारंभ जमीयत ए उलेमा हिंद के हाफिज अनवर ने कुरान पाक की तिलावत से किया। इस सम्मान समारोह में आजादनगर



थाना क्षेत्र के विभिन्न स्कूल ने हिस्सा लिया जिसमे विवेकानंद इंटरनेशनल स्कूल के छात्र एवं प्रिंसिपल डा निधि श्रीवास्तव, एमओ अकादमी के डायरेक्टर जामी उसमनी के छात्र छात्राएं, कबीर मेमोरियल स्कूल के छात्र छात्राएं उपस्थित रहीं।

### एनएमएल में श्रीनाथ विवि के छात्रों ने री-साइकिल ऑफ वेस्ट देखा




**जमशेदपुर।** श्रीनाथ विश्वविद्यालय के डिपार्मेंट आफ मैकेनिकल एंड सिविल इंजीनियरिंग के द्वारा सी एस आई आर , एन एम एल बर्मामाइन्स जमशेदपुर का दौरा किया गया। जहां विद्यार्थियों को रिसाइकल अफ वेस्ट, प लैब, नौन डिस्ट्रक्टिव टेस्टिंग, हिस्ट्री अफ मेटरलैजिकल टेस्टिंग इत्यादि के बारे में विस्तृत जानकारी मिली। इस कंपनी दौरे में एन एम एल की ओर से वैज्ञानिक डा के साहू हेड फोर्ज एंड फाउंड्री, डा अनिमेष जैना सीनियर साइंटिस्ट, डा एस शिवा प्रसाद हेड एचआरजी उपस्थित थे तथा उन्होने विद्यार्थियो के साथ कई महत्वपूर्ण जानकारी साझा किया। कंपनी दौरे में डिप्लोमा एंड इंजीनियरिंग डिपार्टमेंट के विभागाध्यक्ष श्री शशिकांत सिंह, सहायक प्राध्यापक अभिषेक कुमार, ड शैलेश सारंगी, ड सूर्य प्रताप, डा सुदर्शना एवं राजेश रंजन उपस्थित थे। विद्यार्थियो द्वारा कंपनी दौरे के बारे में बात करते हुए विभागाध्यक्ष श्री शशिकांत सिंह ने कहा कि ऐसे दौरे से विद्यार्थियों को कंपनी के बारे में सामने से जानने का मौका मिलता है जो उनके लिए काफी लाभदायक सिद्ध होगा।

## कांग्रेस लोगों की पैतृक संपत्ति भी हड़पने को आतुर : नंदजी प्रसाद

- कांग्रेस के घोषणा पत्र में तुष्टिकरण छुपा हुआ एजेंडा : सुधांशु ओझा
- कांग्रेस के घोषणापत्र में वित्तीय और संस्थागत सर्वेक्षण करने के वादे पर भाजपा ने कांग्रेस पर बोला हमला
- कहा- कांग्रेस लोगों की संपत्ति हड़पने का देख रही सपना, घोषणा पत्र में शामिल किया तुष्टिकरण का हिडेन एजेंडा
- सैम पित्रोदा के बयान से कांग्रेस हो गयी बेनकाब, ऐसी मानसिकता का जनता देगी करारा जवाब

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** भाजपा ने कांग्रेस के घोषणा पत्र पर निशाना साधा है। भाजपा ने आरोप लगाया कि कांग्रेस आर्थिक सर्वेक्षण के नाम पर देश के आम लोगों की संपत्ति हड़पने का सपना देख रही है। वित्तीय और संस्थागत सर्वेक्षण के नाम पर जनता की गाढ़ी कमाई की गयी धन, दौलत, संपत्ति, घर, जमीन जायदाद कांग्रेस और इंडी एलायंस जब्त करने की फिराक में है।

बुधवार को भाजपा के जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष सुधांशु ओझा ने एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कांग्रेस द्वारा जारी घोषणापत्र में संपत्ति के सर्वेक्षण किये जाने के वादे पर जमकर हमला बोला। साकची



**संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते भाजपा महानगर अध्यक्ष सुधांशु ओझा। साथ में चुनाव प्रभारी नंदजी प्रसाद, अनिल सिंह व अनिल मोदी जबकि सबसे बायें प्रेम।**

स्थित जमशेदपुर लोकसभा के चुनाव प्रधान कार्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में झारखंड भाजपा प्रदेश मंत्री सह जमशेदपुर लोकसभा के संयोजक नंदजी प्रसाद ने कांग्रेस पर कड़ा प्रहार करते हुए कहा कि कांग्रेस के घोषणा पत्र से यह तस्वीर बिल्कुल स्पष्ट झलक रही है कि कांग्रेस और इंडी गठबंधन की सरकार आने पर आम जनता की संपत्ति, घर, सोना और एफडी कुछ भी सुरक्षित नहीं रहेगा। यही कांग्रेस की तुष्टिकरण का हिडेन एजेंडा है।

प्रेस वार्ता के दौरान भाजपा जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष सुधांशु ओझा, जमशेदपुर लोकसभा के सह संयोजक अनिल सिंह, लोकसभा चुनाव मीडिया प्रबंधन विभाग के अनिल मोदी एवं प्रेम झा मौजूद रहे। नंदजी प्रसाद ने कहा कि देश में लोकसभा चुनावों की प्रक्रिया के दौरान जहां कांग्रेस के कई बड़े नेता विभिन्न स्थानों पर चुनावी रैलियों में वित्तीय और संस्थागत सर्वेक्षण करवाने की बात कर रहे हैं।

# प्रत्याशी के नामांकन के बहाने भाजपा ने दिखायी ताकत, जुटे कई दिग्गज

- शिवाजी मैदान में भाजपा प्रत्याशी बीडी राम के नामांकन समारोह का आयोजन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** भाजपा प्रत्याशी बीडी राम के नामांकन को लेकर शिवाजी मैदान में नामांकन समारोह आयोजित हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग, नागरिक उद्यान राज्यमंत्री जनरल वीके सिंह थे। उन्होंने लोगों से पीएम मोदी के हाथों को मजबूत करने के लिए भाजपा प्रत्याशी बीडी राम को भारी मतों से विजयी बनाने की अपील की। सभा को संबोधित करते हुए भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष रविंद्र राय ने कहा कि 10 साल पहले केवल केंद्र सरकार के भ्रष्टाचार की चर्चा होती थी। लेकिन आज स्थिति यह है कि केंद्र की सरकार भ्रष्टाचारियों के खिलाफ कार्रवाई कर रही है। आश्चर्य की बात है कि झारखंड का विरोध करने वाले लोग भी यह सोच रहे हैं कि पलामू से उनकी जीत होगी।


## नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में पिछले 10 साल में हुआ व्यापक बदलाव : बाबूलाल



**क्या बोले बाबूलाल :** पूर्व मुख्यमंत्री सह भाजपा के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पिछले 10 साल में देश में जो बदलाव हुए हैं इसे जनता जान रही है। प्रधानमंत्री ने गांव, गरीब, किसान, युवा और महिला सबके लिए निरंतर काम किया है। गांव-गांव तक बिजली पहुंचायी है। जो सब की चिंता करें ऐसे पीएम की जीत के लिए हमें भी पूरे संकल्पित मन से काम करने की जरूरत है। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड सरकार कैसे चल रही है, यह भी आप सभी को पता है। इन लोगों ने कोयला और लोहा के साथ-साथ पहाड़ और नदी का बालु तक भेज दिया है। यह सरकार पैसा लेकर नौकरियां बेच रही है। मरांडी ने कहा कि हमें अलग राज्य भी बीजेपी ने दिया है। लेकिन आज झारखंड के विरोधी लालटेन लेकर यहां घूम रहे हैं।

**ये रहे मौजूद :** विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी, डॉ शशि भूषण मेहता, पुष्पा देवी, आलोक चौरसिया, राज्यसभा सांसद आदित्य साहू, प्रदेश महामंत्री मनोज सिंह, श्याम नारायण दुबे, पूर्व सांसद घूरन राम, मनोज भुइयां, ठाकुर महतो, बृजमोहन राम, विनय लाल, विपिन बिहारी सिंह, अलख नाथ पांडे, विभाकर नारायण पांडेय, रूपेश चतुर्वेदी, लोकसभा प्रभारी विनय लाल, श्याम नारायण दुबे, लोकसभा संयोजक विपिन बिहारी सिंह, सहसंयोजक अलख नाथ पाण्डेय, मुकेश निरंजन सिन्हा, रघुराज पांडेय, विभाकर नारायण पांडेय, नरेंद्र पांडेय, दुर्गा जौहरी, अविनाश वर्मा, विनोद सिंह, प्रफुल्ल सिंह, रविन्द्र सिंह, उदय शुक्ला, ओमप्रकाश तिवारी आदि।

## क्षेत्र की देवतुल्य जनता और कार्यकर्ताओं के प्रति आभार



पलामू लोकसभा से नामांकन दाखिल करने के पश्चात मेदिनीनगर स्थित शिवाजी मैदान में आयोजित विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए भाजपा प्रत्याशी बिष्णुदयाल राम ने कहा कि इस जनसभा में आए सभी देवतुल्य जनता एवं कार्यकताओं का आभार व्यक्त करते हैं। पलामू लोकसभा की हरेक जनता भारतीय जनता पार्टी प्रत्याशी के रूप में यह चुनाव लड़ रही है और यह चुनाव जीतकर पलामू की जनता मोदी जी को एक कमल फूल भेंट करेगी। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश का सर्वांगीण विकास हुआ है। उन्होंने विश्व पटल पर भारत को लाकर खड़ा किया है। कहा कि नरेंद्र मोदी ने देश के सभी जाति, धर्म व वर्ग को ध्यान में रखकर योजना का लाभ दिया है। उन्होंने महिलाओं, युवाओं, किसानों समेत समाज के अंतिम व्यक्ति तक के लोगों को मान सम्मान दिया है। कहा कि फिर नरेंद्र मोदी को देश की जनता प्रधानमंत्री बनायेगी।

भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में रोड शो, भारी भीड़ में कई दिग्गजों ने बीडी राम के लिए मांगा आशीर्वाद

# देश की मजबूती के लिए नरेंद्र मोदी के हाथों को मजबूत करें

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** भाजपा प्रत्याशी बीडी राम के पक्ष में रोड शो का आयोजन किया गया। इसमें काफी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता व कई लोगों की भीड़ उमड़ गयी। रोड शो में खुले वाहन में भाजपा प्रत्याशी बीडी राम के साथ केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग, नागरिक उद्यान राज्यमंत्री जनरल वीके सिंह, पूर्व मुख्यमंत्री सह भाजपा के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष रविंद्र राय, राज्यसभा सांसद एवं प्रदेश महामंत्री आदित्य साहू, प्रदेश उपाध्यक्ष एवं विधायक भानु प्रताप शाही, प्रदेश उपाध्यक्ष बालमुकुंद सहाय, प्रदेश उपाध्यक्ष जवाहर पासवान, प्रदेश महामंत्री मनोज सिंह, विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी, डॉ शशिभूषण मेहता, आलोक चौरसिया, पुष्पा देवी, पूर्व सांसद मनोज कुमार, वरिष्ठ नेता श्यामनारायण दुबे समेत काफी संख्या में कार्यकर्ता शामिल थे।



नामांकन के दौरान रोड शो करते भाजपा प्रत्याशी।

- भाजपा के कई दिग्गजों ने रोड शो में लोगों से भाजपा प्रत्याशी बीडी राम को भारी मतों से जिताने की अपील की। रोड शो में भाजपा प्रत्याशी बीडी राम ने कहा कि भाजपा के रोड शो काफी संख्या में शामिल भाजपा कार्यकर्ता व आमजनों की भीड़ से स्पष्ट है कि जनता इस बार भाजपा के पक्ष में है। भाजपा के एक एक कार्यकर्ता लोकसभा चुनाव में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभायें। कार्यकर्ता अपने क्षेत्र में बूथ को मजबूत करने का काम करें। साथ ही लोगों को मतदान के लिए प्रेरित करें। कहा कि केंद्र सरकार द्वारा सभी जाति व धर्म के लोगों को विकास योजना का लाभ प्रदान किया गया है। देश की जनता पुनः नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री के रूप में देखना चाह रही है।

# हम केवल एक सांसद नहीं मंत्री चुनकर भेजेंगे : अरुणा शंकर

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** भाजपा प्रत्याशी बी डी राम के नॉमिनेशन के लिए प्रथम महापौर अरुणा शंकर के नेतृत्व में काफी संख्या में गाजा बाजा के साथ भाजपा की पदाधिकारी, महिलाएं, युवा, लड़कियां केसरिया रंग का साफा पहने पैदल एवं बाइक चलाते भाजपा का झंडा लिये काफी संख्या में रैली में शामिल हुईं, जो आकर्षण का केंद्र था। मौके पर प्रथम महापौर ने कहा हम भाजपा एवं शहर की आम महिलाओं ने अपने सांसद को ऐतिहासिक मतों से विजयी बना कर पीएम नरेंद्र मोदी के हाथों को मजबूत करने का संकल्प लिया है ताकि हमारे सांसद इस बार केवल सांसद नहीं, मंत्री बनें और हमारे क्षेत्र का चहुंमुखी विकास हो।



**एनडीए प्रत्याशी बी डी राम के नामांकन में आजसू पार्टी के सैकड़ों कार्यकर्ता हुए शामिल : मेदिनीनगर।** भाजपा के एनडीए प्रत्याशी बीडी राम के नामांकन में आजसू पार्टी, लोजपा व जदयू, एनसीपी समेत भाजपा के हजारों नेता व कार्यकर्ता शिवाजी मैदान में आयोजित आम सभा में शिरकत किये। आजसू पार्टी लोकसभा प्रभारी सतीश कुमार, केंद्रीय महासचिव संजय रंजन सिह, केंद्रीय सचिव बबलू गुप्ता, शंकर विश्वकर्मा, चंपा देवी, गढ़वा जिला अध्यक्ष दीपक शर्मा, नंदु ठाकुर, प्रधान महासचिव त्रिपुरारी सिंह, डॉ अफजल अंसारी, राजु प्रसाद, दशरथ चौधरी, संजय शर्मा, दीपक कुमार, मनोज शर्मा के नेतृत्व में गढ़वा व पलामू जिला के सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल हुए।

# भाजपा से बीडी राम, राजद से ममता भुइयां, भागीदार पार्टी से सत्येंद्र पासवान व एसयूसीआई से महेंद्र बैठा ने किया नामांकन

**खबर मन्त्र संवाददाता**









**मेदिनीनगर।** पलामू लोकसभा निर्वाचन के नामांकन के छठे दिन भारतीय जनता पार्टी के विष्णु दयाल राम, भागीदारी पार्टी (पी) के सत्येन्द्र कुमार पासवान, एसयूसीआई (सी) के महेंद्र बैठा व राष्ट्रीय जनता दल के ममता भुइयां ने नामांकन किया। पलामू लोकसभा चुनाव को लेकर भाजपा पार्टी के लोकसभा प्रत्याशी सह पलामू सांसद विष्णु दयाल राम ने अपना नामांकन किया। नामांकन करने से पहले भाजपा प्रत्याशी सह सांसद विष्णुदयाल राम ने मेदिनीनगर शहर के बाजार स्थित हनुमान मंदिर में पूजा अर्चना की। उसके बाद शिवाजी मैदान में एक कार्यक्रम कर पलामू समाहरणालय पहुंचे और पलामू उपायुक्त सह निवार्ची पदाधिकारी शशि रंजन के समक्ष अपना नामांकन किया। नामांकन कार्यक्रम के दौरान केंद्रीय मंत्री जेनरल वीके सिंह, बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, बालमुकुंद सहाय, प्रदेश महामंत्री मनोज सिंह समेत कई नेता और कार्यकर्ता शामिल हुए। वही मेदिनीनगर के शिवाजी मैदान में कार्यक्रम का आयोजन किया उसके बाद शिवाजी मैदान से समाहरणालय तक रोड शो निकाली गई, जिसमे भाजपा के हजारों की संख्या में नेता व कार्यकर्ता शामिल रहे। भाजपा प्रत्याशी सह सांसद विष्णुदयाल राम ने कहा कि उन्होंने आज अपना नामंकन किया है और दस साल के कार्यकाल में उन्होंने पलामू में बेहतर कार्य किया है। इस बार चुनाव में जीत दर्ज करने के बाद वे पलामू लोकसभा क्षेत्र में आम जनता की हर सुविधाएं मुहैया कराएंगे। पलायन, सिंचाई, बिजली समेत अन्य समस्याओ से निजात दिलाना उनकी पहली प्राथमिकता रहेगी। इसी प्रकार राजद प्रत्याशी ममता

# भाजपा की लोकलुभावन घोषणाओं पर अब कोई विश्वास नहीं : भोक्ता



मंच पर मंत्री, प्रदेश अध्यक्ष व अन्य।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू लोकसभा सभा क्षेत्र के इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार ममता भुईयां ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। ममता भुईयां के नामांकन में राज्य के मंत्री सत्यानंद भोक्ता, प्रदेश अध्यक्ष संजय सिंह यादव ने भी भाग लिया। नामांकन के बाद हाउसिंग कालोनी में जनसभा का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष संजय सिंह यादव ने किया। मौके पर झारखण्ड सरकार के मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने कहा कि दस वर्षो के दौरान केन्द्र सरकार की एक भी बड़ी योजना धरातल पर नहीं उतरा। दस वर्षों में सिर्फ जात धर्म के नाम पर लोगों को आपस में बांटने का काम किया गया। देश में महंगाई और भ्रष्टाचार चरम सीमा पार कर गया। सांसद आदर्श ग्राम का हालत आप सभी देख रहे हैं। सांसद आदर्श ग्राम में भी एक विकास का काम नहीं हुआ। मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने कहा कि हेमन्त सोरेन के राज्य में विकास का माहौल बना जो भाजपा को रास नहीं आया और झूठे केस में फसा दिया गया। लेकिन वर्तमान मुख्यमंत्री चंपई सोरेन के नेतृत्व में भी झारखंड विकास के मामले में निरंतर आगे बढ़ रहा है। लोकसभा प्रत्याशी ममता भुईयां ने कहा कि भाजपा के शासन काल में गरीबों का नहीं बल्कि बड़े पूंजीपतियों का ऋण माफ किया गया। भाजपा का एक ही नारा है चंदा दो और काम लो। मोदी की सभी गारंटी ध्वस्त हो गया है। काला धन लाने की बात करने वाले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सभी बड़े पूंजीपतियों को लूटने की छुट दे दिये है। प्रदेश अध्यक्ष संजय सिंह यादव ने कहा कि पलामू सहित पूरे राज्य की जनता परिवर्तन के लिए मूड बना ली है। पलामू शुरू से राजद का गढ़ रहा है इस बार इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी इतिहास रचने का काम करेगी। प्रत्याशी ममता भुईयां ने कहा कि इस बार का चुनाव साधारण चुनाव नहीं है। इस बार कोई गलती हुआ तो गरीब, दलित, शोषित पीड़ित व अकलियतों को जिंदगी भर पछताना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि संविधान को बचाने के लिए इंडिया गठबंधन को जितना जरूरी है। आज नामांकन में जो भीड़ उमड़ी है इससे स्पष्ट हो गया है कि पलामू लोकसभा क्षेत्र से गठबंधन की जीत तय है।

# अज्ञात हाइवा की चपेट में आने से दो बारातियों की मौत, मातम

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**सतबरवा पलामू।** थाना क्षेत्र के लहलहे के समीप रांची मेदिनीनगर मुख्य मार्ग पर मंगलवार की रात्रि में अज्ञात हाइवा की चपेट में आने से दो युवकों की मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार धावाडीह पंचायत के एक गांव से बाइक पर सवार होकर तीन युवक मेदिनीनगर बारात जा रहे थे। इसी दौरान लहलहे गांव के समीप निर्माणाधीन नेशनल हाइवे सड़क पर धूल उड़ने से विपरीत दिशा से आ रही अज्ञात हाइवा की चपेट में आ गये। घायल अवस्था में उन्हें एंबुलेंस के माध्यम से मेदिनीनगर अस्पताल भेजा गया जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। बताया जाता है कि मृत्यु के बाद परिजन दोनों युवकों के शव अपने अपने घर ले गये, जिसे बुधवार को अंतिम संस्कार कर दिया गया। जबकि एक युवक का इलाज चल रहा है। मृतकों में एक सतबरवा तथा दूसरा सदर प्रखंड क्षेत्र के एक गांव का बताया जाता है।



# सगुना मुखिया ने उपायुक्त से की सोलर जलमीनार मरम्मत की मांग

**खबर मन्त्र संवाददाता**

- बंद सोलर चालू कराने से पेयजल समस्या का होगा निदान : मंजू

**पाटन पलामू।** प्रखंड के सगुना मुखिया मंजू देवी ने उपायुक्त को ज्ञापन देकर ग्राम पंचायत सगुना के सभी गांवों में मरम्मत के अभाव में बंद सोलर जलमीनार चालू कराने की मांग की है। कहा कि आये दिन क्षेत्र में भीषण गर्मी पड़ रही है। इससे क्षेत्र के चापाकल, जलमीनार व जलश्रोत से पानी नहीं मिल पा रहा है। ऐसे में क्षेत्र के ग्रामीणों को पानी के लिए परेशान होना पड़ रहा है। कुछ जलमीनार आंधी में टूट गये हैं। ग्रामीण नदी से चुआड़ी खोद पानी लाकर पीने को मजबूर हैं। क्षेत्र के कुआं का पानी लाकर ग्रामीण अपनी प्यास बुझा रहे हैं। कहा कि पूर्व में भी उपायुक्त से खराब जलमीनार बनवाने का आग्रह किया गया था लेकिन अभी तक कुछ नहीं हुआ। इससे क्षेत्र में जलसंकट है। ग्राम सगुनी में निजामुदीन अंसारी के घर के पास, खरौंधा में राज कुमार मांझी के पास, टंडवा में ग्रीण सिंह व महेंद्र राम के घर के पास, नवादा में प्रयाग साव के घर के पास, हरिजन टोला में महुआ के पेड़ के पास, दामोदर मोची के घर के पास व साकनपीढ़ी में सतन सिंह के घर के पास जलमीनार की मरम्मति कराना अतिआवश्यक है।

# ज्ञान ज्योति स्कूल शंखा के बच्चों ने मैट्रिक परीक्षा में लहराया परचम

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**विश्रामपुर पलामू।** प्रखंड क्षेत्र के तोलरा पंचायत अंतर्गत शंखा गांव में निजी रुप से संचालित विद्यालय ज्ञान ज्योति स्कूल की चर्चा इन दिनो प्रखंड मुख्यालय तक सुनाई दे रहा। ग्रामीण क्षेत्र में निजी रुप से संचालित कर विद्यालय का मान इन दिनों खूब बढ़ा है।

विद्यालय के निदेशक राजू श्रीवास्तव के कडी मेहनत इस बार रंग लाया और विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। राजू श्रीवास्तव ने बताया कि 45 विद्यार्थी इस बार मैट्रिक परीक्षा में सम्मिलित हुए थे जिसमें सभी प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुए। दिलकश खान एवं हिमांशु गुप्ता ने 89.6 प्रतिशत लाकर विद्यालय में प्रथम स्थान वहीं छोटी कुमारी ने 88.6 प्रतिशत लाकर दूसरे स्थान एवं अलका कुमारी ने 87%लाकर तीसरा स्थान प्रदान किया है। इधर विद्यालय का परीणाम शत प्रतिशत जाने के बाद तोलरा पंचायत में खुशी की लहर दौड़ गयी। पंचायत के प्रसिद्ध समाजसेवी सह पत्रकार राम निवास तिवारी, योगेन्द्र मिश्रा, रासबिहारी तिवारी, कौशल तिवारी, रमोल शुक्ला, जमील अहमद खान, ओंकार सिंह, राजू शुक्ला, श्यामा देवी, नूतन देवी, बिपीन तिवारी, कुश तिवारी, रोहित तिवारी मुखिया सभी ने विद्यालय परिवार एवं मेधावी छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए बधाई दी।

**दिलकश खान और हिमांशु गुप्ता प्रथम छोटी कुमारी द्वितीय और अलका कुमारी तृतीय स्थान लाकर लहराया परचम**







# राजद प्रत्याशी के नामांकन में सतबरवा से सैकड़ों झामुमो कार्यकर्ता हुए शामिल

- सतबरवा प्रखंड के चार पंचायत में 21 बूथ हैं, जहां से सैकड़ों वाहनों से कार्यकर्ता अपने पैसे खर्च कर नामांकन कार्यक्रम में हुए शामिल

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**सतबरवा पलामू।** राजद प्रत्याशी ममता भुइयां के नामांकन कार्यक्रम में शामिल होने के लिए बुधवार को सतबरवा से सैकड़ों की संख्या में महागठबंधन के नेता और कार्यकर्ता मेदिनीनगर में शामिल हुए। इस दौरान झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष श्रवण गुप्ता, राजद प्रखंड अध्यक्ष हदीस मियां, राजेंद्र मेहता, उमेश प्रसाद, मनोज कुमार भुइयां, सिकंदर भुइयां, मुश्ताक अहमद, अजय सिंह, विनोद पासवान, नागेंद्र प्रसाद समेत सैकड़ों लोग मेदिनीनगर नामांकन कार्यक्रम में शामिल हुए।

श्रवण गुप्ता ने बताया कि राजद, झारखंड मुक्ति मोर्चा तथा कांग्रेस और माले के साथ तमाम महागठबंधन दल में शामिल सभी लोगों ने नामांकन कार्यक्रम में हिस्सा लेने पहुंचे थे। एकजुट होकर राजद प्रत्याशी को रिकार्ड मतों से जितायेंगे। मनोज ने बताया कि सतबरवा प्रखंड के चार पंचायत में 21 बूथ है, जहां से सैकड़ों की संख्या में वाहनों से कार्यकर्ता अपने पैसे खर्च करके राजद प्रत्याशी के नामांकन कार्यक्रम में शामिल हुए। हदीस मियां ने कहा कि हम लोग एकजुट है और रिकॉर्ड मतों से हमारा प्रत्याशी जीतेगा।

## स्पीड न्यूज

### जयपुर में जावा महुआ-अवैध शराब नष्ट



**पाटन पलामू।** नावा जयपुर थाना प्रभारी कमल पाण्डेय ने गुप्त सूचना पर अवैध शराब के खिलाफ छापामारी अभियान चलाया। प्रभारी श्री पांडेय अपने दल बल के साथ नावा जयपुर क्षेत्र अंतर्गत जयपुर में करीब 500 किलोग्राम जावा महुआ एवं करीब 40 लीटर अवैध देशी महुआ शराब तथा शराब बनाये जाने वाले उपकरण नष्ट कर दिया। थाना प्रभारी ने बताया कि लोकसभा चुनाव के मद्देनजर क्षेत्र में अवैध शराब के विरुद्ध लगातार छापामारी की जा रही है। अवैध शराब बनाने वाले पर कठोर कार्रवाई की जायेगी। शराब के सेवन से युवा समेत पूरा समाज बर्बाद हो रहा है। साथ ही शराब पीकर लोग घटना को अंजाम दे रहे हैं। किसी भी कीमत पर क्षेत्र में अवैध पदार्थों की बिक्री नहीं करने दी जायेगी।

### मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



**विश्रामपुर पलामू।** नगर परिषद् क्षेत्र में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत अभियान चलाया गया। इसमें नप के कार्यपालक पदाधिकारी दानिश हुसैन की अगुवाई में लोगों को यह बताया गया कि प्रत्येक जिम्मेदार भारतीय नागरिक पर लोकतंत्र का कर भारित है जो कि हमे ससमय चुकाना होता है। यदि एक नागरिक एक योग्य प्रत्याशी को मतदान करता है तो वह लोकतंत्र कर का एक बड़ा हिस्सा चुका देता है। कार्यक्रम के दौरान नागरिकों को 'लोकतंत्र कर' बकाया का नोटिस दिया गया तथा वाहनों, भवनों आदि पर भी नोटिस पर्ची चिपकायी गयी। कार्यक्रम में नगर प्रबंधक सुभाष हेंब्रम एवं प्रभात कुमार, कनीय अभियंता अजीत टुडू एवं मुकेश कुमार, सुपरवाइजर दीपक कुमार, राजेश कुमार, सुमित कुमार एवं मुबारक अंसारी, रमेश कुमार, रवि कुमार, सुबोध कुमार, रमीज रजा सहित अन्य कर्मियों एवं आम नागरिकों ने भाग लिये।

### 108 दीप के प्रज्ज्वलन से जगमग हुआ निर्माणाधीन हनुमान मंदिर प्रांगण



**मोहम्मदगंज पलामू।** बल, बुद्धि, विद्या के देवता देवाधिदेव महादेव के रूद्रावतार रामभक्त हनुमान जी की जयंती मंगलवार को पूरे श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। मोहम्मदगंज स्टेशन रोड स्थित निर्माणाधीन हनुमान मंदिर में सुबह से ही श्रद्धालु पूजा अर्चना में जुटे रहे। शाम में हनुमान भक्त युवाओं ने हनुमानजी की तस्वीर की पूजा अर्चना, आरती और जयकारे के साथ 108 दीप जलाकर, प्रसाद चढ़ाकर जयंती को पूरे श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया। हनुमान भक्तों ने ग्रामीणों सहित दुकानदारों के बीच प्रसाद का भी वितरण किया। मौके पर सच्चिदानंद सिंह, रामजन्म राम, कुंदन चौरसिया, कामेश्वर सिंह, राकेश सिंह, बिट्टू सिंह, सनी कुमार, रविरंजन सिंह, मनटु यादव, छोटू यादव, भुंडुल कुमार, प्रभात सिंह, रौशन कुमार, अंगद सिंह, शिवम सिंह, आशीष, गोलू, सोनू उर्फ फुदर, दीपक हुड्डा, आर्यन, आकाश, गुड्डन, राजू कुमार, अमरकांत, दीपक, हिमांशु, विक्की सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

### दो हादसों में एक की मौत कई घायल

**छतरपुर पलामू।** प्रखंड क्षेत्र में अलग अलग दो दुर्घटनाओं में एक व्यक्ति मौत हो गयी। वही एक दर्जन से अधिक लोग घायल हो गये। पहली घटना मुख्यपथ के एनएच 98 के उदयगढ़ मोड़ के पास घटी। तेज गति से जा रही एक स्कार्पियो ने टेम्पू में धक्का मार दिया जिसमें आधे दर्जन से अधिक लोग जख्मी हो गये। स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग से सभी घायलों को अनुमंडलीय अस्पताल लाया गया। जहां गम्भीर जख्मी को मेदिनीनगर एमएमसीएच भेज गया है। दूसरी घटना छतरपुर जपला मुख्यपथ के गोपालपुर में घटी। दो मो मोटरसाइकिल सवार आपस में टकरा गये। जिसमें एक युवक की मौत हो गयी। मिली जानकारी के अनुसार दोनों आपस मे विपरीत दिशा से वापस लौट रहे थे इसी बीच गोपालपुर के पास आपस मे टकरा गए। जिसमें छोटू यादव डुमरिया का मौत घटनास्थल पर ही हो गया। वही धर्मेंद्र विश्वकर्मा 22 वर्ष बगैया, सुगन्धि कुमारी 13 वर्ष बगैया, अवधेश यादव 22 वर्ष कवाल, सुनैना कुवर 60 वर्ष बगैया गम्भीर रूप से जख्मी हो गए। वही दूसरी घटना में तेतरी देवी तुड़वा, अनिल राम रूद्व, काजल कुमार रूद्व, आरती देवी छिछोडी, वरणी देवी, 20 वर्ष चिरु, अशोक कुमार चिरु, प्रकाश राम, विशेश्वर राम, सुमन कुमारी, रूपेश कुमार गम्भीर रूप से जख्मी हो गये। सभी घायलों का प्राथमिक उपचार के बाद मेदिनीनगर अस्पताल भेज दिया गया है।

# गेमिंग से लाभ

गेमिंग को कभी केवल एक शौक माना जाता था, लेकिन अब कई गेमर्स इससे अच्छी कमाई करने लगे हैं। गेमिंग अब केवल मनोरंजन का साधन भर नहीं रह गया है। कई लोग इसे अब एक आकर्षक करियर विकल्प के रूप में अपना रहे हैं। गेमिंग को कभी केवल एक शौक माना जाता था, लेकिन अब कई गेमर्स इससे अच्छी कमाई करने लगे हैं। गेमिंग अब केवल मनोरंजन का साधन भर नहीं रह गया है। अक्टूबर-दिसंबर 2023 तिमाही में ऑनलाइन गेमिंग से जीएसटी 3,470 करोड़ रुपये तक पहुंच गया है, जो पिछली तिमाही में कलेक्ट हुए 605 करोड़ रुपये से पांच गुना ज्यादा है। गेमिंग लैंडस्केप स्टडी 2023 ने एक रिपोर्ट पेश किया था, जिसमें 15 शहरों के 3000 गेमर्स पर एक सर्वे किया गया था। जिसमें ये पता चला कि 58 प्रतिशत महिलाएं हर हफ्ते 12 घंटे तक का समय गेमिंग पर दे रही हैं। वहीं पुरुषों के लिए ये आंकड़ा 74 प्रतिशत का है। उत्तर भारत में 54 प्रतिशत महिलाएं अब सीरियस गेमिंग कर रही हैं। जबकि पश्चिम भारत में ऐसा करने वाली महिलाओं का प्रतिशत 74 है। सर्वेक्षण में गेमिंग को लेकर माता-पिता की राय भी सामने आए हैं। कई अभिभावक गेमिंग को एक स्थायी करियर विकल्प के रूप में अपनाने को लेकर असमंजस की स्थिति में हैं। कई अभिभावकों का मानना है कि गेमिंग कमाई का अच्छा जरिया हो सकता है। उत्तर भारत के 52 प्रतिशत गेमर्स ने बताया कि वो ईस्पोर्ट्स प्रतियोगिता में हिस्सा लेना चाहते हैं। । इसका एक सबसे बड़ा उदाहरण पीएम मोदी द्वारा देश के बड़े गेमिंग इंफ्लूयएंसर्स से मीटअप है। उत्तर भारत के 53 प्रतिशत माता पिता इस बात पर असमंजस में हैं कि क्या गेमिंग एक स्थायी करियर विकल्प हो सकता है। साथ ही सर्वे में शामिल 47 प्रतिशत माता-पिता मानते हैं कि गेमिंग अच्छी कमाई का जरिया हो सकता है।

# सड़क सुरक्षा की बात

यातायात नियमों का पालन सुनिश्चित कराने, अनुशासित और मर्यादित ढंग से वाहन चलाने की संस्कृति विकसित करने के उद्देश्य से यातायात नियमों को काफी कठोर बनाया गया। उनके उल्लंघन पर भारी जुमार्ने और दंड का प्रावधान किया गया। महानगरों में सड़कों पर कैमरे से निगरानी की व्यवस्था की गई। मगर इन सबके बावजूद स्थिति यह है कि सड़कों पर मनमाने तरीके से वाहन चलाने की प्रवृत्ति पर अंकुश नहीं लग पाया है। शराब या दूसरे तरह के नशे करके वाहन चलाना, गति सीमा का ध्यान न रखना, लाल बत्तियों का उल्लंघन करना जैसे लोग शान की बात समझते हैं। यही वजह है कि भारत में सड़क दुर्घटनाओं में लोगों के मारे जाने की दर चिंताजनक है। जितने लोग कैंसर जैसे रोग से नहीं मरते, उससे अधिक सड़क हादसों की वजह से जान गंवा बैठते हैं। इसके अलावा हमारे यहां सड़कों की दशा भी किसी से छिपी नहीं है। विचित्र है कि हर राजनीतिक दल और सरकार का जोर बुनियादी ढांचे को मजबूत करने पर होता है। उसमें सड़कों के विकास पर सबसे अधिक ध्यान दिया जाता है। तेज रफ्तार से चलने लायक सड़कों का निर्माण न सिर्फ आम लोगों के सुचारु आवागमन के लिहाज से जरूरी माना जाता है, बल्कि औद्योगिक विकास में भी इससे मदद मिलती है। अनेक निजी और विदेशी कंपनियों को भी शामिल किया गया। उन्हें सड़कें बनाने, उनका रखरखाव करने और टोल के जरिए अपनी लागत वसूलने का अधिकार दिया गया। इससे देश में राष्ट्रीय मार्गों का तेजी से विकास भी हुआ। मगर स्थिति यह है कि राजमार्गों पर गड्ढों और पशुओं, पैदल चलने वालों की वजह से दुर्घटनाएं भी आए दिन होती रहती हैं। सड़क सुरक्षा को लेकर देश में तमिलनाडु का प्रदर्शन सबसे बेहतर है जहां केन्द्र राज्य ने मिलकर दुर्धटनाओं में 50 प्रतिशत की कमी हुई है।

# अहंकार से नाश


धर्म-प्रवाह

**स्वामी सत्यानंदजी परमहंस**

**हम** विश्व गुरु ऐसे नहीं थे। हमारे पूर्वजों ने सांस को लेकर जो जिज्ञासा थी उससे जो ज्ञान का उदय हुआ उससे पूरे ब्रह्माण्ड की काल को समझा गया। मैं कौन हूं? मैं कहा से आया? मैं कहां जाऊंगा? मेरा शरीर का अंत होगा पर अमरत्व क्या है? जैसे सवालों को लेकर जिज्ञासा का स्थल भारत ही है। फिर सांस की क्रिया प्रकिया कुभंक रेचक करके समाधि की अवस्था प्राप्त की। मनुष्य संसार में अपनी इच्छा का दास है और इसी इच्छा से सब कुछ का निमार्ण होता है लेकिन इसी इच्छा के कारण अपने मूल कार्य को भूल जाता है। संसार की वस्तु अर्जित कर वह अहंकार में बुरी तरह फसकर छूछूंदर हो जाता है। जबकि अहंकार से हटकर वह सुंदर हो जाता है। हनुमान ने सब कुछ किया पर जब राम जी ने कहा कि तुमने लंका जीत लिया तब हनुमान ने कहा कि यह सब आपकी कृपा का प्रतिफल है। उसी प्रकार जब श्री राम लंका से जीतकर अयोध्या जा रहे थे तब उन्होंने कहा कि मुनि वशिष्ठ की कृपा से ही यह सब संभव हो सका। दूसरी ओर रावण कहता रहा कि सब कुछ मेरे से है मैं त्रिलोक के स्वामी को भी वश में कर सकता हूं। हनुमान और राम ने जो कुछ किया वह गुरु को समर्पित किया गुरु के आदेश से किया। लेकिन रावण कभी गुरु सत्ता को स्वीकार नहीं किया।

भारत कभी औद्योगिक देश नहीं रहा और विश्व का पर्यावरण यूरोप और पश्चिमी देशों के कारण बिगड़ा है। भारत कृषि प्रधान देश है। (ब्रह्म विद्यालय सह आश्रम)

कॉर्टून वर्ल्ड



साभार कॉर्टूनमूवमेंट डॉट कॉम

लेटर टू एडिटर

## सोच बदलें

**आज** 21वीं सदी में भी दुनिया में लैंगिक असमानता है। देश की लड़कियां हर क्षेत्र में लड़कों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चल रही हैं। वहीं दूसरी तरफ अभी भी भारत के कुछे रूढ़िवादी विचारधारा लड़कियों के प्रति संकीर्ण सोच रखे हुए हैं। भारत का सशक्तीकरण तब तक नहीं हो सकता, लड़का-लड़की के बीच भेदभाव की संकीर्ण मानसिकता नहीं त्याग देते।

**-राजेश जमशेदपुर**

## व्यर्थ का विरोध

**केन्द्र** सरकार ने सरकारी स्वामित्व वाली, जैसे बीमा, बैंकिंग, उर्वरक, रक्षा उपकरण, इस्पात, पेट्रोलियम और अन्य क्षेत्र की कंपनियों के निजीकरण की दिशा में बड़ा कदम उठाया है, जो जनहित में भी बहुत आवश्यक है। विरोध करने वालों से ये पूछा जाना चाहिए कि क्या वे लोग अपने बच्चों को निजी स्कूलों में नहीं भेजते हैं? यह देश को पीछे ले जाने का प्रपंच है।

**- सुनील सिन्हा, हजारीबाग**

# तत्व ज्ञान के स्तंभ सदगुरु स्वामी शिवर्धमानंद जी

**स्वामी शिवधर्मानंद: जिनके सानिध्य में जानने के लिये कुछ शेष नहीं रह जाता था**

भारत पुण्य भूमि पर संतो की परम्परा रही है। इसी परम्परा में एक ऐसे तत्व ज्ञानी महापुरुष आये जिनके बारे में कुछ भी कहा जाए या कुछ भी लिखा जाए वह कम होगा। ज्ञान मार्तण्ड करुणा सागर पूर्ण संत श्री श्री 1008 श्री स्वामी शिवधर्मानंद जी महाराज परमहंस जी 1907 में धरा पर आये। 20 मार्च 1999 को ब्रह्मलीन होने तक वे भक्ति के प्रचार और समाज के कल्याण के लिये क्षण भर रुके बिना काम करते रहे।



**आरंभिक जीवन**

काशी के चन्दौली जनपद में मुख्यालय से लगभग 6 किमी दूर खुरुहुंजा नाम का गांव है। गांव में भक्ति के साथ साथ शक्ति को लेकर लोगों में सजगता है। ब्रत त्योहार के साथ इस गांव के युवा कुश्ती का शौक भी रखते थे। इसी गांव में पंडित रामउग्रह तिवारी उर्फ बड़का तिवारी और धर्मपत्नी मोरवंशी देवी के परिवार में बसंत पंचमी के दिन इनका जन्म हुआ। इनका नामाकरण देवशंकर हुआ। आरंभिक जीवन में इन्हें नारायण बनिया के परिवार ने भी जो निसंतान ने अपना पुत्र मानकर प्रेम किया। मां मोरवंशी ने कहा कि मैं चाहती हूं कि देवशंकर पूरी दुनिया के अपने हो। खुरुहुंआ में एक कहावत प्रचलित थी ***मर्द खुरुहुंजा पंजा तोड़***। हनुमान जी बल पौरूष बाला यह गांव पूर्ण धार्मिक वातावरण वाला था। गांव के प्राथमिक विद्यालय में अध्ययन के क्रम में आपकी वुद्धि अति कुशाग्र थी। बचपन में ही ये जिज्ञासु थे और सवाल करते की भगवान कौन हैं? कहां रहते हैं? हम कौन हैं? पूछने पर बताया जाता - भगवान खोजी होने पर मिल जाते हैं। तप तपस्या भजन ध्यान करने पर प्रगट हो जाते हैं। मन में विचार उठता पृथ्वी पर राम- कृष्ण तो कभी धरती पर मौजूद थे और उस जमाने के लोगों को उनका सानिध्य प्राप्त था। बालक देवशंकर का मन दृढ़ हो चला- मुझे भी साक्षात शरीर वाले भगवान चाहिए, मूर्ति या चित्र वाले नहीं। उन्हें किशोरावस्था में एक परम धार्मिक व्यक्ति बैकुंठनाथ सिंह ने बताया कि ब्रह्म ज्ञान होने पर ईश्वर को जान लिया जाता है। सिंह जी सवा लाख राम नाम जपने के बाद ही भोजन ग्रहण करते थे। उन्होंने बताया कि इसके लिये समर्थ गुरु की आवश्यकता होती है। बैंकुठनाथ सिंह जी जो खुरुहुंजा गांव ही थे जो बाद में गढ़वा घाट काशी से स्वामी जी बने।


**- मुरलीधर**

> वर्तमान स्वामी सत्यानंदजी परमहंस बताते हैं कि उन्होंने सात दशक तक भक्ति के प्रसार के लिये जिन विपरीत स्थितियों में कार्य किया वैसा उदाहरण विरले मिलता है। धन्य है वह राजपुर की धरा जहां कलियुग काल में संत शिरोमणि 1008 श्री शिवधर्मानंदजी महाराज परमहंस जैसे तत्व ज्ञानी के प्रताप को प्रस्फुटित होने का अवसर दिया। 1999 में ब्रह्मलीन होने तक वे भक्ति के प्रसार के लिये हर क्षण का उपयोग किया।

**सन्यास**

1930 में देवशंकर तिवारी की उम्र 23 वर्ष की थी। गढ़वा घाट आश्रम काशी का निमार्ण कार्य चल रहा था। उन्होंने भी भकड़ेंवाले कुटी पहुंचकर सन्यासी बन गये और योग पट दिया गया शिवधर्मानंद। 1935 में सदगुरु स्वरूपानंद महाराज नांगली चले गये। गुरुवाणी हुई अब मेरे यहां आने की आवश्यकता नहीं है। अब गढ़वा घाट काशी के महात्मा ही आपके गुरु होंगे। गुरुग्रंथ साहब में लिखा है। वाणी गुरु है गुरु है वाणी बीच वाणी अमृतसार है। गुरुवाणी कहे सेवक जान माने प्रतीत गुरु निस्तार।

गढ़वा घाट आश्रम का निमार्ण शीरकरहिया गांव में गंगा किनारे चल रहा था। महात्मा शिवधर्मानंद, महात्मा हरशंकरानंद,महात्मा हरसेवा नंद मुख्य महात्मा थे। स्वामी शिवधर्मानंद जी साइकिल से घूमते और सत्संग करते थे। इन्होंने शंका समाधान केन्द्र का एक बोर्ड लगा दिया था जिसकी चर्चा चारो ओर थी। बक्सर के समीप सिमरी प्रखंड में स्थित छोटका राजपुर गांव के लोग गढ़वा घाट आश्रम के शिष्य थे। उनके आग्रह पर स्वामी जी को पालकी से लाया गया। कुछ समय बाद राजपुर में आश्रम निमार्ण की मांग रखी गयी। यह यूपी के बलिया और बिहार के बक्सर का इलाका था जहां काफी विवाद होता था। इसका निदान के लिये नेहरू जी ने त्रिवेदी आयोग बनाया। एसएम त्रिवेदी मद्रास हाई कोर्ट के सेवा निवृत जज थे उन्होंने पिलर से इसे निर्धारित किया।

स्वामी जी ने गांव के लोगों द्वारा प्रदत भूमि पर आश्रम बनाया। भक्ति का प्रचार आंरभ हो गया। वे आश्रम के हर कार्य में पूरे मन से लोगों को जोड़ते। आश्रम की भूमि बालुवाली थी इसलिये पानी की दिक्कत थी। स्वामी जी ने एक स्थान का चयन किया और कुंआ खोदवाया जहां कोई भी पानी होने की उम्मीद नहीं कर रहा था वहां जमकर पानी मिला।

राजपुर दरबार की भक्ति यात्रा का धीरे घीरे विस्तार हो गया। पाकुड़ से लेकर लखनऊ तक स्वामी जी का दौरा होता। घीरे-धीरे व्यवस्था अनुकूल हो रही थी स्वामी जी श्वेत वस्त्र में आ गये। गरु भक्ति मार्ग के संस्थापक परमहंस दयाल स्वामी अैद्धेतानंद जी महाराज ने जिस पंथ का आगे बढ़ाया था वह चार स्तरीय था। गुरु रहेंगे जिनकी पूजा होगी। ये ब्रह्म स्वरूप रहेंगे। ज्ञानदाता उनकी संज्ञा रहेगी और जो कोई भी हो वह मन, वाणी और कर्म से उनका वरण करेंगे। गुरु भक्ति का अर्थ अपने को गुरु में तल्लीन कर देना। दूसरे पैदान पर महात्मा लोग होंगे। ये महात्मा लोग गेरूआ वस्त्र पहनेंगे। एक ही रंग में होगा जो दर्शाता है कि मेरा प्रेम गुरु में ही है। तीसरा स्तर त्यागी भक्तों का होता हैजो गृह त्याग कर चुके होते हैं और सन्यासी महात्मा बनने की दिशा में अग्रसर होते हैं। चौथी स्तर पर गृहस्थी भक्तों का होता है जो समय -समय पर आश्रम जाते रहते हैं।

साल में गुरु पूर्णिमा, दिवाली, होली सहित प्रमुख अवसरों पर जो भी महात्मा बनना चाहता है उसकी अर्जी अगर वर्तमान स्वामी जी स्वामी जी स्वीकार कर लेते हैं तो उन्हें भेष यानी महात्मा बनाया जाता है। यह सनातन पद्धति की सर्वोच्च परम्परा है जो आज भी ब्रह्म विद्यालय सह आश्रम में सुशाभित है। वर्तमान स्वामी सत्यानंदजी परमहंस बताते हैं कि उन्होंने सात दशक तक भक्ति के प्रसार के लिये जिन विपरीत स्थितियों में कार्य किया वैसा उदाहरण विरले मिलता है। कलियुग काल में संत शिरोमणि 1008 श्री शिवधर्मानंदजी महाराज परमहंस जैसे तत्व ज्ञानी के प्रताप को प्रस्फुटित होना देश के लिये गौरव की बात है। 1999 में ब्रह्मलीन होने तक वे भक्ति के प्रसार के लिये हर क्षण का उपयोग किया। उन्होंने तत्व ज्ञान जो अलख जगाई वह देश के लगभग 100 आश्रम के माध्यम से पूरे देश में ब्रह्म ज्ञान को समर्पित है। वर्तमान में झारखंड में रांची, बोकारो, पाकुड़,टाटा और गढ़वा में ब्रम्ह विद्यालय आश्रम स्थित है।

खास बात

## मतदान से राष्ट्र निर्माण

**लोकसभा** के पहले चुनाव 1952 में 44.87 प्रतिशत मतदान रहा था जो सर्वाधिक 67.40 प्रतिशत 2019 के 17 वीं लोकसभा के चुनाव में रहा। मतदान में उतार चढ़ाव तो देखा जाता रहा है पर चुनाव व्यवस्था के सरलीकरण, पारदर्शिता, निष्पक्ष चुनाव की चाकचोबंद व्यवस्था, ग्रामीण और शहरी सभी क्षेत्रों में साक्षरता में बढ़ोतरी के बावजूद यदि मतदान प्रतिशत 90 के आंकड़ें को भी नहीं छूता है तो यह घोर निराशाजनक है। हांलाकि आजादी के बाद सर्वाधिक मतदान 1984 के 64.01 के आंकड़ें. को 2014 में पीछे छोड़ा गया पर 2019 के पहले चरण के मतदान से निराशा ही हाथ लगी है। आखिर शिक्षित मतदाता अपने मताधिकार का उपयोग करने के प्रति इतना गैरजिम्मेदार कैसे हो रहा है। सब कुछ को अलग कर दिया जाये तो भी इस बात से नहीं नकारा जा सकता कि देश के नागरिक का भी अपने देश के प्रति लोकतंत्र के प्रति दायित्व होता है। आखिर हम सरकार की आलोचना करने में तो पीछे नहीं रहते पर कभी हमने सोचा है क्या कि हम मताधिकार का उपयोग करने के अपने दायित्व को नहीं समझ पाते हैं। अपनी सरकार चुनने के अवसर पर हम हमारे दायित्व को कैसे भूल जाते हैं। इस संदर्भ में सर्वोच्च न्यायालय की टिप्पीण भी अपने आप में गंभीर हो जाती है। भारत जैसे देश के आम नागरिकों द्वारा इस तरह से लोकतंत्र के इस महापर्व में अपनी हिस्सेदारी नहीं निभाना किसी अपराध से कम नहीं माना जाना चाहिए।


हमें उस समय नीचे देखने को भी मजबूर होना पड़ता है जब इतने बड़े लोकतंत्र के पर्व पर आमनागरिक अपने दायित्व को समझने और उसे पूरा करने की भूल कर बैठता है और मताधिकार का उपयोग नहीं कर व्यवस्था को ठेंगा बताने का प्रयास करते हैं। मेरा तो यहां तक मानना है कि नोटा का प्रयोग भी सही विकल्प नहीं है वहीं मतदान का बहिष्कार तो देशद्रोह से कम अपराध नहीं माना जाना चाहिए। चुनाव आयोग, राजनीतिक दलों, सर्वोच्च न्यायालय, सरकार गैरसरकारी संगठनों और समाज के प्रबुद्ध जनों को सोचना होगा कि लोकतंत्र के इस महापर्व में मतदान कर अपनी आहुति देने के काम से मुहं मोड़ने वालों को दंडित करनाहोगा।

**एम्स** की गारंटी पूरी, एयरपोर्ट की गारंटी पूरी, रेलवे की गारंटी पूरी, विकास की गारंटी पूरी अब गोड्डा की जनता 9 लाख पार की गारंटी पूरा करेगी।

**-निशिकांत दूबे, सांसद गोड्डा**

रोचक ट्वीट

**देश** काल वस्तु पदार्थ और अभिरुचियां प्रत्येक युग में बदलती रहीं किन्तु अक्षर विचार शाश्वत है ! आद्य काल में ताड़ पत्रों पर सहेजे गए सदग्रन्थ नित्य प्रासंगिक हैं। नोटबुक अथवा डायरी में लिपिबद्ध आत्मीय अभिव्यक्तियां जीवन की अमूर्त धरोधर हैं। **- स्वामी अवधेशानंदगिरी**





मा. राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु जी द्वारा आज नई दिल्ली में 'पद्म पुरस्कार-2024' के अंतर्गत पूर्व उपराष्ट्रपति एवं भाजपा परिवार के वरिष्ठ सदस्य श्री एम. वेंकैया नायडु जी को 'पद्म विभूषण' से सम्मानित होने पर हदयतल से बधाई! **-आदित्यनाथ**

# अहंकार रहित सामर्थ्य के प्रेरणा स्रोत मारुतिनंदन

**डॉ. मोनिका शर्मा**

**पौराणिक** चरित्रों से बहुत कुछ सीखा जा सकता है। आध्यात्मिक भाव से जुड़े ऐसे चरित्र भक्ति ही जीवन शक्ति जुटाने का भी मार्ग सुझाते हैं। उनके विचार और व्यवहार परिस्थितियों से जूझने का बल देते हैं। आराध्य मानने के साथ ही उनके गुणों को अपने व्यक्तित्व में उतारने की सोच इंसान का जीवन बदल सकती है। यूं भी भक्ति भाव का अर्थ केवल पूजन-अर्चन तक सीमित नहीं होता। ईश्वर के इन रूपों में भगवान हनुमान बेहद सहज और सरल लगते हैं। समर्पण के भाव और कार्यकुशलता की बात होते ही बजरंग बली का स्मरण हो आता है। उनसे जुड़ी बहुत-सी बातें आज के समय में भी प्रासंगिक तो हैं ही हमारे जीवन को सार्थकता देने वाली भी है।

**सतत सीखते जाना**

अतुलित बल और बुद्धि कौशल के धनी होने बावजूद भगवान हनुमान सदैव नया सीखने-समझने वाले रहे। सीखने का यही भाव गुणी बनाने के साथ ही हर परिस्थिति में विजय दिलाने वाला भी रहा। उनके चरित्र में न ज्ञान का दंभ है और न ही कुछ कर दिखाने की शीघ्रता का विचलन। जानने के समझने के भाव के विस्तार देने से ही यह ठहराव पाया जा सकता है। नम्र भाव से कुछ जानने की सोच रखना असल में जीवन का हर पक्ष संवार देता है। साहस और सदाचार को चरित्र में उतारता है। भगवान हनुमान के व्यक्तित्व का यह आयाम हमें भी सदैव अपनी सीखने की यात्रा जारी रखने का संदेश देता है। इसके लिए शांत भाव से दूसरों की बात सुनना आवश्यक है। हमेशा अपनी क्षमता और दक्षता का बखान करते रहने के बजाय वैचारिक स्थिरता का चुनाव आवश्यक है।

धर्म

**विनम्रता भरपूर अहंकार से दूर**

बल, बुद्धि और विद्या देने वाले भगवान हनुमान का चरित्र बहुत विनम्र है। शक्तिसम्पन्न होने के बावजूद अहंकार से पूरी तरह दूर। अपार शक्ति के स्वामी होने के बाद भी विध्वंस नहीं संवाद का मार्ग चुनते हैं। बजरंग बली का चरित्र सिखाता है कि बलवान होना हमें बड़ा नहीं बना सकता है। विनम्र बनकर तो अपने लक्ष्यों को हासिल करना और सरल हो जाता है। साथ नम्रता का यह भाव कभी अहंकारी भी नहीं बनने देता। ये दोनों ही मानवीय गुणों को बचाए रखती हैं। इस आदर्श व्यवहार के कारण ही हनुमान जी कई अवसरों पर चतुराई से काम लेते हैं पर चालाकी नहीं करते। असल में चतुराई खुद के लिए रास्ता बनाने वाली सोच से जोड़ती है जबकि चालाकी दूसरों के मार्ग में बाधा बनने की सोच लाती है। अहंकारी लोग आमतौर पर दूसरों का रास्ता रोकने का काम करते हैं। विनम्रता ही मन में समर्पण का भाव लाती है। असंख्य गुणों में प्रभु राम के प्रति समर्पित होना हनुमान जी के सर्वोत्तम गुण है। आज के समय में पद, पैसा और पहचान अधिकतर लोगों को अहंकार का शिकार बना रहा है। विनम्रता से दूर कर रहा है। दूसरों का अपमान करने की विस्तार पाती मानसिकता घर हो या बाहर हर जगह दिख जाती है।

**सहजता का भाव**

भगवान हनुमान साहसी हैं पर बहुत सहज भी। माना तो यह भी जाता है कि आज के युग में हनुमान जी सबसे जल्दी प्रसन्न होने वाले देवता है। संयम और संतुलन को जीने के बावजूद उनका चरित्र गंभीरता नहीं ओढ़ता।

एक सहज भोलापन उनके चरित्र की खासियत है। बच्चे और बड़े सभी भगवान हनुमान से जुड़ाव महसूस कर पाते हैं। यही वजह है कि हिंदू पौराणिक चरित्रों में वायु पुत्र हनुमान सबसे लोकप्रिय और व्यापक रूप से पूजे जाने वाले देवताओं में से एक हैं। मौजूदा दौर में भी सहजता आम इंसान को भी अपने समाज और परिवार से जोड़ने वाला गुण है।

# मतदाता की बेरुखी लोकतंत्र के लिए नहीं हैं अच्छे संकेत

**डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा**

चुनाव 2024

**मतदान** में हिस्सा नहीं लेने वाले मतदाताओं को किसी भी हालत में देश का जिम्मेदार नागरिक नहीं कहा जा सकता। आज चुनाव आयोग ने जहां अवेयरनेस प्रोग्राम के माध्यम से लोगों को मतदान के प्रति जागृत किया हैं वहीं पारदर्शी और सहज मतदान व्यवस्था सुनिश्चित की है।

18 वीं लोकसभा के लिए पहले चरण की 102 सीटों के लिए मतदान के प्रति मतदाताओं की उदासीनता ने निराश ही किया है। आजादी के साढ़े सात दशक बाद भी मतदान प्रतिशत बढ़ने के स्थान पर कम होना निश्चित रुप से किसी भी रुप में लोकतंत्र के लिए शुभ संकेत नहीं माना जा सकता है। चुनाव आयोग के लाख प्रयासों के बावजूद मतदान प्रतिशत कम होना निश्चित रुप से सोचने को मजबूर कर देता है। चुनाव आयोग से पहले चरण के मतदान के प्राप्त आंकड़ों का विश्लेषण किया जाये तो साफ हो जाता है कि 2019 की तुलना में दो प्रतिशत तक मतदान प्रतिशत में गिरावट आई है। हांलाकि त्रिपुरा और सिक्किम में मतदान का आंकड़ा 80 प्रतिशत को छूने में सफल रहा है पर वहां भी 2019 की तुलना में कम है। त्रिपुरा में 2019 के 81.9 प्रतिशत की तुलना में 81.5 प्रतिशत और सिक्किम में 84.8 प्रतिशत की तुलना में 80 प्रतिषत मतदान रहा है। पहले चरण के चुनावों में मतदान का सबसे कम प्रतिशत बिहार का रहा है जहां मतदान का आंकड़ा 50 प्रतिषत को भी छू नहीं पाया है। छत्तीसगढ़ में अवश्य 2019 की तुलना में एक प्रतिशत से कुछ अधिक मतदान रहा है। जहां तक राजस्थान का प्रश्न है 12 सीटों पर हुए मतदान में मतदान प्रतिषत में 6 फीसदी की गिरावट रही हैं। सभी सीटों पर मतदान का प्रतिषत 2019 की तुलना में कम रहे हैं। हांलाकि चुनाव आयोग द्वारा जारी आंकड़ें आरंभिक सूचना के आधार पर है पर इनमें कोई खास बदलाव आने की संभावना नहीं है। मजे की बात यह है कि पहले चरण में लोकसभा की 543 सीटों में से 20 प्रतिशत से कुछ कम 102 सीटों पर मतदान हो चुका हैं। यदि मतदाताओं का अगले चार चरणों के मतदान में भी यही रुख रहता है तो यह चुनाव आयोग, राजनीतिक दलों, लोकतांत्रिक व्यवस्था, गैरसरकारी संगठनों सहित सभी के लिए चिंतनीय हो जाता है।

मतदान में हिस्सा नहीं लेने वाले मतदाताओं को किसी भी हालत में देश का जिम्मेदार नागरिक नहीं कहा जा सकता। आज चुनाव आयोग ने जहां अवेयरनेस प्रोग्राम के माध्यम से लोगों को मतदान के प्रति जागृत किया हैं वहीं पारदर्शी और सहज मतदान व्यवस्था सुनिश्चित की है। आज मतदाताओं को किसी राजनीतिक दल पर निर्भर नहीं रहना पड़ता। एक मतदान केन्द्र पर एक सीमा तक ही मतदाता होने के साथ ही मतदान केन्द्र पर सभी तरह की व्यवस्था सुनिश्चित की जाती है। अब तो मतदाता को चुनाव आयोग द्वारा मतदाता क्रमांक से लेकर मतदान केन्द्र तक की जानकारी का समावेश करते हुए परची उपलब्ध कराई जाती है। सीनियर सिटिजन और मतदान केन्द्र तक जाने में अक्षम मतदाताओं को घर से मतदान की सुविधा दी गई है। मतदाताओं को जागृत करने के लिए प्रचार के सभी माध्यम यहां तक कि सोशियल मीडिया का उपयोग किया जाने लगा है। मतदान को निष्पक्ष और भयमुक्त कराने के लिए संपूर्ण व्यवस्था चाक चोबंद की जाती है। राजनीतिक दलों और उम्मीद्वारों की प्रत्येक गतिविधि पर नजर रखी जाती है। यहां तक कि उम्मीद्वार से संबंधित जानकारी साझा की जाती है। संवेदनशील मतदान केन्द्रों पर विशेष व्यवस्था होती है। कानून व्यवस्था सुनिश्चित करने के साथ ही मतदान केन्द्र पर सुरक्षा की व्यवस्था सुनिश्चित की जाती है। इसके अलावा यह नहीं भूलना चाहिए कि साक्षरता और लोगों में जागरुकता आई है। चुनाव आयोग के अलग अलग ऑब्जरवर द्वारा पूरी व्यवस्था पर कड़ी नजर रखी जाती है ताकि राजनीतिक दलों या उम्मीद्वारों द्वारा मतदाताओं को किसी भी गलत तरीके से प्रभावित नहीं किया जा सके। इस सबके बावजूद मतदान कम होना गंभीर हो जाता है।

# कांग्रेस व उसके गठबंधन की नजर अब आपकी कमाई व संपत्ति पर : अन्नपूर्णा देवी

खबर मन्त्र संवाददाता



**कोडरमा।** सत्ता तक पहुंचने की बेचैनी में कांग्रेस अल्पसंख्यक तुष्टिकरण की पराकाष्ठा पर पहुंच गई है। अपनी पुरानी लीक पर चलते हुए कांग्रेस ने सत्ता में आने पर संपत्ति पुनर्वितरण की बात कही है, जो देश के लिए घातक है। कांग्रेस का कहना है कि वो इनहेरिटेंस टैक्स लगाएगी, माता-पिता से मिलने वाली विरासत पर भी टैक्स लगाएगी। आप जो अपनी मेहनत से संपत्ति जुटाते हैं, वो आपके बच्चों को नहीं मिलेगी। कांग्रेस का पंजा वो भी आपसे लूट लेगा।

जैसा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि कांग्रेस का मंत्र है। कांग्रेस की लूट.. जिंदगी के साथ भी, जिंदगी के बाद भी। चिंताजनक यह है कि ऐसे दौर में जब देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश के उद्यमियों को ज्यादा से ज्यादा कमाकर राष्ट्रीय उत्पादकता और राष्ट्रीय आय बढ़ाने के लिए प्रेरित कर रहे हैं, कांग्रेस कमाने वालों को तकलीफ और मुफ्तखोरों को इनाम देना चाहती है।

प्रेस वार्ता में रामचन्द्र सिंह, विरेन्द्र सिंह, सुरेश यादव, चन्द्रशेखर जोशी, मनोज कुमार, शिवेन्द्र नारायण सिन्हा, दिनेश सिंह, नरेन्द्र पाल, राजकिशोर प्रसाद, दिनेश्वर प्रसाद, कृष्णा ब्रहपुरिया आदि शामिल थे।

## स्पीड न्यूज

### सवारी गाड़ी से गिरकर युवक की मौत

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** तिलैया थाना क्षेत्र अंतर्गत वीर कुंवर सिंह चौक स्थित एक सवारी गाड़ी से गिरकर युवक की मौत हो गई। घटना बुधवार अहले सुबह 7 की बताई गई है। मृतक की पहचान 20 वर्षीय राहुल दास पिता सहदेव दास अलगडीहा जयनगर निवासी के रूप में की गई। मिली जानकारी के अनुसार बारातियों से भरी सवारी गाड़ी संख्या बीआर01जीए/5255 चौपारण से शादी समारोह से लौट रही थी। इसी दौरान वीर कुंवर सिंह चौक स्थित ओवर ब्रिज के पिलर से टकराकर वाहन के संतुलन बिगड़ने से उस के उपर छतपर सवार एक युवक गिर गया। वहीं आनन-फानन में वाहन पर सवार लोगों ने युवक को सदर अस्पताल लाया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।

### दोस्त के भेजे लिंक से साइबर क्राइम का शिकार हुआ युवक

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** ताराटांड निवासी श्रवण कुमार पिता राजेंद्र राम ने तिलैया थाना में आवेदन देकर बताया की वो अपने दोस्त के झांसे में आकर ठगी का शिकार हो गया। ब्लॉक रोड स्थित आजीवन बैंक में कार्यरत कर्मचारी टिंकू कुमार जो की पांडेबारा जिला हजारीबाग निवासी है। बैंक आने जाने के क्रम में दोनों की दोस्ती हुई थी, टिंकू के द्वारा एक लिंक श्रवण कुमार के मोबाइल पर भेजा गया और अपडेट करने के नाम पर ओटीपी मांग कर श्रवण कुमार के खाते से 30 हजार रुपये उड़ा ले गये।

### विश्व मानव एकता दिवस पर लगा रक्तदान शिविर

**कोडरमा।** विश्व मानव एकता दिवस के अवसर पर सिविल सर्जन डॉ अनिल कुमार एवं उपाधीक्षक डॉ. रंजीत कुमार के मार्गदर्शन पर बुधवार को महतो आहर गुमो स्थित संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन की ओर से स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।

### सीटू की बैठक में एक मई को मजदूर दिवस मनाने का निर्णय

**कोडरमा।** सेन्टर ऑफ इंडियन ट्रेड यूनियन (सीटू) की बैठक बजरंग नगर में जिलाध्यक्ष प्रेम प्रकाश की अध्यक्षता में संपन्न हुई। संचालन सीटू के जिला संयोजक रमेश प्रजापति ने किया। बैठक में एक मई को मजदूर दिवस वीर कुंवर सिंह पार्क, झुमरीतिलैया में मनाने का निर्णय लिया गया। वहीं बैठक को संबोधित करते हुए सीटू के राज्य सचिव संजय पासवान ने कहा कि सीटू इस मई दिवस पर शासन में काबिज सांप्रदायिक कॉरपोरेट गठजोड़ की विनाशकारी मुहिम, निजी कॉरपोरेट वर्ग के माध्यम से देश के संसाधनों, संपत्ति और बुनियादी ढांचे पर बेरोक टोक लूट खसोट के खिलाफ व्यापक संघर्ष और सत्ता से बेदखल करने का संकल्प लेगी।

### दो दिवसीय हनुमान जन्मोत्सव सह 43वां वार्षिक उत्सव भक्ति भाव के साथ संपन्न

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** नगर की धार्मिक संगठन श्री हनुमान संकीर्तन मंडल का दो दिवसीय हनुमान महोत्सव 43वां वार्षिक उत्सव केदारनाथ रामगोपाल की फैक्ट्री में संपन्न हुआ। इस अवसर पर मंडल परिवार और श्रद्धालु भक्तों की ओर से सामूहिक रूप से वीर हनुमान को भव्य गजरा अर्पित किया गया। दो दिवसीय कार्यक्रम में स्थानीय एवं बाहर के कलाकारों ने भक्ति के सागर में गोता लगाने का मौका दिया। कार्यक्रम में कई श्रद्धालु भक्तों ने वीर हनुमान सहित बाबा श्याम, भोले शंकर, माता दुर्गा पर आधारित भोजपुरी, राजस्थानी, क्लासिकल आधारित भजनों को प्रस्तुत किया। वहीं धनबाद से आए भजन गायक अभिषेक सिंघल, पंकज शर्मा, दीपक अरोड़ा, जमशेदपुर से अनामिका सिंह, सरिया का धीरज पांडेय ने दुनिया चले न राम के बीना और राम जी चले ना हनुमान के बिना......जहां-जहां कीर्तन होगा श्री राम कि पहरा लगेगा वीर हनुमान का.......चप्पा चप्पा लंका जले...... हर कदम पर सांवरे जब मेरे साथ है......जैसे भजनों पर श्रद्धालु भक्त भक्ति के सागर में गोता लगाते रहे।

### मतदाता जागरूकता अभियान का आयोजन

**कोडरमा।** लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के स्वीप कार्यक्रम अंतर्गत मतदाता जागरूकता अभियान के तहत नगर पंचायत कोडरमा क्षेत्र अंतर्गत गठित स्वयं सहायता समूह के सदस्यों, क्षेत्र स्तरीय संघो, नगर स्तरीय संघ के 100 प्रतिभागियों की बैठक नगर पंचायत कोडरमा एवं जिला प्रशासन कोडरमा के तत्वावधान में बिरसा मुंडा संस्कृति भवन कोडरमा में आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता प्रशासक नगर पंचायत कोडरमा शशि शेखर सुमन के द्वारा की गई। बैठक में उन्होंने बताया कि मतदान की 20 मई 2024 को सभी लोग अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे, अपने घर के सभी सदस्य जो 18 वर्ष से अधिक उम्र के हैं अपना मतदान जरूर करें, एवं अपने आस पास के लोगों को भी जागरूक करने का निर्देश दिया गया। उन्होंने स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को वोटर हेल्पलाइन एप्प से संबंधित जानकारी दी गई एवं एप्प डाउनलोड कराया गया, वोटर हेल्पलाइन एप्प से अपने मतदान केंद्र का पता लगाया जा सकता है। किसी भी निर्वाचन संबंधी जानकारी के लिए 1950 हेल्पलाइन पर कॉल करें।

# जनता आशीर्वाद और सहयोग करें, जीत हरहाल में भाकपा माले की होगी : आइएनडीआइए गठबंधन

खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** इंडिया गठबंधन समर्थित भाकपा-माले उम्मीदवार विनोद सिंह ने बुधवार को डोमचांच प्रखण्ड के दर्जनों गांव में जनसम्पर्क अभियान चलाकर जनता से सीधे संवाद किया। भाकपा माले प्रत्याशी का डोमचांच प्रखंड आगमन पर इंडिया गठबंधन के घटक दलों ने नवलशाही में भव्य स्वागत किया। इंडिया गठबंधन के संयोजक सह राजद जिलाध्यक्ष रामधन यादव के नेतृत्व में भाकपा माले प्रत्याशी विनोद सिंह ने नवलशाही, नवादा चौक, खरखार, बंगाखलार, ढाब, जानपुर, पारहो, सपही, ढोढाकोला, सिमरिया समेत कई गांवों में जनसंवाद कार्यक्रम में शिरकत किया और जनता से रूबरू हुए। इन इलाकों में ढिबरा मजदूरों ने कॉमरेड विनोद सिंह का झारखंडी पारम्परिक तरीके से स्वागत किया। इंडिया गठबंधन के भाकपा माले प्रत्याशी विनोद सिंह ने कहा कि जनता बदलाव की ओर अग्रसर हो रही है। जनता में भाजपा और उसके सांसद के प्रति काफी गुस्सा है। वहीं राजद जिलायक्ष रामान यादव, राजद नेता अवोश प्रसाद यादव, राजद युवा जिलायक्ष मनोज रजक, कांग्रेस नेता मनोज सहाय पिंकू, सीपीएम नेता असीम सरकार, रमेश प्रजापति, वैनाथ मेहता ने कहा कि जनता में विनोद सिंह के प्रति अलग ही उत्साह है, भाजपा के खिलाफ गांव गांव में आवाज उठ रही है। जनता भाजपा वालों से हिसाब मांग रही, लेकिन भाजपा को जबाब मिल नही रही। इंडिया गठबांन के नेताओं ने कहा कि डोमचांच शहीदों की ारती है, अंग्रेजो को खदेड़ने का इतिहास रखती है। इसी डोमचांच से इसबार ढिबरा, पत्थर, क्रशर मजदूर भाजपा को सत्ता से बेदखल करेगी। नेताओं ने कहा कि इंडिया गठबांन को मिल रहे अपार जनसमर्थन से भाजपा की नींद उड़ी है।



### मतदाता जागरूकता के निमित्त कई कार्यक्रम का आयोजन

**कोडरमा।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त के निर्देशानुसार स्वीप कार्यक्रम के तहत विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से मतदाताओं को नैतिक मतदान करने को लेकर प्रेरित किया जा रहा है। जिले के विभिन्न आंगनबाड़ी केंद्र में मतदाता जागरूकता के निमित्त कई कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। बच्चों के द्वारा रंगोली बनाकर अपनी अभिभावकों को 20 मई को वोट देने के लिए चलने को कहा। गैस एजेंसी द्वारा मतदाता जागरूकता के निमित्त गैस सिलिंडर पर स्टीकर लगाकर 20 मई 2024 के दिन आमजनों को मतदान करने का संदेश दिया जा रहा है।

### मतदान कर्मियों को दिया गया प्रशिक्षण

**कोडरमा।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त मेघा भारद्वाज के निर्देशानुसार मतदान प्रक्रिया के सफल संचालन को लेकर मतदान कर्मियों का प्रशिक्षण कार्यक्रम अभियंत्रण महाविद्यालय बागीटांड़ भवन में शुभारंभ हुआ। प्रशिक्षण कार्यक्रम में डीडीसी ऋतुराज व एसडीओ रिया सिंह के नेतृत्व में संपन्न हुआ। वहीं बुधवार को पोलिंग पदाधिकारी 03 और सेक्टर पदाधिकारी व सेक्टर पुलिस पदाकािरी को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम दो पालियों में आयोजित किया गया। प्रथम पाली में 200 पोलिंग पार्टी 03 और द्वितीय पाली में 215 पोलिंग पदाधिकारी 3 को प्रशिक्षण दिया गया। वहीं मतदान कर्मियों को चुनाव के दौरान मतदान प्रक्रिया को संपन्न कराने को लेकर उनके दायित्वों और कर्तव्यों की जानकारी दिया गया। वहीं ईवीएम एवं वीवीपैट की प्रक्रिया का प्रशिक्षण दिया गया।

# स्वीप कार्यक्रम के तहत रात्रि चौपाल का आयोजन



खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** प्रखंड के मध्य विद्यालय गीता आश्रम में मंगलवार को स्वीप कार्यक्रम के तहत रात्रि चौपाल का आयोजन किया गया, जिसका उद्देश्य अधिक से अधिक मतदान को बढ़ावा देना था। कार्यक्रम में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त चतरा श्री रमेश घोलप मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरूआत वृद्धों, दिव्यांगों और जिले से आए अधिकारियों, प्रखंड विकास पदाधिकारी और जिला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित करके की गई। कार्यक्रम में निर्वाचन से संबंधित रंगोली बनाई गई, दीप प्रज्वलित किए गए और ₹वोट करेगा चतरा₹ का नारा लिखा गया। साथ ही, आम लोगों को मतदाता शपथ दिलाई गई और एक स्वर में 20 मई को वोट करेगा चतरा का नारा लगाया गया। मतदाताओं और आम लोगों को जागरूक करने के लिए नुक्कड़ नाटक भी प्रस्तुत किया गया। इस कार्यक्रम में अपर समाहर्ता, अनुमंडल पदाधिकारी चतरा, जिला क्रीड़ा पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी, कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद चतरा सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे।

# महागठबंधन की चुनौतियां चतरा लोकसभा चुनाव में बढ़ी

## भाजपा में शामिल हुए राजद के कई नेता



खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** आगामी लोकसभा चुनाव में महागठबंधन के नेताओं के लिए अपने कार्यकताओं को एकजुट रखना चुनौतीपूर्ण हो रहा है क्योंकि राजद कार्यकर्ता मनमाफिक उम्मीदवार न मिलने से आहत हैं और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा प्रत्याशी कालीचरण सिंह की लोकप्रियता से प्रभावित होकर बड़ी संख्या में भाजपा में शामिल हो रहे हैं।

मंगलवार को भाजपा प्रत्याशी कालीचरण सिंह के प्रतापपुर दौरे के दौरान दर्जनों राजद कार्यकताओं ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण कर ली। इनमें जोगीडीह पंचायत के मुखिया सह राजद के वरिष्ठ नेता विन्देश्वर उर्फ विरेन्द्र यादव, चंद्रीगोविंदपुर पंचायत के उप मुखिया सुनील यादव, राजद नेता विजय यादव, महेन्द्र यादव और अशोक यादव शामिल हैं।

भाजपा में शामिल होने वाले इन सभी नेताओं और कार्यकताओं को भाजपा प्रत्याशी कालीचरण सिंह, पूर्व विधायक सह भाजपा नेता जनार्दन पासवान और मंडल प्रभारी शिवकुमार चौबे ने सम्मानित किया। भाजपा प्रत्याशी कालीचरण सिंह ने कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि वह भी अपने क्षेत्र से जुड़े एक साधारण कार्यकर्ता हैं और अब से उनकी गरिमा का ख्याल रखना उनका परम कर्तव्य होगा।

उन्होंने कहा कि उन्हें मिलने के लिए दिल्ली नहीं जाना होगा, बल्कि वह चतरा जिला मुख्यालय में ही 24 घंटे उपलब्ध रहेंगे। उन्होंने कार्यकताओं से रिकॉर्ड मत से जीत दिलाने की अपील की ताकि वह हमेशा उनके कर्ज के बोझ तले दबे रहें। इस अवसर पर भाजपा के जिला और मंडल स्तरीय कई वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### स्वीप कार्यक्रम के तहत बूथ जागरूकता तथा डोर टू डोर जागरूकता कार्यक्रम

**चतरा।** सदर प्रखंड के आरा पंचायत में स्वीप कार्यक्रम के तहत बूथ जागरूकता तथा डोर टू डोर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में 85+ आयु वर्ग के मतदाताओं, दिव्यांग मतदाताओं, नए मतदाताओं को मत के अधिकार के बारे में जानकारी दी गई और मतदाता शपथ भी दिलाई गई। इस दौरान चुनाव का पर्व देश का गर्व को लेकर काफी उत्साह देखा गया। मतदाताओं ने कहा कि वे 20 मई 2024 को मतदान दिवस के दिन अपने मत का प्रयोग जरूर करेंगे। कार्यक्रम में जिला क्रीड़ा पदाधिकारी तुषार राय, जिला कार्यक्रम प्रबंधक जेएसएलपीएस अनील डुगडुग समेत कई मतदाता शामिल थे।

# दुर्घटनाग्रस्त स्कॉर्पियो कार से प्रतिबंधित मांस बरामद, प्राथमिकी दर्ज

खबर मन्त्र संवाददाता



**गिद्धौर।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत संचालित प्लस टू गंगा स्मारक उच्च विद्यालय के समीप बुधवार को एक स्कॉर्पियो वाहन अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। वाहन चतरा से हजारीबाग की ओर जा रहा था।

इसी क्रम में अनियंत्रित होकर पूरी तरह से दुर्घटनाग्रस्त हो गया। दुर्घटना में वाहन चालक मो. समीम को हल्की चोट लगी है। जबकि वाहन पर सवार मो. फैजान सहित अन्य सुरक्षित बच गए हैं। ग्रामीणों द्वारा इस घटना की सूचना गिद्धौर थाना को दी गई। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता दल-बल के साथ घटनास्थल पर पहुँचकर घटना की विस्तृत जानकारी ली। ग्रामीणों की मदद से दुर्घटनाग्रस्त स्कॉर्पियो को सीधा किया गया। जाँचोपरांत मांस प्रतिबंधित पाया गया। प्रतिबंधित मांस अधिनियम के तहत वाहन मालिक व चालक के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर ली गई।

### आजसू पार्टी की प्रखंड स्तरीय बैठक

**टंडवा (चतरा)।** आजसू पार्टी की प्रखंड स्तरीय बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि आगामी 26 अप्रैल को भाजपा प्रत्याशी कालीचरण सिंह के नामांकन में जाने का निर्णय लिया गया। बैठक में स्थानीय विस्थापितों को 75% रोजगार दिलाने पर चर्चा हुई। बैठक में केंद्रीय सदस्य नंदा थापा, राजेंद्र राम, रंजीत कुमार गुप्ता, महेश महतो, जिला अध्यक्ष लखन साहू, जिला अध्यक्ष श्रमिक संघ प्रोफेसर रामदेव पासवान, जिला अध्यक्ष बुद्धिजीवी मंच सरोज कुमार गुप्ता, भागवत प्रसाद गुप्ता, कामेश्वर पांसी, छोटन पासवान, जानकी महतो, अशोक महतो, सुरेंद्र सोनी, रत्न साव इत्यादि सभी पंचायत अध्यक्ष उपस्थित थे।

## एक नजर में

### चतरा के विकास के लिए हमेशा तत्पर रहा हूं: गिरिनाथ सिंह



खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** पूर्व मंत्री गिरिनाथ सिंह ने बुधवार को होटल उत्सव पैलेस में प्रेसवार्ता कर कहा कि वह चतरा के विकास के लिए हमेशा तत्पर रहे हैं और बेरोजगारी और मूलभूत समस्याओं को दूर करने के लिए लगातार आवाज उठाते आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि वह वर्ष 2004 से चतरा लोकसभा सीट से चुनाव लड़ने का प्रयास कर रहे हैं, लेकिन परिस्थितिवश पार्टियों द्वारा टिकट नहीं दिए जाने के कारण चुनाव नहीं लड़ पाए हैं। इस बार भी उन्होंने टिकट के लिए प्रयास किया, लेकिन चतरा लोकसभा सीट कांग्रेस के खाते में चली गई और केएन त्रिपाठी को प्रत्याशी बनाया गया है। इसलिए राजद महागठबंधन धर्म का पालन करते हुए चुनाव नहीं लड़ रहा है और कांग्रेस को समर्थन कर रहा है। इसी वजह से उन्हें टिकट नहीं दिया गया है।

### मेहंदी और रंगोली बनाकर चलाया गया मतदाता जागरूकता अभियान



खबर मन्त्र संवादाता

**कुंदा (चतरा)।** बुधवार को प्रखंड के अतिसुदूरवर्ती गाँव मदारपुर, एकता, मरगड्डा में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के लिए स्वीप कार्यक्रम के तहत महिलाओं ने रंगोली, मेहंदी, मतदाता शपथ दिलाकर मतदाताओं को जागरूक किया। प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी (मनरेगा) अजय कुमार सिन्हा मतदाताओं के बीच लोकतंत्र की महापर्व में ज्यादा से ज्यादा भाग लेने को लेकर मतदाताओं को जागरूक कर रहे हैं। इस मौके पर सभी को लोकतांत्रिक देश का जिम्मेदार नागरिक होने के नाते अपने मत का उपयोग करने के लिए प्रेरित किया गया। मतदाताओं को विभिन्न स्लोगन के माध्यम से भी जागरूक किया गया। इसके अलावा मतदान के महत्व तथा निर्वाचन प्रणाली के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। जनप्रतिनिधि भी स्वीप कार्यक्रम में भाग लेकर शत प्रतिशत मतदान करने को लेकर प्रेरित कर रहे हैं।

### तिवारीडीह में निकली भव्य कलश यात्रा



खबर मन्त्र संवादाता

**चतरा।** जिप उपाध्यक्ष बिरजू तिवारी के पैतृक गांव तिवारीडीह, कान्हाचट्टी में शिव परिवार सह हनुमंत प्राण-प्रतिष्ठा सह पांच दिवसीय श्री श्री 1008 श्री रुद्र महायज्ञ की भव्य कलश यात्रा निकाली गई। इस अवसर पर श्री बिरजू तिवारी ने पूजा-अर्चना कर महादेव से क्षेत्रवासियों के सुख, शांति और समृद्धि की कामना की। इस आयोजन में भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया और भगवान शिव का आशीर्वाद प्राप्त किया।

### जिले में मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन



खबर मन्त्र संवादाता

**चतरा।** बुधवार को चतरा जिले में स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। जतराहीबाग चौक से जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम चतरा तक निकाली गई इस रैली में सैकड़ों की संख्या में विद्यालय के छात्र-छात्राओं समेत कई मतदाताओं ने भाग लिया। जिला क्रीड़ा पदाधिकारी तुषार राय और बाल संरक्षण पदाधिकारी अरुणा प्रसाद ने रैली का नेतृत्व किया। रैली के स्टेडियम पहुंचने के बाद जिला क्रीड़ा पदाधिकारी ने छात्र-छात्राओं को अपने जानने, पहचान्ने और अपने करीबी लोगों को मत के प्रति जागरूक करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि इस लोकतंत्र में हर एक मत का महत्व है। इसी जागरूकता की कड़ी में प्रखण्ड विकास पदाधिकारी ईटखोरी द्वारा भी ईटखोरी बाजार क्षेत्र में साईकिल रैली निकालकर मतदाताओं को जागरूक किया गया।

### यूपीएससी क्रेक कर सिद्धान्त पहली बार पहुंचा अपने घर, हुआ भव्य स्वागत

**कोडरमा।** यूपीएससी क्रेक करने के बाद सिद्धान्त कुमार पहली बार अपने घर कोडरमा के झूमरीतिलैया पहुंचे, जहां उनका जोरदार स्वागत किया गया। वहीं लोगों ने सिद्धान्त को फूल माला पहनाकर व मिठाई खिलाकर बधाई दी और उनके उज्वल भविष्य की कामना की। यूपीएससी एग्जाम क्रेक करने के बाद अपने घर लौटे सिद्धान्त को बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है। उनसे मिलने रिश्तेदार, पड़ोसी, मित्र लगातार पहुंच रहें हैं। सिद्धान्त ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता पिता और अपने रिश्तेदार को देते हुए कहा कि इन्ही लोगों के आशीर्वाद से उन्होंने सफलता हासिल की हैं। सिद्धान्त ने बताया कि हौसला और हिम्मत से कुछ भी हासिल किया जा सकता हैं। उन्होंने बताया कि उन्हें बहुत बड़ी जिम्मेवारी मिलने वाली और वे पूरी ईमानदारी और निष्ठा के साथ अपनी जिम्मेवारी का निर्वहन करेंगे।

**स्पीड न्यूज**

### स्वीप कोषांग के कर्मियों ने मतदाताओं के बीच चलाया जागरूकता अभियान



गुमला। गुमला जिले में स्वीप गतिविधि के तहत जिले के नागरिकों को जागरूक करने के उद्देश्य से स्वीप कर्मियों ने गुमला अंतर्गत सुदूरवर्ती क्षेत्र कोटाम बाजार में आए मतदाताओं से मुलाकात की एवं उनके बीच मतदाता जागरूकता के संदेश देने हेतु उनके बीच कपड़े से बने थैले का वितरण किया गया। प्रत्येक नागरिकों से स्वीप कर्मियों ने मुलाकात की एवं उन्हे जिले में 13 मई को होने वाले लोकसभा आम चुनाव की तिथि से भी अवगत कराया गया। मतदाताओं को वोट देने के प्रति प्रेरित करने के साथ साथ उनके बीच चुनाव जागरूकता से जुड़े कपड़े से बने थैले का वितरण किया गया, ताकि जब भी कोई मतदाता उस बैग को लेकर सार्वजनिक स्थान पर जाए तो आस पास के नागरिकों को जिले में होने वाले मतदान दिवस की तिथि की याद आये। इस दौरान मुख्य रूप से स्वीप कोषांग के फिरदोष, राजेश कुमार पोद्दार, सुनील कुमार, शालेंद्र कुमार सहित अन्य संबंधित कर्मी उपस्थित थे।

### कांग्रेस के गुमला विधानसभा प्रभारी ने विभिन्न पंचायतों का किया दौरा



गुमला। लोकसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस प्रत्याशी सुखदेव भगत के पक्ष में बुधवार को गुमला जिला प्रभारी रमेश कुमार ने चैनपुर व डुमरी प्रखंड के कई गांवों का तुफानी दौरा किया। दौरे के क्रम में पार्टी कार्यकर्ताओं व मतदाताओं से मुलाकात कर रमेश कुमार ने पार्टी प्रत्याशी के पक्ष में मतदान करने की अपील की। मौके पर कुमार ने आम जनता से अपील करते हुए कहा कि लोकतंत्र व संविधान की रक्षा के लिए लोग कांग्रेस पार्टी के पक्ष में अपना मतदान करें। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी सत्ता में आयी तो महिलाओं व युवाओं को एक लाख रूपये देगी। किसानों को एमएसपी कानून का लाभ देगी जो कांग्रेस के घोषणा पत्र में शामिल है। उन्होंने दौरे के क्रम में क्षेत्र के लोगों की समस्या भी जानी और उसके समाधान को लेकर अश्वासन दिया। इस दौरान चैनपुर प्रखंड के कातिंग, बरवेनगर, बामदा, जनावल, मालम, बारडीह, चैनपुर, छिछवानी, बेंदोरा व रामपुर पंचायत एवं डुमरी प्रखंड के करनी, नवाडीह, मझगांव, खेतली, डुमरी, उदनी, जैरागी, आकाशी व जुमू पंचायत का उन्होंने दौरा किया। दौरे के क्रम में कई कांग्रेसी उनके साथ थे।

### नाबालिक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

गुमला। बसिया थाना क्षेत्र के कलिगा गांव में एक नाबालिक छात्र ने फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली। छात्र कलिगा गाँव में एक किराये के मकान में रह कर पढ़ाई करता था। वह मुल रूप से मुरहू थाना क्षेत्र कोडाकेल गांव का रहने वाला था। 13 वर्षीय इस नावालिक छात्र ने मंगलवार रात्रि करीब दस बजे अपने कमरे में फाँसी लगाकर आत्म हत्या कर लिया। मिली जानकारी के अनुसार छात्र मंगलवार बारह बजे तक अपने दोस्तों से घुमकर कलिगा स्थित अपने किराये के घर पहुंचा और घर पर ही था। रात्रि दस बजे के लगभग दो दोस्त उसके घर का दरवाजा खोलकर देखा तो छात्र का शव छत से लटका झूल रहा था। तब ग्रामीणो ने बसिया पुलिस को इसकी सूचना दी। पुलिस ने पहुँचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए गुमला भेज दिया है। इस संबंध में मृतक की मौसी माँ प्रेमलता बरला ने बताया कि पिछले दो महीने से लगातार वह डिप्रेशन में था फोन बात होती थी पर कारणों को नही बताता था। छात्र संत जॉन अंग्रेजी माध्यम विद्यालय कलिगा का आठवीं का छात्र था। पिछले सात वर्षों से रेंट आदि में रहकर पढ़ाई कर रहा था। उसकी अपनी मां का देहांत हो गया है। उसकी मौसी मां ही पढ़ाई करवा रही थी। घटना के दिन उसकी मौसी मॉ द्वारा पढ़ाई लिखाई को लेकर डांट फटकार की थी। तब से वह काफी डिप्रेशन में था।

### युवक ने हपामुनि टोंगरी बगीचा के पेड़ में फांसी लगाकर की आत्महत्या

घाघरा। घाघरा थाना क्षेत्र के गहरिया ग्राम निवासी युवक बिंदेश्वर उरांव ने हपामुनि टोंगरी बगीचा में गुलर के पेड़ में रस्सी के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। वहीं घाघरा पुलिस ने शव को बरामद कर थाना लाया। जहां बुधवार को पुलिस ने दिन के 9:00 बजे शव को पोस्टमार्टम हेतु गुमला भेज दिया। इस संबंध में मृतक के परिजनों ने बुधवार को घाघरा थाना में जानकारी देते हुए बताया कि मंगलवार की शाम 4:00 बजे बिंदेश्वर उरांव घर से गम्हरिया बाजार जाने की बात कह कर निकला था। इसके बाद वह देर शाम तक घर नहीं लौटा काफी खोजबीन की गई। इस क्रम में हपामुनि टोंगरी बगीचा में एक पेड़ पर एक युवक फांसी पर लटका हुआ ग्रामीणों ने देखा। जिसके बाद उक्त स्थल जाकर देखा गया।जहां बिंदेश्वर उरांव के रूप में पहचान हुई।परिजनों ने यह भी बताया कि उसका मानसिक स्थिति थोड़ी खराब चल रही थी। विगत वर्ष 2019 में लावापानी में वह दुर्घटना का शिकार हो गया था। जिससे उसकी पीठ की रीढ़ की हड्डी टूट गई थी और वह झुक कर चलता था। जिससे बाद से वह डिप्रेशन में रहता था। उसका मानसिक स्थिति खराब हो गई थी। पुलिस मामले की छानबीन में जुटी हुई है।

# भाजपा से है मेरा सीधा मुकाबला: चमरा

## सरना आदिवासी कोर्ड आदिवासियों को दिलाने के लिए उतरे हैं चुनाव मैदान में

सुखदेव भगत को पसंद नहीं कर रही है जनता



नामांकन जुलूस में समर्थकों के साथ चमरा लिंडा।



खबर मंत्र संवाददाता

गुमला/लोहरदगा। निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में नामांकन दाखिल करने वाले विशुनपुर विधायक चमरा लिंडा ने भी शक्ति प्रदर्शन किया। उनका नामांकन जुलूस कृष्णा छात्रावास परिसर से निकला। ढोल नगाड़े के साथ समर्थकों क हुजुम लिये चमरा लिंडा अपना नामांकन पत्र दाखिल किये। नामांकन पत्र दाखिल करने के बाद प्रेस कान्फ्रेंस करते हुए चमरा लिंडा ने कहा कि चुनाव में उनका सीधा मुकाबला भाजपा से है। क्योंकि सुखदेव भगत अपने फायदे के लिए हमेशा पार्टी बदलते रहे हैं। जिसके कारण जनता उन्हें पसंद नहीं कर रही है। लिंडा ने कहा कि वे सरना आदिवासी समाज के हक व अधिकार के लिए चुनाव मैदान में उतरे हैं। उनका पहला लक्ष्य आदिवासी समाज को सरना कोड दिलाना है। वर्ष 2001 में सरना कोड का कॉलम आदिवासी समाज को मिला था लेकिन भाजपा के शासन काल में उसे बंद कर दिया। जिसे सरना समाज को उसका अधिकार नहीं मिल पाया। सरना धर्म कोड होने से आदिवासी समाज को उनका संवैधानिक अधिकार मिलेगा। उन्होंने कहा कि आदिवासी समाज की हितों की रक्षा के लिए वे चुनाव लड़ते हैं, इसलिए पार्टी उनके लिए ज्यादा महत्व नहीं रखता है। उन्होंने कहा कि वे अगर चुनाव जीतते हैं तो पिछड़ी जाति को 27 प्रतिशत आरक्षण दिलाने के साथ-साथ जिले में बाकसाईट कारखाना, रेलवे लाइन लाइने में अहम भूमिका निभाएंगे।

# देश की जनता को झूठ बोलकर बरगला रहे है प्रधानमंत्री मोदी : बंधु तिर्की



खबर मंत्र संवाददाता

लोहरदगा। जिले के राजेंद्र भवन कांग्रेस कार्यालय में झारखंड कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने प्रेस वार्ता को संबोधित कर मोदी सरकार पर निशाना साधते हुए लोहरदगा लोकसभा सीट पर कांग्रेस की जीत का दावा किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बयान को लेकर यह प्रेस वार्ता किया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बयान देते हुए कहा था कांग्रेस देश के लोगों की संपत्तियों का सर्वे करा कर उसे दूसरों लोगो में बाटना चाहती हैं जिसे लेकर कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने पलटवार करते हुए कहा देश के प्रधानमंत्री झूठ बोलते हैं कांग्रेस ने इस तरह के कोई घोषणा पत्र जारी नही किया है। प्रधानमंत्री लोगो को बरगलाने का कोशिश कर रहे हैं, जिसका जवाब देश के साथ साथ लोहरदगा की जनता भी देगी और लोकसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी की जीत होगी। बंधु तिर्की ने विधायक चमरा लिंडा के निर्दलीय नामांकन दाखिल करने पर चमरा लिंडा को शुभकामनाएं देते हुए कहा लोकतंत्र में कोई भी नामांकन कर सकते हैं अच्छी बात है। हम उन्हे शुभकामनाएं देते हैं लेकिन इस बार जनता समझ चुकी है। लोहरदगा से गठबंधन के उम्मीदवार सुखदेव भगत को जिताएगी।

# विश्व हिंदू परिषद के आह्वान पर मनायी गयी हनुमान जयंती



खबर मंत्र संवाददाता

भंडरा। विश्व हिन्दू परिषद् केन्द्रीय योजना के आलोक में चैत्र पूर्णिमा 23 अप्रैल को लोहरदगा जिला के सभी विहिप पदाधिकारियों की नेतृत्व में विभिन्न मंदिरों में श्रद्धा पूर्वक भगवान श्री राम के अनन्य भक्त श्री हनुमान जी का जन्मोत्सव मनाया गया। भंडरा प्रखंड मुख्यालय में जगन्नाथ मंदिर, उदरंगी हनुमान मंदिर, भौंरो महावीर मंदिर, सेमरा महावीर मंदिर, हाटी महावीर स्थान सहित दर्जनों मंदिरों में हनुमान चालीसा पाठ, सुंदर काण्ड पाठ एवं महाआरती का आयोजन किया गया। विहिप झारखंड प्रदेश मार्ग दर्शक मंडल के संयोजक स्वामी कृष्ण चैतन्य ब्रह्मचारी ने श्री हनुमान जन्मोत्सव को रामनवमी 'रामजन्म उत्सव' की तरह धूमधाम से मनाने का आह्वान किया। हिन्दू समाज को संकट मोचन हनुमान जी जन्मोत्सव मनाना चाहिए। इस अवसर पर सेमरा महावीर मंदिर परिसर में विंदेश्वर यादव, पवन कुमार गुप्ता, लखन महतो, दिलीप कुमार, चंदन कुमार, प्रभु महतो, पिंटू महतो, शिव लोहरा, संतोष महतो, कृष्णा लोहरा, लाल रुपेश कुमार, रुबी देवी, लीलावती कुमारी, कलावती कुमारी, रानी कुमारी, संगीता देवी सहित अनेक महिला-पुरुष उपस्थित थे। भंडरा प्रखंड के विभिन्न स्थानों पर हनुमान जन्मोत्सव कार्यक्रम को सफल बनाने में आनंद कुमार दूबे, लाल भीम नाथ साहदेव, बबलू पंडा की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# भाजपा के समीर उरांव, विधायक चमरा लिंडा और रामचंद्र ने किया पर्चा दाखिल

समीर उराव के पर्चा दाखिल करते समय गुजरात के मुख्यमंत्री, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी थे उपस्थित





खबर मंत्र संवाददाता

गुमला। लोहरदगा संसदीय सीट के लिए बुधवार को तीन उम्मीदवारों ने अपना नामांकन पत्र जिला निर्वाची पदाधिकारी सह उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी के समक्ष दाखिल किया।

जिसमें भाजपा प्रत्याशी समीर उरांव ने सबसे पहले अपना नामांकन पत्र निर्वाची पदाधिकारी के समक्ष दाखिल किया। उनके नामंकन पत्र दाखिल करने के समय गुजरात के मुख्यमंत्री भुपेंद्र भाई पटेल, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, निर्वतमान सांसद सुदर्शन भगत आदि उपस्थित थे। वहीं निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में विशुनपुर विधायक चमरा लिंडा निर्वाची पदाधिकारी के समक्ष अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। जबकि तीसरे उम्मीदवार के रूप में लोकहित अधिकार पार्टी के राम चंद्र भगत निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। नामांकन पत्र दाखिल करने के बाद तीनों उम्मीदवारों ने शपथ ग्रहण जिला निर्वाची पदाधिकारी के समक्ष किया।

### शक्ति प्रदर्शन कर भाजपा प्रत्याशी समीर उरांव ने दाखिल किया नामांकन पर्चा



भाजपा प्रत्याशी समीर उरांव ने अपना नामांकन शक्ति प्रदर्शन के साथ किया। उनके नामांकन जुलूस में हजारों की संख्या में भाजपा कार्यकर्ता शामिल हुए। करौंदा रथ बगीचा से उनका नामांकन जुलूस निकला। जुलूस में प्रत्याशी समीर उरांव खुली जिप में सवार थे। जिनके साथ निर्वतमान सांसद सुदर्शन भगत, पूर्व विधायक कमलेश उरांव, पूर्व विधायक शिव शंकर उरांव, जिलाध्यक्ष शिव प्रसाद साहु चल रहे थे। नामांकन जुलूस में शक्ति प्रदर्शन कर भाजपा प्रत्याशी ने दूसरे पार्टियों को चुनौती दी

# गुमला : भारत स्काउट व गाईड ने निकाला जागरूकता रैली

>> सैंकड़ों विद्यार्थियों ने एक सुर में 13 मई को 'वोट करेगा गुमला' का नारा लगाकर जिले के मतदाताओं को किया जागरूक

>> रैली में संत इग्नासियस हाई स्कूल, नेट्रोडेम स्कूल एवं उर्सलाईन कॉन्वेंट हाई स्कूल गुमला के विद्यार्थी हुए शामिल



खबर मंत्र संवाददाता

गुमला। गुमला जिले के मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से आज स्वीप गतिविधि के तहत भारत स्काउट और गाईड के माध्यम से जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। रैली में संत इग्नासियस हाई स्कूल,गुमला, नेट्रोडेम स्कूल गुमला, एवं उर्सलाईन कॉन्वेंट हाई स्कूल गुमला के लगभग 600 से अधिक विद्यार्थी शामिल हुए। संत इग्नासियस हाई स्कूल से प्रारंभ हुए इस रैली को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त श्री कर्ण सत्यार्थी सहित उप विकास आयुक, अपर समाहर्ता एवं जिला सामाजिक सुरक्षा सहायक निदेशक सह जिला नजारता उप समाहर्ता ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखा कर रैली को रवाना किया। मौके पर जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी एवं जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सह स्वीप नोडल पदाधिकारी भी मौजूद रहीं। कार्यक्रम में उपस्थित विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए जिला निर्वाचन पदाधिकारी कर्ण सत्यार्थी ने कहा कि समाज में सकारात्मक जागरूकता फैलाने में जिले के विद्यार्थियों की एक महत्वपूर्ण भूमिका होती है। उन्होंने सभी विद्यार्थियों को अपने परिवार के सदस्यों एवं अपने संबंधितों व आस पड़ोस के लोगों से मतदान करने हेतु प्रेरित कर्ण को कहा। उपायुक्त ने 13 मई को गुमला जिले में होने वाले मतदान की तिथि को पुनः सभी को याद दिलाते हुए मंच के माध्यम से उन्होंने जिले वासियों से भी मतदान की तिथि में अपने मतदान केंद्र में जाकर वोट देने की अपील की, एवं चुनाव के इस महापर्व में शामिल होने की बात कही। जागरूकता रैली के दौरान सभी विद्यार्थियों ने शहर के महत्वपूर्ण चौक चौराहों, टावर चौक, पटेल चौक, जशपुर रोड, जीएसपी रोड, पालकोट रोड एवं सिसई रोड के मुख्य स्थानों का चक्कर लगाते हुए चुनावी नारे लगाए। सैंकड़ों विद्यार्थियों के एक सुर में लगाए गए चुनावी नारों ने जिले के शहरी क्षेत्र के मतदाताओं को जागरूक किया।

### नशे में धूत युवक की झूले से गिरकर हुई मौत

लोहरदगा। सदर थाना क्षेत्र अंतर्गत रामपुर गांव में नशा करना एक युवक पर भारी पड़ गया। नशे के कारण युवक की गिरकर मौत हो गई। मृतक युवक की पहचान 32 वर्षीय रमेश ठाकुर पिता सामू ठाकुर के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार मृतक युवक रमेश ठाकुर शराब और गांजा का अत्यधिक नशा किया करता था वही कल रात भी युवक ने नशा किया हुआ था और घर पर खाना खाने के बाद सोने चला गया वही जब टॉयलेट जाने के लिए बाहर निकला तो बच्चो के लिए लगाई गई झूला में गिरकर फस गया जबतक परिजनों को जानकारी हुई तब तक युवक की मौत हो चुकी थी। वही परिजनों ने रात में युवक को घायल समझ सदर अस्पताल लोहरदगा पहुंचे जहां डॉक्टरों ने जांच कर युवक को मृत घोषित कर दिया। वही घटना के बाद परिजनों का बुरा हाल है युवक शादी सुदा था और तीन उनके छोटे छोटे बच्चे हैं। घटना को लेकर सदर थाना पुलिस मौके पर पहुंच शव को पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप आगे की करवाई में जुट गई है।

### सेन्हा : सड़क दुर्घटना में दूल्हा का गाड़ी क्षतिग्रस्त, कोई हताहत नही



सेन्हा-लोहरदगा। कुंदगडी मोड़ के समीप देर रात हुई सड़क दुर्घटना कोई हताहत की सूचना नही घटना स्थल पहुंची पुलिस क्षतिग्रस्त वाहन को लाया थाना। लोहरदगा जिला अंतर्गत सेन्हा थाना क्षेत्र के कंडरा सीमावर्ती कुंदगडी मोड़ के समीप लोहरदगा गुमला एन एच 143 ए मुख्य पथ पर डायवर्सन के समीप अनियंत्रित बराती गाड़ी पेड़ से जा टकराया घटना में किसी का हताहत होने की सूचना नही है। वहीं घटना की सूचना पर सेन्हा थाना पुलिस घटना स्थल पहुंच घटना का लिया जायजा क्षतिग्रस्त कार जे एच 03 ए एल 0321 को थाना लाया गया। बताया जाता है कि पांकी थाना क्षेत्र से बराती लेकर सेन्हा थाना क्षेत्र के चमडू जाने के दौरान डायवर्सन के समीप अनियंत्रित हो पेड़ से जा टकराया और पलटी कर गया। इस घटना में किसी का हताहत होने की सूचना नही है जबकि कार में सवार दूल्हा के परिवार को हल्की फुल्की चोटें आई है। इस संदर्भ में ए एस आई जमशेद खान ने बताया कि गस्ती के दौरान प्रशिक्षु एसपी सह थाना प्रभारी वेदांत शंकर के निर्देश पर घटना स्थल पहुंच घटना का लिया गया जायजा और क्षतिग्रस्त कार को घटने स्थल से लाकर सेन्हा थाना में सुरक्षित रखा गया है। बताते हुए उन्होंने कहा घटना में दूल्हा के बहन तथा सवार अन्य बच्चियों को हल्की चोटें आई है।

# समीर उरांव के नामांकन में शामिल हुए भाजपा और आजसू कार्यकर्ता



खबर मंत्र संवाददाता

लोहरदगा। लोहरदगा लोकसभा से एनडीए प्रत्याशी समीर उरांव के नामांकन कार्यक्रम में लोहरदगा से सैंकड़ों की संख्या में भाजपा कार्यकर्ता शामिल हुए। साथ ही जिला आजसू पार्टी के वरीय नेता के साथ कई कार्यकर्ता भी बुधवार को गुमला लोकसभा निर्वाचन कार्यालय सह उपायुक्त कार्यालय पहुंचे। भाजपा जिला अध्यक्ष मनीर उरांव के नेतृत्व में जिला भाजपा के कार्यकर्ता पूरे जोश खारोश के साथ नामांकन महारैली में शामिल होने पहुंचे। जहां गुजरात के सीएम भूपेंद्र भाई पटेल,सांसद सुदर्शन भगत सहित कई भाजपा नेता शामिल हुए। इस मौके पर पशुपति नाथ पारस, विश्वजीत शाहदेव, सुभम पंकज, आजसू के नीरू शांति भगत, कवलजीत सिंह, सूरज अग्रवाल सहित कार्यकर्ता मौजूद थे।

### भंडरा के 4 शातिर अपराधी होंगे तड़ीपार

**डीसी और एसपी ने आदेश किया जारी**

खबर मंत्र संवाददाता

भंडरा। जिला प्रशासन ने प्रखंड के चार शातिर अपराधियों के खिलाफ तड़ीपार करने की कार्रवाई शुरू कर दी है। इनके खिलाफ डीसी सह जिला दंडाधिकारी की ओर से को नोटिस जारी किया गया। नोटिस का जवाब मिलने के बाद जिला दंडाधिकारी की ओर से तीन माह के लिए अपराधियों को तड़ीपार किया जाएगा। एसएसपी हरीश बीन जामा ने इन अपराधियों को तड़ीपार करने की अनुशंसा डीसी से की थी। तड़ीपार होने वालों में रिजवान अंसारी पिता रमजान अंसारी ग्राम बलसोता, अरमान अंसारी पिता ईशाक अंसारी सोरंदा,मेहंदी अंसारी पिता अमीरुद्दीन अंसारी ग्राम कसपुर एव अम्बेरा गांव निवासी कुलदीप लोहरा पिता शीतल लोहरा को जिला तड़ीपार का नोटिस भंडरा पुलिस द्वारा दिया जा चुका है। तड़ीपार की अवधि में ये चारो सातिर अपराधी जिले में दिखाई देंगे तो पुलिस कड़ी करवाई करेगी। भंडरा थाना प्रभारी अरविंद कुमार सिंह ने बताया कि आगामी लोकसभा चुनाव दौरान क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से प्रखंड के चार शातिर अपराधियो को जिला तड़ीपार किया गया है। प्रशासन लोकसभा चुनाव में अपराधियो पर नकेल कसने की कवायद शुरू कर दी है।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिन: -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

# झारखंड का नसीब चमकाने के लिए कमल पर दबायें बटन : भूपेंद्र भाई

**करौंदी रथ बगीचा में चुनावी सभा का आयोजन, प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी सहित कई नेता हुए शामिल**





खबर मंत्र संवाददाता

गुमला। भाजपा प्रत्याशी के नामांकन के बाद चुनावी सभा का आयोजन बुधवार को करौंदी रथ बगीचा में किया गया। जिसमें गुजरात के मुख्यमंत्री भुपेंद्र भाई पटेल, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, निर्वतमान सांसद सुदर्शन भगत, भाजपा प्रत्याशी समीर उरांव व प्रतिपक्ष के नेता अमर बाउरी आदि उपस्थित थे। मौके पर गुजरात के मुख्यमंत्री भुपेंद्र भाई पटेल ने कहा कि देश से भ्रष्टचार मिटाने, महंगाई पर लगाम लगाने, निवेश बढ़ाने, आत्मनिर्भर भारत बनाने, राशन मुफ्त पाने, विकसति भारत निर्माण के लिए एक बार फिर मोदी जी के नेतृत्व में सरकार बनाना है। उन्होंने कहा कि झारखंड का नसीब चमकाने के लिए भी मोदी जी के हाथों को मजबूत करना हे।

लोकसभा के साथ झारखंड की जनता विधान सभा चुनाव में भी भाजपा को अपना आर्शीवाद दे, ताकि डबल इंजन की सरकार में राज्य का विकास तेज गति से हो। उन्होंने कहा कि गुजरात में आदिवासियों के उत्थान के लिए वहां कई योजनाएं संचालित की जा रही है। स्वयं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भगवान बिरसा मुंडा की जन्मस्थली उलिहातु गांव पहुंचकर आदिवासियों को समान दिये हैं। पहले आदिवासियों को लोन नहीं मिलता था। जिसे मोदी सरकार ने सुलभ बनाया।

पटेल ने फिर से एक बार कमल फुल छाप में वोट देकर भारत को मजबूत राष्ट्र बनाने में आमजनों से सहयोग की अपील की। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि मजबूत राष्ट्र निर्माण के लिए भाजपा प्रत्याशी समीर उरांव की जीत कार्यकर्ता सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि राज्य के सभी 14 लोक सभा सीटों पर भाजपा जीत रही है। अबकी बार चार सौ पार के लक्ष्य को हासिल करने में झारखंड की जनता अहम योगदान देंगे।

कार्यक्रम में पूर्व विधान सभा अध्यक्ष दिनेश उरांव, पूर्व विधायक कमलेश उरांव, पूर्व विधायक शिव शंकर उरांव, मुनेश्वर साहु, मिशिर कुजूर, आजसू जिलाध्यक्ष दिलीप नाथ साहु, किरण माला बाड़ा, जिलाध्यक्ष शिव प्रसाद साहु, पूर्व जिलाध्यक्ष अनूप चंद्र अधिकारी, विजय मिश्रा, सविंद्र सिंह, बालकेश्वर सिंह सहित भारी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# लोहरदगा ने गढ़वा को 6 विकेट से हराया

लोहरदगा के गेंदबाज दिव्यांशु कुमार प्लयेर ऑफ द मैच बने

**जेएससीए इंटर डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट टूर्नामेंट**




खबर मंत्र संवाददाता

गुमला। जेएससीए इंटर डिस्ट्रिक्ट अंडर-16 बॉयज क्रिकेट टूर्नामेंट में बुधवार को खेले गये मुकाबले में लोहरदगा ने गढ़वा को छः विकेट से पराजित किया। गढ़वा को शुरूआत में ही करारा झटका देने वाले लोहरदगा के गेंदबाज दिव्यांशु कुमार प्लयेर ऑफ द मैच बने। जिला मुख्यालय के शहीद तेलगा खड़िया स्टेडियम में चल रहे अंतर जिला क्रिकेट में गढ़वा ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। अच्छी शुरूआत के बावजूद गढ़वा की टीम 35.4 ओवरो में 151 रनो पर ही सिमट गई। टीम की ओर से अर्पित कुमार ने सर्वाधिक 31 रनों की पारी खेली। अरबाज खान ने 23 और तौकीर व सत्यम ने 18-18 रनों का योगदान दिया। लोहरदगा की ओर से दिव्यांशु ने 4 व आयुष पोद्दार ने तीन विकेट हासिल किये। मनीष को दो व तन्मय को एक विकेट मिला। लक्ष्य का पीछा करने उतरी लोहरदगा की टीम ने चार विकेट के नुकसान पर विजयी लक्ष्य हासिल कर लिया। उत्कर्ष आनंद ने 49 व चैतन्य ने 40 रनों की मैच जिताऊ पारी खेली। युवराज ने बेहतरीन 28 व मनीष ने 26 रनों की पारी खेली। मौके पर उपस्थित टी आर डी ओ पप्पू सिंह, अंपायर मनोरंजन कांजीलाल, हेमंत ठाकुर व स्कोरर जुलकर नैन ने प्लेयर ऑफ द मैच दिव्याशु को पांच हजार केश मनी व ट्रॉफी देकर पुरस्कृत किया। मौके पर जिला संघ के सचिव जीतेन्द्र सिंह, मनोज चौधरी, सुनील सिंह, आयुष अग्रवाल, ज्ञान प्रकाश, सन्नी साहू, अंकित विश्वकर्मा, यमुना झा समेत अन्य मौजूद थे।

## विशाल मानव श्रंखला बनाकर मतदान करने को लेकर लोगों को किया गया जागरूक

# सारे काम छोड़ दो, सबसे पहले वोट दो के लगाए गये नारे



मानव श्रृंखला बनाकर जागरूक करते पदाधिकारी।



कार्यक्रम में मौजूद लोग।

खबर मन्त्र संवाददाता

**लातेहार।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त के निदेर्शानुसार लोकसभा निर्वाचन 2024 में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से स्वीप गतिविधियों के तहत बुधवार को मानव श्रृंखला का निर्माण किया गया। उप विकास आयुक्त सह वरीय पदाधिकारी स्वीप कोषांग सुरजीत कुमार सिंह के नेतृत्व में इसका आयोजन किया गया। मतदाता जागरुकता अभियान के तहत विशाल मानव श्रृंखला बनाकर एक दूसरे के हाथों को पकड़े हुए कृषि कार्यालय से डेमोक्रेसी रैली निकाली गई। इस बृहद आयोजन में विशाल मानव श्रृंखला बनाकर समाहरणालय, बाईपास चौक, थाना चौक से होते समस्त मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करने हेतु जागरूक किया गया। जागरूकता रैली का समापन जिला खेल स्टेडियम में किया गया। मानव श्रृंखला बनाकर डेमोक्रेसी रैली के दौरान जिला स्तरीय पदाधिकारी, छात्र-छात्राओं ने सारे काम छोड़ दो, सबसे पहले वोट दो आदि नारे लगाए। इस अवसर पर विशाल मानव श्रंखला में मतदाता जागरूकता संबंधित स्लोगन लिखी तख्तियों द्वारा मतदाताओं को जागरूक किया गया। इस मानव श्रृंखला का मूल उद्देश्य मतदाताओं को जागरूक करना है। हम सभी को अपने कर्तव्य का निर्वाह करते हुए मताधिकार का प्रयोग कर एक सशक्त भारत के निर्माण में भूमिका निभानी चाहिए। कार्यक्रम के अंत में उप विकास आयुक्त ने सभी को निष्पक्ष और निर्भीक होकर मतदान करने की शपथ दिलाते हुए कहा कि हम सभी अपने आस पड़ोस के लोगों को मतदान करने के लिए जागरूक करें। इस दौरान नुकड़ नाटक के माध्यम से मतदाता जागरूकता गीत एवं सेल्फी स्टैंड में लिखे स्लोगन के माध्यम से 20 मई को लोकतंत्र के महापर्व में शतप्रतिशत मतदान में सहभागिता के लिए मतदाताओं को जागरूक किया गया। मानव श्रृंखला डेमोक्रेसी रैली में जिला स्तरीय पदाधिकारी, कर्मी, स्कूली छात्र छात्राएं, एनसीसी के कैडेट, सेविका सहायिका, जल सहिया की बड़ी संख्या में सहभागिता रही। इस दौरान आईटीडीए निदेशक प्रवीण कुमार गगराई, स्वीप नोडल पदाधिकारी अनिल मिंज, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ चंदन, विशेष कार्य पदाधिकारी गोपनीय शाखा श्रेयांश, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी अलका हेंब्रम, जिला खेल पदाधिकारी संजीत कुमार, डीपीएम जेएसएलपीएस संतोष कुमार, बनवारी साहू कॉलेज, एनएसएस के नवल किशोर प्रसाद एवं भारी संख्या में भीड़ उपस्थित थे।

## मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से निकाली गई प्रभात फेरी



प्रभात फेरी में शामिल लोग।

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र के शेरेगढा ग्राम में बुधवार को मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से प्रभात फेरी रैली एवं मानव श्रृंखला बनाने का कार्यक्रम आयोजित किया गया। आयोजित कार्यक्रम में शेरेगढ़ा उच्च विद्यालय की छात्राओं ने भाग लिया। इस दौरान उन्होंने मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से हाथों में बैनर लेकर निष्पक्ष एवं प्रलोभन मुक्त चुनाव में जिम्मेवार नागरिक की भूमिका निभाने, धर्म, वर्ग, जाती, समुदाय, भाषा अथवा किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना निर्भिक होकर मतदान का प्रयोग करने का अपील किया। इस दौरान उन्होंने मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से कई नारा भी लगाया जिसमें मतदाता जब पहुंचे बूथ लोकतंत्र को करें मजबूत,जाति धर्म लिंग भेद भूल कर सब करें मतदान बराबर आदि नारे शामिल है।

## मतदाता जागरूकता को लेकर चंदवा में बनाई गई मानव श्रृंखला

- मतदान प्रतिशत में बढ़ोतरी को लेकर लोगो को किया गया जागरूक



मानव श्रृंखला बनाकर जागरूक करते पदाधिकारी व अन्य।

खबर मन्त्र संवाददाता

**चंदवा।** आगामी लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत में बढ़ोतरी बढ़ाने, स्वच्छ एवं प्रलोभन मुक्त चुनाव को लेकर उपायुक्त के निर्देश पर बुधवार को प्रखंड मुख्यालय स्थित मेंन रोड में मानव श्रृंखला कार्यक्रम आयोजित की गई। सभी लोग बैनर पोस्टर लेकर मानव श्रृंखला सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर से इंदिरा गांधी चौक तक बनाई गई। कार्यक्रम का नेतृत्व सीओ जयशंकर पाठक, बीडीओ चंदन प्रसाद कर रहे थे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से स्वास्थ्य केंद्र की प्रभारी डॉ. नीलिमा, डॉ मनोज कुमार, डॉ. प्रकाश बड़ाइक, एसआई शशि कुमार के अलावे बड़ी संख्या में कर्मी मौजूद थे। अंचलाधिकारी श्री पाठक ने कहा कि मानव श्रृंखला कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य लोकसभा चुनाव के दौरान भय मुक्त वातावरण में मतदान करने हेतु लोगों को जागरूक करना है। इसके अलावे किसी भी जाति व धर्म से ऊपर उठकर साफ स्वच्छ एवं निष्पक्ष सरकार के चयन हेतु मतदान करने का संदेश देना था। इस दौरान मानव श्रृंखला बनाकर डेमोक्रेसी रैली में मतदाता जागरूकता संबंधित स्लोगन व बैनर से जागरूक किया गया। आगामी 20 मई को लोकतंत्र के महापर्व में शत-प्रतिशत मतदान में सहभागिता के लिए मतदाताओं को जागरूक किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रखंड-अंचल कर्मी, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की स्वास्थ्य सहिया सभी कर्मी एवं चंदवा थाना के पुलिसकर्मी शामिल थे।

### मानव श्रृंखला में नहीं दिखी लोगों की सहभागिता

इधर मानव श्रृंखला कार्यक्रम मतदाताओं को जागरूक करने एवं लोगों से ऊपर उठकर मतदान हेतु जागरूक करने को लेकर था, लेकिन इस कार्यक्रम में आम लोगों की सहभागिता कम ही देखने को मिली। प्रखंड प्रशासन द्वारा अगर पूर्व में इसकी सूचना व प्रचार प्रसार आम लोगों के बीच कराई जाती तो निश्चित तौर पर बड़ी संख्या में लोग इसके हिस्सा बनते। कार्यक्रम में सिर्फ सीएससी कर्मी प्रखंड व अंचल के लोग एवं पुलिस विभाग के लोग ही देखें गए।

## स्पीड न्यूज

### चंदवा में चरमराई बिजली व्यवस्था

**चंदवा।** इस वर्ष चंदवा प्रखंड में भीषण गर्मी का प्रकोप देखने को मिल रहा है, अप्रैल माह में हीं चंदवा का तापमान 40 डिग्री के आसपास पहुंच गया है। लोग चिलचिलाती धूप और गर्मी से त्राहिमाम कर रहे हैं वहीं दूसरी ओर चंदवा प्रखंड मे इन दिनों बिजली की आंख मिचैली से आम लोगों का जीना मुहाल हो चुका है। दिन हो या रात कई बार घंटो बिजली काटी जा रही है। बुधवार को भी दिन के लगभग 11 बजे से बिजली गुल हुई जो देर शाम तक नही आई। बिजली गुल होने का कारण 33 हजार में फॉल्ट होना बताया गया। देर शाम तक विभाग के लोग फॉल्ट ढूंढने में लगे थे। आमलोगों ने रोष प्रकट करते हुए कहा गर्मी शुरू होती ही प्रत्येक वर्ष चंदवा में बिजली संकट गहरा जाती है। विभाग के अधिकारी भी अस्पष्ट रूप से कोई जवाब भी नही देते है। चंदवा वासियों ने इस गंभीर समस्या पर ठोस पहल की मांग उपायुक्त लातेहार से की है।

### पत्रकार के पिता के निधन पर शोक

**चंदवा।** शहर सटे तिलैयाटांड निवास पत्रकार मुबारक आलम के पिता मंसूर अली का निधन मंगलवार की देर शाम हो गया। वे लंबे समय से बीमार चल रहे थे। बुधवार सुबह 10 बजे नमाज अदा करने के उपरांत चंदवा तिलैयाटांड़ स्थित कब्रिस्तान में उनको सुपुर्द खाक किया गया। उनके निधन पर वरिष्ठ पत्रकार राजेश चंद्र पांडेय, सुरेंद्र प्रसाद वैघ, संजय तिवारी, दीपक भगत, अजय वैद्य, सुमित कुमार, राजेश प्रसाद, कमलेश प्रसाद, गौरव दुबे, मनोज मेहता, अनीश कुमार, राहुल कुमार, रौशन गुप्ता समेत कई लोगों ने गहरी सम्वेदना प्रकट की है।

### जहर खाकर किया आत्महत्या का प्रयास

**बालूमाथ।** एकीकृत बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र के चिरू ग्राम में बुधवार को एक महिला ने अपने पति से हुए झगड़े के बाद जहर खाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार निक्की देवी 20 वर्ष पति संतोष सिंह ग्राम चिरू थाना हेरहंज निवासी दोनों पति–पत्नी के बीच किसी बात को लेकर कहा–सुनी हुई। जिसके बाद गुस्साए पत्नी ने जहर खाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया। घटना के बाद परिजनों द्वारा महिला को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां डॉक्टर संजय सिद्धार्थ द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज हेतु रांची रिम्स रेफर कर दिया।

### पृथ्वी दिवस : पृथ्वी बचानें का दिया गया संदेश



शपथ लेते छात्र।

**महुआडांड़।** डालसा सचिव स्वाति विजय उपाध्याय लातेहार के निर्देश पर महुआडांड़ पीएलभी इन्द्रनाथ प्रसाद व आजाद अहमद के द्वारा महुआडांड़ प्रखण्ड के राजकीय कृत मध्य विद्यालय सेमरबुढ़नी में पृथ्वी दिवस को लेकर कार्यक्रम का आयोजन कर विद्यालय के बच्चे व विद्यालय परिवार को पृथ्वी बचानें को लेकर संदेश दिया गया। हमें पर्यावरण को बचाना है ताकि पृथ्वी सुरक्षित रह सके। इसके लिए हम सभी को मिलकर गंभीरता से विचार करना होगा। वहीं आजाद अहमद ने कहा कि हमें पर्यावरण के साथ खेलवाड़ नहीं करना चाहिए। इसको बचानें के लिए हम सभी को आगे आना होगा। इस दौरान विद्यार्थियों ने पृथ्वी बचानें का शपथ भी लिया। मौके पर विधायक के शिक्षक प्रदीप कुमार समेत विद्यालय के क्षात्र क्षात्राएं मौजूद थे।

### 30 जून से पहले होल्डिंग टैक्स जमा करने पर 15 प्रतिशत की छूट : राजकुमार वर्मा

**लातेहार।** नगर पंचायत क्षेत्र, लातेहार में वित्तीय वर्ष 2024 –25 का होल्डिंग टैक्स आगामी 30 जून से पहले जमा करने पर कर दाताओं को अधिकतम 15 प्रतिशत की छूट दी जायेगी। इस आशय की जानकारी नगर प्रबंधक राजकुमार वर्मा ने दी। उन्होंने बताया कि सभी कर दाताओं को पांच प्रतिशत की छूट दी जायेगी। अगर होल्डिंग टैक्स में महिला या वरिष्ठ नागरिक का नाम होने पर पांच प्रतिशत तक की छूट दी जायेगी। इसके अलावा स्वयं कार्यालय में आकर जमा करने पर 2 .5 प्रतिशत की छूट दी जायेगी। आर्मी, ट्रांसजेंडर या विकलांग होने पर पांच प्रतिशत की रियायत दी जायेगी। वैसे कर दाता जो ऑनलाइन होल्डिंग टैक्स भरेगें उन्हें पांच प्रतिशत की छूट दी जायेगी। उन्होंने बताया कि यह यह छूट केवल आवासीय परिसरों पर लागू होगी। वर्मा ने आगे बताया कि 30 जून बाद बकाया टैक्स पर प्रतिमाह एक प्रतिशत की दर से ब्याज देना होगा। उन्होंने 30 जून से पहले होल्डिंग टैक्स भरने एवं छूट का लाभ उठाने का आग्रह लोगों से किया है।

# पंचायत सेवक रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार

खबर मन्त्र संवाददाता



गिरफ्तार पंचायत सेवक।

**लातेहार।** जिले के चटकपुर पंचायत के रहने वाले मनोज प्रजापति को मनरेगा योजना से कुआं मरम्मती की योजना स्वीकृत हुई थी। लाभुक के द्वारा काम पूरा करवाने के बाद अंतिम भुगतान के लिए पंचायत सेवक से पिछले कई दिनों से गुहार लगाई जा रही थी। परंतु पंचायत सेवक के द्वारा रिश्वत की मांग की जा रही थी। परेशान होकर लाभुक ने इसकी शिकायत पलामू एसीबी की टीम से की। एसीबी की टीम ने पूरी मामले की छानबीन करने के बाद जब लाभुक के द्वारा लगाए गए आरोप में सत्यता पाई तो बुधवार को 4000 रुपए देकर लाभुक को पंचायत सेवक के पास भेजा। पंचायत सेवक उस समय बाजार में ही था। पंचायत सेवक ने जैसे ही पैसा लेकर अपने पॉकेट में रखा, वैसे ही पहले से घात लगाकर बैठी एसीबी की टीम ने पंचायत सेवक को धर दबोचा। जब पैसे की मिलान की गई तो पंचायत सेवक के पास वही पैसा पाया गया जो नोट निगरानी की टीम ने लाभुक को दिया था। इसके बाद निगरानी की टीम ने आरोपी पंचायत सेवक को आवश्यक छानबीन के बाद गिरफ्तार कर लिया और उसे अपने साथ पलामू ले गए। पंचायत सेवक को रिश्वत लेते गिरफ्तार होने की घटना के बाद कर्मियों में हड़कंप मच गया है। स्थानीय लाभुकों की मानें तो मनरेगा योजना का हाल ऐसा हो गया है कि बिना रिश्वत के एक पैसा भी भुगतान होना संभव नहीं होता। लाभुकों की मानें तो भुगतान से पहले ही रिश्वत मांगी जाती है। बड़े अधिकारियों से शिकायत करने पर भी इसका कोई प्रतिफल नहीं मिल पाता है। इसी कारण मजबूरी में लोग रिश्वत देकर ही काम करते हैं। जिसके कारण योजनाओं की गुणवत्ता में भी समझौता करना पड़ता है।

## भाजपा प्रत्याशी के नामांकन को लेकर हुई बैठक

खबर मन्त्र संवाददाता



बैठक करते भाजपाई।

**बालूमाथ।** बालूमाथ भाजपा मंडल कार्यालय में बुधवार को भाजपा कार्यकताओं की एक बैठक हुई। जिसमें चतरा लोकसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी कालीचरण सिंह के नामांकन के के लिए भारी संख्या में भाजपाइयों जुटने की बात कही गयी। मौके पर मुख्य अतिथि लातेहार विधानसभा चुनाव प्रभारी रामदेव सिंह ने भाजपा कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि आगामी 26 अप्रैल को बालूमाथ मंडल से चतरा लोकसभा के प्रत्याशी कालीचरण सिंह के नामांकन में अधिक से अधिक संख्या में लोगो को चतरा चलना है। नामांकन के लिए झंडा, पोस्टर, पट्टा, टोपी लगा करके बालूमाथ मंडल से सभी कार्यकर्ता चतरा के लिए चलेंगे। आगे उन्होंने कहा कि पीएम मोदी द्वारा दिए जा रहे नारे अबकी बार 400 बार के लक्ष्य को पूरा करना है। मौके पर ओबीसी मोर्चा जिला अध्यक्ष त्रिवेणी साहू, जिला युवा महामंत्री सूरज शाह, सभी शक्ति केंद्र प्रभारी रामकुमार गुप्ता, लछमन कुशवाहा, सोमनाथ भगत, पंचानंद पांडे, प्रमेश पांडे, पंकज कुमार सिंह, प्रदीप यादव, संयोजक रविंद्र प्रसाद गुप्ता, संजीव सिन्हा, विजय ठाकुर, गजेंद्र, हिमांशु, महावीर तुरी राजेंद्र प्रसाद, संतु भगत, सहसंयोजक रघुनंदन सोनी, जितेंद्र प्रसाद, विनोद यादव युवा मंडल अध्यक्ष गंगेश्वर यादव, लालजी उरांव, महादेव यादव के समेत कई भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## उपायुक्त गरिमा सिंह ने निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान दायित्वों और जिम्मेदारियां से कराया अवगत



प्रशिक्षण देती डीसी गरिमा सिंह।

खबर मन्त्र संवाददाता

**लातेहार।** लोकसभा आम चुनाव 2024 को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष तरीके से संपन्न कराने हेतु बनवारी साहू महाविद्यालय लातेहार में सेक्टर पदाधिकारी एवं सेक्टर पुलिस पदाधिकारियों को प्रशिक्षण दिया गया। बुधवार को आयोजित प्रशिक्षण में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त गरिमा सिंह ने सेक्टर पदाधिकारी एवं सेक्टर पुलिस पदाधिकारियों के निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान दायित्वों और जिम्मेदारियां से अवगत कराया। आगे उन्होंने कहा कि लोकसभा आम निर्वाचन के तहत लातेहार जिला में पांचवे चरण में चुनाव होना है। ऐसे में चुनाव के दौरान आपके द्वारा की गई एक चूक या कार्यों से संबंधित अपर्याप्त ज्ञान मतदान केंद्रों पर होने वाले मतदान प्रक्रिया को प्रभावित कर सकता है। इसलिए आप सभी बेहद संजीदगी के साथ प्रशिक्षण प्राप्त करें। साथ ही चुनाव में बरतने वाली सावधानियों को लेकर विशेष सतर्कता बरतने के साथ समय समय पर दिये जाने वाले प्रशिक्षण में भाग लेने का निर्देश दिया गया। मास्टर ट्रेनर्स ने चुनाव कार्य में लगे सेक्टर पदाधिकारी एवं सेक्टर पुलिस पदाधिकारियों को चुनाव संबंधी तमाम प्रक्रिया विस्तार से समझाई। प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर्स ने सेक्टर पदाधिकारी एवं सेक्टर पुलिस पदाधिकारियों को मतगणना संबंधी प्रक्रिया समझाते हुए इसके तमाम प्रावधानों का पालन करने की बात कही। आगे उन्होंने कहा कि सभी निर्वाचन आयोग के दिशानिदेर्शों से अच्छी तरह अवगत हो लें। साथ ही मतदान से पहले बरती जाने वाली सावधानी के बारे में बताया गया। प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनरों ने मतदान की प्रक्रिया, सभी आवश्यक बिंदुओं पर विस्तृत जानकारी दी गई। प्रशिक्षण में 276 सेक्टर पदाधिकारी एवं सेक्टर पुलिस पदाधिकारियों को प्रशिक्षण दिया गया।

### मानव श्रृंखला बनाकर किया मतदाता को जागरूक



मानव श्रृंखला बनाकर जागरूक करते लोग।

**बारियातू।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपाउक्त लातेहार के निर्देशानुसार शत प्रतिशत मतदान करने हेतु मतदाताओं को जागरूक करने के उदेश्य सें सहायक निर्वाचन निबंध पदाधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी बारियातू के नेतृत्व मे मुख्य मार्ग फूलसु मोड़ होते हुए बस स्टेण्ड तक हव्यूम चैन बनाया गया। उसके पश्चात बारियातू सें डेमोक्रेसी रैली आयोजित करते हुए प्रखंड मुख्यालय तक पंहुचा। हव्यूम चैन कार्यक्रम मे अबकी बार 80% पार 1,2,3,4, वोट करेगा लातेहार, काली स्याही लगाना है एवीएम बटन दबाना हैं, पहले मतदान फिर जलपान, 20 मई 2024 को मतदान अवश्य करे आदि नारे लगाए गए. इस रैली मे सभी प्रखंड अंचल कर्मी जेएसएलपीएस कौशल विकास केंद्र, बालविकास परियोजना, पशुपालन, स्वास्थय कर्मी, प्रोजेक्ट पलस टू के सभी शिक्षक एवं विद्यार्थी सभी जानवीतरण प्रणाली दुकानदार, महिला प्रवहिना विमला कुमारी, अलोक कुमार दुबे, अंचल प्रधान सहायक कपिलदेव सिंह, अजय मुंडा, सभी प्रभारी पंचायत राज्य पदाधिकारी सेराफिनुस खलखो, अंचल निरक्षक अनिल होरो सहित सभी अंचल कर्मी शामिल थे।

### तीन दिनों से घूम रहे हैं गवाह, सेशन कोर्ट में एपीपी कर रहे हैं काम

## स्पेशल पॉक्सो कोर्ट में तीन दिनों से नहीं है कोई पीपी

खबर मन्त्र संवाददाता

**लातेहार।** लातेहार जजशीप में सरकार का पक्ष रखने वाले पब्लिक प्रॉसिक्यूटर ( पीपी )का पद पिछले दो वर्षों से रिक्त पड़ा है। एक एपीपी अशोक कुमार दास के सहारे लातेहार जजशीप के विभिन्न 18 अदालतों में काम पिछले दो सालों से हो रहा है। पिछले तीन दिनों से श्री दास भी अवकाश पर हैं। बताया जाता है की अवकाश जाने के पूर्व श्री दास ने गृह विभाग को रक्षित लोक अभियोजक को यहां सेशन कोर्ट में काम करने के लिए भेजने की अपील किया था, लेकिन उनके इस अपील पर कोई सुनवाई नहीं हुई और रक्षित लोक अभियोजक को भी यहां नहीं भेजा गया। बड़ी मशक्कत से प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश मनोज कुमार सिंह की अदालत सहित सभी सेशन अदालतों में अधिवक्ता संघ के मांग पर सहायक लोक अभियोजक को काम करने की अनुमति मिली है तो तीन दिनों से काम चलाया जा रहा है। स्पेशल पॉक्सो कोर्ट की प्रभार नहीं मिलने के कारण वहां कार्य नहीं हो पा रहा है, जिसकी वजह से प्रतिदिन दर्जनों गवाह बिना गवाही दिए वापस लौट रहे हैं। बताया जाता है कि गृह विभाग को प्रभारी लोक अभियोजक अशोक कुमार दास ने कई पत्राचार किया है। वहीं स्थानीय अधिवक्ताओं ने लोक अभियोजक के पद पर अधिसूचित पदाधिकारी के पदस्थापन के महीनो बीत जाने के बाद भी योगदान नहीं करने पर चिंता व्यक्त किया है। मालूम हो पलामू के लोक अभियोजक का स्थानांतरण लातेहार जिला लोक अभियोजक के पद पर लगभग 6 माह पूर्व हुआ है लेकिन वे अभी तक अपना योगदान नहीं दिए हैं। आधा दर्जन लोक अभियोजक का पद यहां सृजित होने के बावजूद भी पोस्टिंग सरकार नहीं कर रही है। गृह विभाग बिल्कुल शांत बैठा हुआ है। क्या कहते हैं अधिवक्ता अधिवक्ता सुनील कुमार का इस संबंध में कहना है कि सेशन कोर्ट में नामित लोक अभियोजक के नहीं रहने की वजह से सरकारी एवं कानूनी प्रावधानों के विपरीत यहां एपीपी काम कर रहे हैं। पद स्थापित पदाधिकारी के योगदान नहीं करने पर भी उन पर कोई कार्रवाई नहीं हो रही है जो घोर मनमानी का द्योतक है।

# भाजपा नेता के अंतिम संस्कार में शामिल हुए विभिन्न दलों के नेता

खबर मन्त्र संवाददाता



अंतिम यात्रा में मौजूद राजनीतिक दलों के नेता और गणमान्य लोग।

**बरवाडीह।** भाजपा मंडल महामंत्री सह पूर्व विधायक प्रतिनिधि प्रदीप सिंह का निधन मंगलवार को राजधानी रांची के पारस हॉस्पिटल में होने के बाद बुधवार को आदर्श नगर शमशान घाट में उनका अंतिम संस्कार किया गया। इस दौरान उनके परिवार समेत कई राजनीतिक दलों के नेता और कार्यकर्ता शमशान घाट पर मौजूद रहें। प्रदीप सिंह के पुत्र आदित्य सिंह ने उन्हें मुखाग्नि दी। इस अवसर मौजूद सैकड़ों लोगों की आंखे नम हो गई सभी उनके असमय मौत से मर्माहत थे। इसके पूर्व प्रदीप सिंह के पार्थिव शरीर को रांची से बरवाडीह के आदर्श नगर स्थित उनके आवास पर मंडल अध्यक्ष हर्षवर्धन सिंह की देखरेख में लाया गया। वहीं बरवाडीह स्थित आवास पर प्रदीप सिंह को श्रद्धांजलि देने के लिए और अंतिम यात्रा में शामिल होने के लिए काफी संख्या में भाजपा के नेता और कार्यकर्ता पहुंचे थे। इसके अलावा कांग्रेस, जेएमएम, राजद, बसपा समेत अन्य पार्टियों के नेताओं ने भी पहुंच कर श्रद्धांजलि दी और शोक संवेदना प्रकट किया। उनके निधन पर विधायक रामचंद्र सिंह ने भी शोक जताया और इस दुख की घड़ी में परिवार के साथ खड़े रहने की बात कही। वहीं उनके अंतिम दर्शन के लिए युथ कांग्रेस के प्रदेश संयोजक विजय बहादुर सिंह, भाजपा नेता राजधानी प्रसाद यादव, पूर्व विधायक हरिकृष्ण सिंह, प्रदेश महामंत्री मनोज सिंह, विधायक प्रतिनिधि प्रेम सिंह उर्फ पिंटू, राजद प्रदेश महासचिव अजय चंद्रवंशी, कांग्रेस प्रदेश प्रतिनिधि रविंद्र राम, जेएमएम वरिष्ट नेता शशि भूषण तिवारी, सुरेश मिश्रा, सांसद प्रतिनिधि कन्हाई प्रसाद, दिलीप यादव, अजय सोनी, विवेक सिंह, व्यवसायिक समिति के अध्यक्ष दीपक राज, अधिवक्ता रवि कुमार, जिप सदस्य कन्हाई सिंह, बलवंत सिंह, रामदेव सिंह, रघुपाल सिंह, मनोज प्रसाद, ननदेव सिंह, कैलाश सिंह, जितेंद्र सिंह, रविंद्र पासवान, इकबाल सिंह, नीरज सिंह, अशोक प्रसाद, ईश्वरी सिंह, मनोज सिंह चेरो, पारस जयसवाल, कमलेश सिंह, रामधनी सिंह, सुधीर प्रसाद, श्याम बिहारी प्रसाद, मनोज सिंह, सुनील सिंह, मनोज यादव, वरुण सिंह, दीपक तिवारी, माले नेता बिरजू राम और सफदर खान सहित बड़ी संख्या में राजनीतिक दलों के नेता और गणमान्य लोग मौजूद थे।

# आंधी तूफान में लगभग आधा दर्जन मवेशी की मौत, दर्जनों हुए बेघर

खबर मन्त्र संवाददाता

**मझिआंव।** मंगलवार की देर शाम आये अचानक आए आंधी तूफान व बवंडर ने नगर पंचायत सहित ग्रामीण क्षेत्र के कुछ हिस्सों में तहलका मचा कर रख दिया। तेज आंधी के कारण दर्जनों पेड़ गिरने से लगभग आधा दर्जन मवेशियों की मौत हो गई है। वही कितनों का एस्बेस्टस उड़ने एवं दीवार गिरने से आशियाना उजड़ गया। इधर बोदरा पंचायत के महुगंई टोला में वकील यादव के बैल के ऊपर पेड़ गिर गया, जिसके कारण उसकी मौत हो गई। उचरी गांव में सुनील राम का बछिया एवं बकरी घायल हो गए। वहीं करमडीह गांव में प्रेमन ठाकुर के एक बैल की भी मौत हो गई है। इसी तरह दलको गांव में संजय पांडेय के छत पर बना एक दीवाल गाय शेड पर गिर गया, जिसके कारण संजय पांडेय के गाय की मौत हो गई। वहीं आंधी तूफान के कारण बड़काखाला टोला में नंदू सिंह, डॉ रघुनाथ सिंह, राम सिंह, जयराम सिंह एके सिंह एवं प्रमोद सिंह के घर एवं गौशाला को भारी क्षति पहुंची है। इधर बूढ़ीखाड़ गांव में सुरेश यादव के ट्रैक्टर के ऊपर विशाल पेड़ गिर जाने से ट्रैक्टर ध्वस्त हो गया। तलसबरिया पंचायत क्षेत्र के नुरुल हुदा खान, तौकीर खान, तफसीर खान, जगजीवन



राम, हरदेव, राम, राजेश राम, महावीर राम, नगीना राम रामाशीष राम सहित अन्य दर्जनों लोगों का घरों को काफी नुकसान पहुंचा है। जानकारी देते हुए मुखिया माता बालम उप मुखिया से ताजीद आलम ने बताया कि शेख अबरार के दो लड़कियों की शादी 25 अप्रैल को होनी है लेकिन तूफान की वजह से उनका घर पूरी तरह क्षतिग्रस्त होंगे चुका है और जो भी शादी के लिए सामग्री लिया गया था उसका भी नुकसान पहुंचा है। मिली जानकारी के अनुसार सबसे अधिक तलसबरिया पंचायत में बिजली खंभा गिरा है। साथ ही हजारों पेड़ उखड़ गए। जिसके कारण सड़क जाम होकर आवागमन बाधित रहा। साथ ही मझिआंव बाजार में आधा दर्जन से अधिक घरों एवं दुकानों के छत उड़ गए। आंधी तूफान ने नगर पंचायत के चन्द्री, सोरहबिगहा में मुख्य पथ पर बांस बल्ली पर लगाये गए बिजली के तार पर कई पेड़ों को टहनियां उड़कर जा गिरी, जिसके कारण बिजली बाधित हो गया। इसी तरह लगभग सभी वार्डों में बिजली के तार गिरे पाये गये। आछोडीह से मिली खबर के अनुसार चार पोल तार उखड़ गये, जबकि दर्जनों घरों के लोग छत उड़ने से बेघर हो गए। इसके अलावा अन्य स्थानों पर भी पोल तार गिरने की खबर है। सूचना मिलते ही नगर पंचायत कार्यपालक पदाधिकारी शैलेश कुमार ने जेसीबी मशीन भेजकर बकोइया एवं गहिड़ी में जाम हटवाया। इसी तरह चन्द्री में भी मुख्य पथ पर पेड़ गिरने से सड़क जाम हो गया।जिसे कार्यपालक पदाधिकारी के द्वारा हटवाया गया। इस संबंध में कार्यपालक पदाधिकारी शैलेश कुमार ने बताया कि बकोइया, गहिड़ी एवं चन्द्री के सोरहबिगहा मुख्य पथ पर पेड़ गिरने से जाम हो गया था जिसे जेसीबी मशीन से हटवा दिया गया हैं। वहीं विधायक प्रतिनिधि संजय कमलापुरी ने भी अपने जेसीबी लगाकर सड़क पर गिरे पेड़ को हटवाकर जाम छुड़ाने में सहयोग किया।

## स्पीड न्यूज

### मानव एकता दिवस कार्यक्रम का आयोजन



प्रमाण पत्र के साथ रक्तदाता।

**गढ़वा।** निरंकारी मिशन के तत्वावधान में सामुदायिक भवन गढ़वा में मुरारी प्रसाद की अध्यक्षता में मानव एकता दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान रक्तदान शिविर में रक्तदान करने वाले 43 लोगों के बीच प्रमाण पत्र का वितरण किया गया। मौके पर वक्ताओं ने कहा कि मानव को मानव से प्यार हो एक दूजे का सहारा बने इसकी मूल आवश्यकता है। ब्रह्म ज्ञान से जीवन में प्यार आता है। प्यार से उंच नीच का भेदभाव समाप्त हो जाता है। कार्यक्रम का संचालन सुषमा बहन ने की। मौके पर काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

### गांवों में डीएम ने चौपाल लगाकर मतदाताओं को किया प्रेरित

गोपालगंज। गोपालगंज लोकसभा आम निर्वाचन की तैयारियों के लिए जिला पदाधिकारी मो मकसूद आलम ने बुधवार को हथुआ विधानसभा अंतर्गत संवेदनशील मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया और चौपाल लगाकर मतदाताओं को मतदान करने के लिए प्रेरित किया। मौके पर डीएम ने संवेदशील मतदान केंद्रों पर मतदाताओं की सुविधा के लिए कमियों को दूर करने के निदेश दिए। मौके पर उन्होंने मतदाताओं से 25 मई को अपने मतों का प्रयोग करने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि मतदान करना आपका अधिकार है। आपकों इससे कोई वंचित नहीं कर सकता। आप सभी 25 मई को स्वतंत्र, निषपक्ष और बिना डर के मतदान करें।

### फारबिसगंज में पीएम मोदी के आगमन को लेकर "नो ड्रोन जोन" घोषित



**फारबिसगंज/अररिया।** फारबिसगंज में पीएम मोदी 26 अप्रैल को एक जनसभा को संबोधित करेंगे। इस बीच पीएम मोदी की रैली को देखते हुए डीएम अररिया और एसएसपी सुरक्षा ने फारबिसगंज हवाई अड्डा मैदान में नो ड्रोन जोन (अस्थायी रेड जोन) घोषित कर दिया गया है। वही, फारबिसगंज क्षेत्र सीमा से सटे होने कारण सुरक्षात्मक दृष्टिकोण से विधि व्यवस्था संधारण हेतु सभी आवश्यक कदम उठाये जा रहे हैं। अररिया जिला पदाधिकारी इनायत खान एवं अररिया पुलिस अधीक्षक अमित रंजन ने बुधवार को संयुक्त रूप से प्रधानमंत्री का हवाई अड्डा, फारबिसगंज में प्रस्तावित सभा स्थल का निरीक्षण किया गया। कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण के क्रम में जिलाधिकारी द्वारा बैरिकेटिंग, प्रवेश द्वार, निकासी द्वार हेलीपैड एवं सुरक्षा व्यवस्था के कई बिन्दुओं पर संबंधित पदाधिकारियों को कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए। मौके पर अनुमंडल पदाधिकारी फारबिसगंज, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी फारबिसगंज, विशेष कार्य पदाधिकारी सह अपर समाहर्ता आपदा, एसपीजी के अधिकारी एवं संबंधित पदाधिकारी गण उपस्थित थे।

### मुझे चारों ओर से फंसाने की साजिश रची जा रही है : तेजस्वी



**पूर्णिया।** राजद नेता एवं पूर्व डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव कहा कि यहां दो ही गठबंधन चुनाव लगे हैं। एक आईएनडीआईए गठबंधन और दूसरा एमबीए गठबंधन तीसरा यहां कोई नहीं है। मुझे चारों ओर से फसाने की कोशिश की जा रही है। मेरे सभी भाई बहन पर केस है। हर दो-तीन महीने में मेरे यह रेड की जाती है। बिहार में अकेले सबसे लड़ रहा हूं। आईएनडीआईए गठबंधन को मजबूत करने के लिए मैं लगातार नीतीश कुमार के साथ हर जगह घूमता रहा और गठबंधन को मजबूत करने का प्रयास किया।

## हस्ताक्षर अभियान एवं मतदाता मैत्री बंधन कार्यक्रम का आयोजन

# जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने दिया मतदाता जागरूकता का संदेश

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के मद्देनजर बुधवार को समाहरणालय गढ़वा में स्वीप कार्यक्रम के तहत हस्ताक्षर अभियान एवं मतदाता मैत्री बंधन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। हस्ताक्षर अभियान कार्यक्रम में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी शेखर जमुआर एवं एसपी दीपक कुमार पांडेय ने अपना हस्ताक्षर कर मतदाताओं को जागरूक करने का संदेश दिया गया। इसके पश्चात मतदाता मैत्री बंधन कार्यक्रम के तहत एसपी ने जिला निर्वाचन पदाधिकारी को आई एम



जिला निर्वाचन पदाधिकारी को बैंड पहनाते एसपी।

वेरीफाइड वाटर, आई एम रेडी टू वोट लिखा मैत्री बंधन बैंड पहनाकर मतदाता जागरूकता का संदेश दिया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने भी एसपी को मैत्री बंधन बैंड पहनाया। इस दौरान उपस्थित अन्य पदाधिकारी एवं कर्मियों ने भी एक दूसरे को मैत्री बंधन बैंड पहनाकर मतदाता जागरूकता का संदेश दिया। मौके पर डीडीसी पशुपतिनाथ मिश्रा, एसी मतीयश विजय टोप्पो, गोपनीय प्रभारी सह भू अर्जन पदाधिकारी संजय प्रसाद, जिला पंचायती राज पदाधिकारी सह स्वीप नोडल प्रमेश कुशवाहा, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा नीरज कुमार, जिला कृषि पदाधिकारी शिवशंकर प्रसाद, जिला सहकारिता पदाधिकारी नीलम कुमारी, सहायक जन संपर्क पदाधिकारी अमित कुमार केशरी, सहायक परियोजना पदाधिकारी सिया जानकी सिंह आदि पदाधिकारी उपस्थित थे।

## बहन की मंडप में भाइयों ने की मारपीट, एक की मौत

▸▸ मातम में बदल गई शादी समारोह

खबर मन्त्र संवाददाता

**रंका।** गढ़वा जिला अंतर्गत रंका थाना क्षेत्र के बडकाडीह गांव में बीती रात्रि शादी समारोह मातम में बदल गई। बहन की मंडप के दौरान चार भाई बिजली की तार के विवाद को लेकर आपस में भिड़ पड़े। इनके बीच जमकर मारपीट हुई। मारपीट की इस घटना में एक भाई सुदेश सिंह 38 वर्ष की मौत हो गई।

जानकारी के अनुसार बड़काडीह निवासी बिगन



मृतक सुदेश सिंह।

सिंह की बेटी की शादी होनी थी। मंगलवार की रात्रि मड़वा कार्यक्रम के दौरान बिजली के तार को लेकर चारों भाइयों के बीच विवाद इतना गहरा गया कि जमकर मारपीट हो गयी। इस घटना में गंभीर रूप से घायल सुदेश सिंह को आनन-फानन में इलाज के लिए गढ़वा अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सकों ने गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे रेफर कर दिया। लेकिन उसकी मौत गयी। घटना के बाद शादी वाले इस घर में कोहराम मच गई। खुशी का माहौल गमगीन हो गया। बताया जाता है कि बुधवार को घर में बहन की बारात आने वाली थी। बताया जाता है कि मृतक सुदेश सिंह का उसके अन्य भाइयों के साथ पुराना विवाद था। ग्रामीण बताते हैं कि पुराना विवाद के कारण ही इस घटना को अंजाम दिया गया है।

## राज्यकीय मध्य विद्यालय एमडीएम शुरू



भोजन करते बच्चे।

**रमना।** प्रखंड के सिलीदाग पंचायत के राज्यकीय मध्य विद्यालय सिलीदाग 02 में एमडीएम गत तीन माह के राशन का कुल उधार राशि का भुगतान नहीं होने के कारण बंद था। बच्चों द्वारा एमडीएम बंद होने की जानकारी को खबर मंत्र अखबार में प्रमुखता से उठाया गया था। जिसके बाद इस खबर को जिप अध्यक्ष शांति देवी ने संज्ञान में लिया और तत्काल विद्यालय पहुंच कर जांच की और बीईईओ को कड़ी फटकार लगायी। बुधवार से राज्यकीय मध्य विद्यालय सिलीदाग 02 में एमडीएम प्रारम्भ हो गया। इस बात की जानकारी प्रभारी शिक्षक मनोज कुजूर ने दी। विद्यालय के विद्यार्थी एमडीएम चालू होने पर काफी खुश दिखे उनके चेहरे पर एक अलग ही मुस्कान थी। एमडीएम बंद हो जाने से गरीब मजदूर के बच्चे जो दूर-दराज से सुबह-सुबह घर पर भोजन नहीं बन पाने के कारण विद्यालय भूखे आते थे। दोपहर में छुट्टी के बाद घर जाकर भोजन कर पाते थे।

## दोहरी नागरिकता के आरोप में एक गिरफ्तार



**पूर्वी चंपारण।** भारतीय आब्रजन विभाग ने रक्सौल में हरैया पुलिस के सहयोग से भारत के साथ नेपाली नागरिकता रखने वाले एक युवक को गिरफ्तार किया है, जिसके पास से भारतीय आधार कार्ड, पैन कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, इंडियन बैंक रुपये कार्ड, इंडियन पासपोर्ट का फोटोकॉपी, नेपाली पासपोर्ट का फोटोकॉपी, नेपाली नागरिकता कार्ड के फोटोकॉपी व मोबाईल बरामद किया है। दोहरी नागरिकता की पुष्टि होने के बाद उक्त युवक को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। हरैया ओपी प्रभारी अनुज कुमार सिंह ने बताया कि पकड़े गये युवक के पास से नेपाल के सलार्ही जिला के मलंगवा वार्ड नंबर 3 निवासी अब्दुल जब्बार शाह के पुत्र गुलाम गौस तथा दूसरा कागजात बिहार के सीतामढ़ी सिरौली गांव के वार्ड नंबर 8 का अवैध कागजात प्राप्त हुआ है, जिससे यह सिद्ध हो रहा है कि उसने अवैध तरीके से दोनो देश की नागरिकता को धारण किया। इस मामले में उसके विरुद्ध मामला दर्ज करने कि कारवाई की जा रही हैं।

## पलामू कलेक्ट्रेट से सेवानिवृत्त प्रधान सहायक का निधन

खबर मन्त्र संवाददाता

**कांडी।** पलामू कलेक्ट्रेट से सेवानिवृत्त प्रधान सहायक सह कांडी के अधौरा गांव निवासी मोती बाबू का आकस्मिक निधन हो गया। वे 75 वर्ष के थे। अपने रांची स्थित आवास पर मंगलवार की देर शाम 7.30 बजे उन्होंने अंतिम सांस ली। कांडी थाना क्षेत्र के शिवपुर पंचायत अंतर्गत अधौरा गांव निवासी सेवानिवृत्त रेंज अफसर स्व. ठाकुर कमला प्रसाद सिन्हा के पुत्र, रिटायर एलडीएम ललित मोहन प्रसाद के छोटे भाई, पत्रकार प्रियरंजन एवं राम रंजन के बड़े भाई तथा बिंदास न्यूज गढ़वा के निदेशक पत्रकार आशुतोष रंजन के बड़े पापा प्रतिभा रंजन प्रसाद उर्फ मोती बाबू का आकस्मिक निधन हो गया। राजस्व संबंधी मामलों के जानकार व मिलनसार व्यक्ति के



मोती बाबू (फाइल फोटो)।

अचानक निधन को लेकर मोहल्ले व गांव में मातम पसरा है। वह पलामू कलेक्ट्रेट के विभिन्न प्रभागों में बतौर प्रधान सहायक वर्षों तक पदस्थापित रहे थे। इससे पूर्व उन्होंने पलामू के चैनपुर एवं गढ़वा जिला के भवनाथपुर अंचल में भी सेवा दी थी। प्राप्त जानकारी के अनुसार मंगलवार की देर शाम अपने वास्तु विहार स्थित आवास में वे लगभग ठीक-ठाक थे। अचानक वह संज्ञाहीन हो गए। उन्हें तत्काल एचईसी पारस हॉस्पिटल ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। अगले कई घंटों में परिवार के सभी सदस्यों के साथ-साथ दिल्ली के अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा पर बतौर पदाधिकारी पदस्थापित उनका पुत्र अमिताभ रंजन परिवार सहित सेवा विमान से रांची पहुंचा। छोटी लड़की भी दिल्ली से सेवा विमान से रांची आई। इधर सभी भाई एवं परिवार के अन्य सदस्य रांची पहुंच गए। इसके बाद बुधवार को तीसरे पहर स्वर्णरिखा नदी स्थित मुक्तिधाम में उनका अंतिम संस्कार कर दिया गया। पुत्र अमिताभ रंजन ने पिता को मुखाग्नि दी। मोती बाबू के निधन पर कई अधिकारियों व सहकर्मियों ने गहरा शोक व्यक्त किया है।

# मोदी को प्रधानमंत्री बनायेंगे तो अर्थव्यवस्था तीसरे नंबर पर होगी : नड्डा

एजेंसी

**भागलपुर।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने बुधवार को भागलपुर के सैंडिस कंपाउंड में आयोजित चुनावी सभा में कहा कि दुनिया की अर्थव्यवस्था पिछड़ती जा रही है। भारत की अर्थ व्यवस्था लगातार आगे बढ़ रही है। आज हमारे देश की अर्थव्यवस्था पांचवें नंबर की बन गई है। जिस ब्रिटेन ने हम पर 200 साल राज किया। हमने उसको पछाड़कर भारत को पांचवें नंबर पर खड़ा कर दिया है। अगर आपने यहां के उम्मीदवार को जीता कर मोदी को प्रधानमंत्री बनायेंगे तो भारत तीसरे नंबर के अर्थव्यवस्था बन जाएगा। जेपी नड्डा ने कहा कि मोदी के नेतृत्व में चाहे देश की राजनीति हो या प्रदेश की 10 सालों में बहुत परिवर्तन आया है। पीएम मोदी



ने 10 सालों में आम आदमी की मानसिकता को बदल दिया है। मेरे बचपन के 20 साल बिहार में ही बीते हैं। पहले की स्थिति से हम अच्छी तरह वाकिफ हैं लेकिन आज बदलते बिहार, बदलता भागलपुर को अपनी आंखों से देख रहा हूं। यह बदलाव राजनीतिक सोच की वजह से हो पाया है। आज विकास की राजनीति हो रही है। बिहार राजनीतिक दृष्टि से बहुत ही सजग है। यहां के लोग देश और प्रदेश के प्रति अपने दायित्व से पीछे नहीं हटते हैं। जेपी नड्डा ने कहा कि गांव, गरीब, वंचित, शोषित, पीड़ित, किसान, मजदूर, महिला को नरेंद्र मोदी की नीतियों ने ताकत दिया है। सभा को उप-मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, शिक्षा मंत्री सुनील कुमार, विधायक पवन यादव, इंजीनियर ललन पासवान, गोपाल मंडल, भाजपा जिलाध्यक्ष संतोष कुमार ने संबोधित किया। मंच पर एनडीए प्रत्याशी अजय मंडल के अलावा एनडीए गठबंधन के नेतागण मौजूद थे। भाजपा अध्यक्ष ने आईएनडीआईए गठबंधन पर जमकर हमला बोला। जेपी नड्डा ने फारुख अब्दुल्ला, उमर अब्दुल्ला से लेकर लालू, राबड़ी और तेजस्वी का नाम लेते हुए कहा कि ये सभी परिवार की पार्टी है। ये सिर्फ परिवार की ही नहीं बल्कि भ्रष्टाचार की भी पार्टी है। यह सब घोटालाबाज एक साथ मिल गए हैं। राहुल गांधी जमानत पर, सोनिया गांधी जमानत पर, संजय सिंह जमानत पर, लालू यादव जमानत पर, पी. चिदंबरम, कार्ति चिदंबरम जमानत सब जमानत पर हैं। अरविंद केजरीवाल, मनीष सिसोदिया, सत्येंद्र जैन और आजम खान जेल में हैं। मीसा भारती, तेजस्वी और सारा परिवार बेल पर है। क्या ऐसे लोगों को आगे आने देना है। जो लोग भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ रहे थे आज वही भ्रष्टाचारी हो गए हैं। उनकी भ्रष्टाचारियों के साथ दोस्ती हो गई है। समय की आवाज है, बिहार के विकास की आवाज है, समय का तकाजा है कि आपकी उंगली को कमाल करना है। कमाल दिखा कर एक बार फिर से नरेन्द्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाइए।

## खबर एक नजर में

### तीन मुहान पर लगभग एक घंटा बड़ी वाहनों के कारण सड़क रहा जाम, आवागमन बाधित

**मझिआंव।** शहर के मुख्य सड़क तीन मुहान के पास आए दिन सड़क जाम होना आम बात हो गई है। इसी तरह तीन मुहान पर छोटी बड़ी वाहनों के बेतरतीब तरीके से परिचालन के कारण लगभग एक घंटा सड़क जाम रहा।मुख्य सड़क एवं ब्लॉक रोड में वाहनो की लंबी कतार लग गई। साप्ताहिक बुधवार को बाजार एवं शादी की खरीददारी करने वाले राहगीरों को भी चलने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। आए दिन ब्लॉक रोड एवं मेन रोड में जाम देखा जा रहा है। बताते चलें कि 17 मार्च को मारपीट में घायल तीन मरीजों को मझिआंव रेफरल अस्पताल से बेहतर उपचार के लिए गढ़वा सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया था। घायलों को दो एम्बुलेंस से ले जाया जा रहा था। लेकिन दोनों एम्बुलेंस ब्लॉक रोड में पांडे पेट्रोल पंप से मेन रोड तीन मुहान तक आधे घंटे तक फंसे रहे। इधर जाम होने पर प्रभु नागरिकों ने कहा कि पहले तिराहे पर पुलिस रहते थे तो जाम कम लग रही थी। और अभी लग्न का समय चल रहा है फिर भी पुलिस व्यवस्था नहीं होने के कारण जिसके कारण बाजार में आए दिन जाम लग रही है। इधर कुछ लोगों ने आवाज उठाते हुए यह भी कहा कि एक दिन बड़े अधिकारी को जाम में फंस जाने के बाद में मेन रोड में अतिक्रमण हटाया गया। लेकिन आम जनता एक छोटा सा शहर में एक से डेढ़ घंटे तक एग्जाम में फंसे रह रहे हैं एंबुलेंस तक फंसी रह रही है लेकिन इस पर शासन प्रशासन की कोई नजर नहीं है। वहीं कुछ लोगों ने यह भी कहा कि मेन रोड को दो तीन बार अतिक्रमण मुक्त कराया गया लेकिन ब्लॉक को अतिक्रमण मुक्त नहीं कराया गया जिसके कारण अधिकांश जाम लग रहा है।

### पश्चिमी चंपारण में कांग्रेस प्रत्याशी के समर्थन में बैठक संपन्न



**बेतिया।** इंडिया तथा महागठबंधन समर्थित कांग्रेस पार्टी के पश्चिमी चंपारण संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के प्रत्याशी मदन मोहन तिवारी के समर्थन में बेतिया तिलक मैदान कांग्रेस कार्यालय में महागठबंधन के प्रमुख कार्यकताओं की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता कांग्रेस जिला अध्यक्ष भारत भूषण दुबे ने की। बैठक को संबोधित करते हुए भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) की बिहार राज्य सचिव मंडल सदस्य प्रभुराज नारायण राव ने बताया कि यह लोकसभा चुनाव साधारण चुनाव नहीं है। आज हमारा संविधान खतरे में है। लोकतंत्र खतरे में है। हमारे संविधान की काया धर्मनिरपेक्षता खतरे में है, क्योंकि नरेन्द्र मोदी स्वयं सभा में बोल रहे हैं कि 400 पार सीट मिल जाने का मतलब संविधान में बदलाव कर एकात्मकवाद के आधार पर सरकार चलाना है। यानी कि फासीवादी व्यवस्था को देश में लागू करना है, जबकि देश के लोगों के सामने महंगाई, भुखमरी, बेरोजगारी का संकट खड़ा है। इसलिए देश के तमाम लोकतंत्र पसंद, संविधान समझ लोगों को एक जुट होकर इंडिया तथा महागठबंधन के उम्मीदवार मदन मोहन तिवारी के हाथ छाप पर बटन दबाकर भारी मतों से विजई बनाना है । इसके लिए प्रखंड स्तर, पंचायत स्तर तथा बूथ स्तरीय कमेटियों का गठन कर चुनाव की पूरी तैयारी करने की जरूरत है। पश्चिम चंपारण लोकसभा क्षेत्र में लोग बदलाव चाह रहे है। बैठक को पश्चिम चम्पारण के आईएनडीआई प्रत्याशी कांग्रेस के पूर्व विधायक मदन मोहन तिवारी, रंजित पटेल, माकपा के पश्चिमी चंपारण जिला कमेटी के सचिव चांदसी प्रसाद यादव, भाकपा के जिला मंत्री ओमप्रकाश क्रांति, राजद के विधान परिषद सदस्य सौरभ कुमार, कांग्रेस के विनय कुमार शाही, भारत जोड़ो अभियान के रामेश्वर प्रसाद, आलमगीर हुसैन भाकपा माले के फरहान सहित अनेक लोगों ने बैठक में अपने सुझाव दिए।

## पेज एक का शेष

### बीडी, ममता, समीर, चमरा समेत 19 ने भरा पर्चा

नामांकन के समय श्री राम के साथ बाबूलाल मरांडी मौजूद, विधायक आलोक चौरसिया, सांसद आदित्य साहू, महामंत्री मनोज सिंह समेत कई दिग्गाज नेता मौजूद थे। बीडी राम ने पर्चा दाखिल करने से पहले छह मुहान स्थित काली मंदिर में पूजा-अर्चना की। पलामू लोकसभा सीट पर चौथे चरण में चुनाव है। पलामू सहित लोहरदगा, सिंहभूम और खूंटी में भी 13 मई को मतदान होगा। विष्णु दयाल राम ने मुहूर्त के अनुसार 11:37 पर नामांकन किया. नामांकन से पहले वो मेदिनीनगर के काली मंदिर पहुंचे और वहां पूजा अर्चना की।

### रांची में बर्ड फ्लू की पुष्टि, प्रशासन अलर्ट

**सर्वे और किलिंग प्रक्रिया शीघ्र:** एक्शन प्लान के तहत रैपिड रिस्पांस टीम द्वारा क्षेत्रीय कुक्कुट प्रक्षेत्र होटवार रांची के शेष बचे कुक्कुटों की किलिंग, वैज्ञानिक विधि से निस्तारण एवं इसके बाद संक्रमित क्षेत्र का वैज्ञानिक विधि से संपूर्ण क्लीनिंग एंड डिसइन्फेक्शन का कार्य किया जाना है। एक्शन प्लान के आलोक में एपिसेंटर से एक किमी की परिधि में कुक्कुट पालन से संबंधित सर्वेक्षण का कार्य किया जायेगा, ताकि प्रशासनिक स्तर पर कुक्कुटों की किलिंग को लेकर शीघ्र निर्णय लिया जा सके। टीम द्वारा एपिसेंटर से 10 किमी की परिधि के क्षेत्र का मानचित्र बनाकर सर्विलांस जोन के रूप में चिन्हित करते हुए इस क्षेत्र में एवियन इंफ्लुएंजा की सघन निगरानी का कार्य भी किया जायेगा।

**इन क्षेत्रों में काम करेगी टीम :** होटवार, गाड़ी गांव, गाड़ी होटवार एवं बकेन टोली। खटंगा, न्यू खटंगा, महुआ टोली एवं आर्मी कैंप के पास का क्षेत्र। बांधगाड़ी, डुमरदगा, जेपी नगर एवं बूटी मोड़ के पास का क्षेत्र।

### कांग्रेस का मंत्र है : लूट जिंदगी के साथ भी

**आपको तो लूटेंग ही, बच्चों को भी नहीं छोड़ेंगे:** शाही परिवार के शहजादे के सलाहकार ने कुछ समय पहले कहा था कि मध्यम वर्ग पर और ज्यादा टैक्स लगाना चाहिए। अब ये लोग इससे भी एक कदम और आगे बढ़ गये हैं, अब कांग्रेस का कहना है कि वो विरासत कर लगायेगी। जिसमें माता-पिता से मिलने वाली विरासत पर भी टैक्स लगायेगी। आप जो अपनी मेहनत से संपत्ति जुटाते हैं, वो आपके बच्चों को नहीं मिलेगी, बल्कि कांग्रेस सरकार का पंजा उसे भी आपसे छीन लेगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का मूल मंत्र है, आपके जीवित रहने तक कांग्रेस आपको ज्यादा टैक्स से मारेगी और जब जीवित नहीं रहेंगे तो आप पर विरासत कर का बोझ लाद देगी। पूरी कांग्रेस को अपनी पैतृक संपत्ति मानकर जिन लोगों ने अपने बच्चों को दे दी, अब वो नहीं चाहते कि भारतीय अपनी संपत्ति अपने बच्चों को दें।

**क्या है विरासत टैक्स :** सैम पित्रोदा ने अमेरिका के विरासत टैक्स का जिक्र किया। पित्रोदा के मुताबिक अमेरिका में 55 फीसदी विरासत टैक्स लगता है। सरकार 55 फीसदी हिस्सा ले लेती है। उन्होंने कहा कि संपत्ति जनता के लिए छोड़नी चाहिए। अगर किसी व्यक्ति के पास 10 करोड़ डॉलर की संपत्ति है तो उसके मरने के बाद 45 फीसदी संपत्ति उसके बच्चों को और 55 फीसदी पर सरकार का अधिकार होता है।

**कांग्रेस ने पल्ला झाड़:** कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा पित्रोदा के विचार हमेशा भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के विचार को नहीं दर्शाते हैं। कई बार उनके जो विचार होते हैं वह कांग्रेस पार्टी का आधिकारिक रुख नहीं होते हैं। जयराम रमेश ने कहा कि सैम पित्रोदा मेरे सहित दुनिया भर में कई लोगों के गुरु, मित्र, दार्शनिक और मार्गदर्शक रहे हैं। उन्होंने भारत के विकास में असंख्य, स्थायी योगदान दिया है। वह इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के अध्यक्ष है। कांग्रेस का कहना है कि सैम पित्रोदा का हर विचार कांग्रेस का आधिकारिक विचार नहीं है।

# विकास के मानकों का पुनः करना होगा मूल्यांकन : मुर्मू

आइएफएस का दीक्षांत समारोह

**पृथ्वी के संसाधनों के मालिक नहीं, बल्कि ट्रस्टी हैं : राष्ट्रपति**

एजेंसी

**देहरादून।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि वर्तमान के मानव केन्द्रित विकास काल खंड में विकास के साथ, साथ विनाशकारी परिणाम सामने आए हैं। संसाधनों के असंतुलित दोहन ने मानवता को ऐसे मोड़ पर लाकर खड़ा कर दिया है, जहां विकास के मानकों का पुनः मूल्यांकन करना होगा। सुश्री मुर्मू ने बुधवार को इंदिरा वन अकादमी में वर्ष 2022 बैच के परिविक्षाधीन भारतीय वन सेवा (आईएफएस) अधिकारियों के दीक्षांत समारोह को सम्बोधित करते हुए कहा कि आज यह समझना बहुत जरूरी है कि हम पृथ्वी के संसाधनों के मालिक नहीं हैं, बल्कि ट्रस्टी हैं। हमारी प्राथमिकताएं मानव केंद्रित होने के साथ-साथ प्रकृति केंद्रित भी होनी चाहिए। वस्तुतः प्रकृति केंद्रित होकर ही हम सही अर्थों में मानव केंद्रित हो सकेंगे। उन्होने इस बैच में शामिल सभी 10 महिला अधिकारियों को विशेष रूप से बधाई देते हुए कहा कि आप समाज के प्रगतिशील बदलाव की प्रतीक हैं, इसलिए आशा करती हूँ कि आने वाले समय में महिला अधिकारियों की संख्या और भी बढ़ेगी। उन्होंने पिछले सप्ताह उच्चतम न्यायालय के एक निर्णय का जिक्र करते हुए कहा कि जंगलों के महत्व को जान-बूझ कर भुलाने की गलती मानव समाज कर रहा है। राष्ट्रपति ने कहा कि हम यह भूलते जा रहे हैं कि वन हमारे लिए जीवन दाता हैं। यथार्थ यह है कि जंगलों ने ही धरती पर जीवन को बचा रखा है। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि आपके पास जंगलों के संरक्षण, संवर्धन एवं पोषण की जिम्मेदारी है। मुझे पूर्ण विश्वास है कि आप अपने इस अप्रतिम दायित्व के प्रति सजग और सचेत होंगे एवं पूर्ण निष्ठा से अपने उत्तरदायित्वों का निर्वहन करेंगे।



## बेहतर कल के लिए सुदृढ़ बुनियादी ढांचे में निवेश जरूरी : प्रधानमंत्री

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि बेहतर कल के लिए आज सुदृढ़ बुनियादी ढांचे में निवेश किये जाने की जरूरत है। श्री मोदी ने बुधवार को छठे अंतरराष्ट्रीय आपदा-रोधी अवसंरचना सम्मेलन को वीडियो संदेश के माध्यम से संबोधित किया। प्रधानमंत्री ने सम्मेलन में हिस्सा लेने आये प्रतिनिधियों का गर्मजोशी से स्वागत किया और कहा कि उनकी भागीदारी आपदा मोचन से संबंधित बुनियादी ढांचे के महत्वपूर्ण मुद्दे पर वैश्विक चर्चा और निर्णयों को मजबूत प्रदान करेगी। उन्होंने कहा कि वर्ष 2019 में गठन के बाद से आपदा मोचन गठबंधन ने प्रभावशाली ढंग से कार्य किया है और अब यह 39 देशों तथा 7 संगठनों का वैश्विक गठबंधन बन गया है। उन्होंने कहा कि यह भविष्य के लिए एक अच्छा संकेत है। बढ़ती प्राकृतिक आपदाओं को गंभीर विषय बताते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि अक्सर इनके असर को आर्थिक नुकसान की दृष्टि से देखा जाता है लेकिन वास्तव में इसका सबसे अधिक प्रतिकूल प्रभाव लोगों, परिवारों और समुदायों पर पडता है जिसे मापा नहीं जा सकता। प्रधानमंत्री ने जोर देकर कहा कि हमें बेहतर कल के लिए आज सुदृढ़ बुनियादी ढांचे में निवेश करना चाहिए।

## सभी वंदे भारत ट्रेनों में मिलेगी 500 मिलीलीटर वाली पानी की बोतल

नयी दिल्ली। पीने के पानी की बर्बादी को रोकने के लिए अब सभी वंदे भारत ट्रेनों में प्रत्येक यात्री को एक लीटर की बजाय 500 मिलीलीटर के पानी की बोतल दिए जाने का निर्णय लिया है। हालांकि आवश्यकता होने पर यात्रियों को 500 मिलीलीटर की एक और रेल नीर पीडीडब्ल्यू बोतल बिना किसी अतिरिक्त शुल्क के दी जाएगी। भारतीय रेलवे ने आज यह जानकारी दी। उत्तर रेलवे ने बुधवार को एक बयान जारी कर कहा कि कीमती पेयजल को बचाने के लिए रेलवे ने सभी वंदे भारत ट्रेनों में प्रत्येक यात्री को 500 मिलीलीटर की एक रेल नीर पैकेज्ड ड्रिंकिंग वाटर बोतल देने का निर्णय लिया है। 500 मिलीलीटर की एक और रेल नीर पीडीडब्ल्यू बोतल यात्रियों की मांग पर बिना कोई अतिरिक्त शुल्क लिए दी जाएगी।

## स्पीड न्यूज

### मुंबई में 10.48 करोड़ रुपये का सोना जब्त

मुंबई। राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) की टीम ने दक्षिण मुंबई में स्थित झवेरी बाजार में सोना पिघलाने वाली एक फैक्टरी में छापा मारकर 10.48 करोड़ रुपये का सोना और 1.90 लाख अमेरिकी डॉलर जब्त किए हैं। डीआरआई ने यहां दो अफ्रीकी नागरिकों सहित चार लोगों को गिरफ्तार भी किया है। डीआरआई के एक अधिकारी ने बुधवार को बताया कि डीआरआई को एक इनपुट मिला था कि मुंबई एयरपोर्ट के माध्यम से अफ्रीका से तस्करी कर लाए गए सोने को विदेशी चिह्नों को हटाने के लिए यहां झवेरी बाजार में स्थित एक फैक्टरी में सोने को पिघलाया जाता है।

### अमेरिका में टिकटॉक पर लग सकता है बैन

वाशिंगटन। अमेरिकी संसद के ऊपरी सदन सीनेट ने एक विधेयक को मंजूरी दी है, जिसके तहत राष्ट्रीय सुरक्षा आशंकाओं के कारण टिकटॉक पर अमेरिका में प्रतिबंध लगाया जा सकता है। समाचार रिपोर्टों में बुधवार को यह जानकारी दी गयी। यह विधेयक जल्द ही अमेरिकी राष्ट्रपति जो बिडेन के पास भेजा जायेगा, जिन्होंने अपने डेस्क पर पहुंचते ही इस पर हस्ताक्षर करने का संकल्प ले रखा है।

### इजराइल पर हिजबुल्ला ने 35 रॉकेट से किया हमला

यरुशलम। इजराइल पर ईरान समर्थित लेबनान के सशस्त्र समूह हिजबुल्ला ने एक साथ 35 राकेट दागते हुए मला बोला है। हिजबुल्ला के 35 राकेट के हमलों से उत्तरी इजराइल के सफेड शहर और आसपास के क्षेत्रों में हवाई हमले के सायरन बज गए। इजराइली सेना ने कहा कि हमले में कोई घायल नहीं हुआ है। इसके जवाब में इजराइल ने भी दक्षिण लेबनान में हिजबुल्ला के बुनियादी ढांचे पर हवाई हमले किए।

### बांदीपुरा में मुठभेड़ में दो जवान घायल

श्रीनगर । जम्मू-कश्मीर के बांदीपोरा जिले में बुधवार को सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच मुठभेड़ में दो जवान घायल हो गए। अधिकारियों ने बताया कि जिले के रेन्जी वन क्षेत्र में छिपे आतंकवादियों ने सुरक्षा बलों पर गोलीबारी की जिसके बाद मुठभेड़ शुरू हो गई। मठभेड़ में आतंकियों की फायरिंग में दो जवान घायल हो गए। दोनों घायल जवानों को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया है, जहां डॉक्टरों ने उनकी हालत स्थिर बताई है।

### डंपर से भिड़ी स्कॉर्पियो पांच लोगों की मौत

नागौर। डेगाना उपखंड के हरसौर गांव में किसान तिराहे पर बुधवार दोपहर एक डंपर ने स्कॉर्पियो को टक्कर मार दी। हादसे में तीन बच्चों समेत एक ही परिवार के पांच लोगों की मौत हो गई। जबकि, पांच लोग घायल हो गए। घायलों का जयपुर और अजमेर के अस्पतालों में इलाज चल रहा है। पुलिस के अनुसार स्कॉर्पियो में जोधपुर के भोपालगढ़ में रिजनाली के रहने वाले 10 लोग सवार थे।

### फिल्म सनफ्लॉवर्स वेयर फर्स्ट वन्स टू नो कान्स के लिए चयनित

नयी दिल्ली। फिल्म एंड टेलीविजन इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया (एफटीआईआई) के छात्र चिदानंद नाइक की फिल्म सनफ्लॉवर्स वेयर फर्स्ट वन्स टू नो को फ्रांस के 77वें कान्स फिल्म फेस्टिवल के ला सिनेफ प्रतिस्पर्धी खंड में चुना गया है। यह महोत्सव 15 से 24 मई 2024 तक आयोजित किया जाना है। यह अनुभाग महोत्सव का एक आधिकारिक खंड है, जिसका उद्देश्य नई प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करना और दुनिया भर के फिल्म स्कूलों के फिल्मों को उजागर करना है। यह पहली बार है जब एक वर्षीय टेलीविजन पाठ्यक्रम के किसी छात्र की फिल्म को प्रतिष्ठित कान्स फिल्म फेस्टिवल में चुना गया है। यह फिल्म दुनिया भर के फिल्म स्कूलों द्वारा प्रस्तुत कुल 2,263 फिल्मों में से चुनी गई 18 शॉर्ट्स (14 लाइव-एक्शन और 4 एनिमेटेड फिल्में) में से एक है।

# दूसरे चरण के लिए भोंपू बंद

## 13 राज्यों की 88 लोकसभा सीटों पर मतदान कल

- **वायनाड से राहुल गांधी और उनके खिलाफ मैदान में हैं भाकपा के एनी राजा चुनाव**
- **तिरुवनंतपुरम में कांग्रेस नेता शशि थरूर और केंद्रीय मंत्री राजीव चंद्रशेखर में मुकाबला**
- **मथुरा से हेमा मालिनी और मेरठ से रामायण में राम का किरदार निभाने वाले अरुण गोविल की किस्मत इवीएम में होगा कैद**
- **बिहार के पूर्णिया में पप्पू यादव की प्रतिष्ठा दांव पर**

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में 13 राज्यों की 88 लोकसभा सीटों पर शुक्रवार को मतदान होगा। दूसरे चरण में 12 राज्यों व केंद्रशासित प्रदेशों के 1206 उम्मीदवारों के साथ-साथ बाहरी मणिपुर लोकसभा सीट से 4 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। मणिपुर बाहरी सीट पर पिछले चरण में भी मतदान हुआ था और इस चरण में सीट के एक हिस्से में मतदान होगा। इस चरण में वायनाड से कांग्रेस नेता राहुल गांधी और उनके खिलाफ सीपीआई की एनी राजा चुनाव मैदान में है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष के सुरेंद्र भी उनके खिलाफ लड़ रहे हैं। इसी चरण में केरल में तिरुवनंतपुरम सीट पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता शशि थरूर और केंद्रीय मंत्री राजीव चंद्रशेखर के बीच मुकाबला है। इस चरण में मथुरा और मेरठ में भी मतदान होगा, जिसमें फिल्म अभिनेत्री हेमा मालिनी और रामायण में राम का किरदार निभाने वाले अरुण गोविल भाजपा के उम्मीदवार हैं। बिहार की पूर्णिया सीट पर त्रिकोणीय मुकाबला नजर आ रहा है, जहां भाजपा और राष्ट्रीय जनता दल के अलावा निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर पप्पू यादव मैदान में हैं। छत्तीसगढ़ की राजनांदगांव सीट से पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल कांग्रेस की टिकट पर चुनाव लड़ रहे हैं। केरल की अलपुझा सीट से कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल, पश्चिम बंगाल की बालुरघाट सीट से भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सुकांता मजूमदार, उदयपुर सीट से ताराचंद मीना (कांग्रेस), भीलवाड़ा से कांग्रेस नेता सीपी जोशी, जालौर से पूर्व मुख्यमंत्री के बेटे वैभव गहलोत, कोटा से लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, जोधपुर राजस्थान से केन्द्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत, कर्नाटक की तुमकुर सीट से वी सोमन्ना, मांड्या से जेडीएस नेता एचडी कुमार स्वामी, बेंगलुरु दक्षिण से भाजपा के युवा नेता तेजस्वी सूर्या और अमरावती से हाल ही में भाजपा में शामिल हुई नवनीत राणा चुनाव मैदान में हैं। इस चरण में असम की पांच करीमगंज, सिलचर, मंगलदै, नवगोंग और कलियाबोर; बिहार की पांच किशनगंज, कटिहार, पूर्णिया, भागलपुर और बांका। छत्तीसगढ़ की तीन राजनांदगांव, महासमुंद और कांकेर। जम्मू-कश्मीर की एक जम्मू। कर्नाटक की 14 उडुपी चिकमंगलूर, हसन, दक्षिण कन्नड़, चित्रदुर्ग, तुमकुर, मांड्या, मैसूर, चामराजनगर, बेंगलुरु ग्रामीण, बेंगलुरु उत्तर, बेंगलुरु सेंट्रल, बेंगलुरु दक्षिण, चिकबल्लापुर और कोलार सीट पर मतदान होगा। केरल की 20 कासरगोड, कन्नूर, वटकारा, वायनाड, कोझिकोड, मलप्पुरम, पोन्नानी, पलक्कड़, अलाथुर, त्रिशूर, चलाकुडी, एनार्कुलम, इडुक्की, कोट्टायम, अलाप्पुझा, मावेलिककारा, पथानामथिट्टा, कोल्लम, अटिंगल और तिरुवनंतपुरम; मध्य प्रदेश की 7 टीकमगढ़, दमोह, खजुराहो, सतना, रीवा और होशंगाबाद; महाराष्ट्र की 8 बुलढाणा, अकोला, अमरावती (एससी), वर्धा, यवतमाल-वाशिम, हिंगोली, नांदेड़ और परभणी; राजस्थान की 13 टोंक-सवाई माधोपुर, अजमेर, पाली, जोधपुर, बाड़मेर, जालौर, उदयपुर, बांसवाड़ा, चित्तौड़गढ़, राजसमंद, भीलवाड़ा, कोटा और झालावाड़-बारां सीट पर भी मतदान होगा। त्रिपुरा की एक त्रिपुरा पूर्व ; उत्तर प्रदेश की अमरोहा, मेरठ, बागपत, गाजियाबाद, गौतमबुद्ध नगर, अलीगढ़, मथुरा, बुलन्दशहर। बंगाल की दार्जिलिंग, रायगंज और बालुरघाट सीट पर भी इसी चरण में मतदान होगा।




## बैंक घोटाला में अजित पवार और उनकी पत्नी को मिली क्लीन चिट

**महाराष्ट्र स्टेट को-ऑपरेटिव बैंक घोटाले में आर्थिक अपराध शाखा ने दोनों को दी बड़ी राहत**

एजेंसी

**मुंबई।** महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम अजित पवार और उनकी पत्नी सुनेत्रा को बड़ी राहत मिली है। आर्थिक अपराध शाखा ने दोनों को महाराष्ट्र स्टेट को-ऑपरेटिव बैंक घोटाले में क्लीन चिट दे दी है। इसके साथ ही उनके भतीजे रोहित पवार से जुड़ी कंपनियों को भी क्लीन चिट दे दी गई है। आर्थिक अपराध शाखा की ओर से दाखिल किए गए क्लोजर रिपोर्ट में कहा गया है कि जरांदेश्वर को-ऑप शुगर मिल को गुरु कॉमोडिटी से जरांदेश्वर शुगर मिल्स प्राइवेट लिमिटेड को रेंट पर लेने में कोई भी अवैध गतिविधि शामिल नहीं है। ईओडब्ल्यू ने रोहित पवार से जुड़ी कंपनियों को भी अब इस मामले में राहत दे दी है। मालूम हो कि साल 2020 में ही आर्थिक अपराध शाखा ने अजित पवार और उनके भतीजे रोहित पवार के खिलाफ इस केस को बंद करने के लिए क्लोजर रिपोर्ट दाखिल किया गया था, लेकिन बाद में जब यह मामला कोर्ट में पहुंचा। इसे दोबारा जांच के लिए खोलना पड़ गया। इसके बाद आर्थिक अपराध शाखा ने दूसरी रिपोर्ट दाखिल की, जिसमें कहा गया कि अब तक अजित पवार के खिलाफ ऐसा कोई भी साक्ष्य नहीं मिला है, जिससे किसी भी नतीजे पर पहुंचा जा सके, लिहाजा इस केस को बंद किया जाएद्ध दरअसल, यह पूरा मामला राज्य में चीनी सहकारी समितियों, कताई मिलों और अन्य संस्थाओं के जिला और सहकारी बैंकों से पैसे लेने का है। एफआईआर में दावा किया गया था कि बैंक में अनियमितताओं के कारण 1 जनवरी, 2007 से 31 दिसंबर, 2017 के बीच राज्य के खजाने को 25,000 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ।



## कांग्रेस धर्म के आधार पर देना चाहती है आरक्षण : मोदी

**सागर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि कांग्रेस धर्म के आधार पर आरक्षण देना चाहती है। पिछली बार कर्नाटक में जब कांग्रेस की सरकार थी तो उसने धर्म के आधार पर आरक्षण दिया था। जब भाजपा सरकार में आई तो हमने बाबा साहब के प्रति समर्पण भाव से भारत के संविधान की पवित्रता का सम्मान करते हुए धर्म के आधार पर दिए गए आरक्षण को खत्म कर दिया। प्रधानमंत्री मोदी बुधवार को मध्यप्रदेश केसागर लोकसभा क्षेत्र के बड़तूमा में भाजपा के समर्थन में जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आज कांग्रेस की एक ऐसी सच्चाई देश के सामने आई है, जिसे सुनकर हर देशवासी सन्न हो गया है। हमारा संविधान साफ-साफ मना करता है कि किसी को भी धर्म के आधार पर आरक्षण नहीं दिया जाएगा। खुद बाबा साहब अंबेडकर भी धर्म के आधार पर आरक्षण के खिलाफ थे लेकिन कांग्रेस ने पहले ही धर्म के आधार पर आरक्षण का खतरनाक संकल्प लिया था। कांग्रेस ने 2004 में आंध्र प्रदेश में धर्म के आधार पर आरक्षण देकर बाबा साहब अंबेडकर की पीठ में छुरा घोंपा था। 2009 का चुनाव हो या 2014 का कांग्रेस ने अपने घोषणा पत्र में धर्म के नाम पर आरक्षण का वादा किया। फिर कांग्रेस की तैयारी है कि एससी-एसटी व ओबीसी का 15 प्रतिशत कोटा काट दिया जाए और फिर धर्म के आधार पर आरक्षण लागू हो।





## हैदराबाद से भाजपा प्रत्याशी माधवी लता ने भरा पर्चा

**हैदराबाद।** भाजपा की हैदराबाद से लोकसभा उम्मीदवार माधवी लता ने बुधवार को अपना नामांकन दाखिल करने से पहले चारमीनार से रैली निकाली। नामांकन दाखिल करने के लिए हैदराबाद जिला कलेक्टरेट जाने से पहले उन्होंने समर्थकों के साथ ऐतिहासिक स्मारक से सटे भाग्य लक्ष्मी मंदिर में पूजा-अर्चना की। सैकड़ों भाजपा समर्थकों ने नारे लगाते हुए रैली में हिस्सा लिया। रैली गुलजार हौज, पथरगट्टी, मदीना, नया पुल और अफजल गंज से होकर गुजरी। केसरिया वस्त्र पहने माधवी ने मंदिर में अनुष्ठानों में हिस्सा लिया और शंख भी बजाया।

## सलमान खान के आवास पर फायरिंग में बिहार से लॉरेंस गैंग के पांच गुर्गे गिरफ्तार

**मुंबई।** फिल्म अभिनेता सलमान खान के आवास पर हवाई फायरिंग मामले में मुंबई पुलिस ने बिहार से पांच युवकों को गिरफ्तार किया है। इन पांचों को बुधवार को पुलिस बिहार से मुंबई लाई है। यह सभी युवक गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई गैंग से जुड़े बताए जा रहे हैं। मुंबई पुलिस सूत्रों के अनुसार सलमान खान हाउस फायरिंग मामले की छानबीन में बिहार के युवकों के शामिल होने का इनपुट मिला था। इस पर मुंबई क्राइम ब्रांच की टीम ने मंगलवार की रात में बिहार के पश्चिमी चंपारण में गौनाहा थाना क्षेत्र के मसही गांव में छापेमारी करके आशीष और अंकित समेत पांच युवकों को गिरफ्तार किया है। इन पांचों युवकों को पूछताछ के लिए मुंबई लाया गया है। मुंबई पुलिस ने विक्की और सागर को गुजरात से गिरफ्तार किया था।

## सशस्त्र बलों के लिए स्वदेशी बुलेट प्रूफ जैकेट विकसित

आत्मनिर्भर भारत

- **चंडीगढ़ की प्रयोगशाला में परीक्षण के दौरान बीआईएस के मानकों पर खरी उतरी**
- **ऑपरेशन के दौरान पहनने की क्षमता और आराम को बढ़ाती है स्वदेशी जैकेट**

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** रक्षा अनुसंधान एवं विकास विभाग (डीआरडीओ) ने सशस्त्र बलों के लिए सबसे हल्की स्वदेशी बुलेट प्रूफ जैकेट विकसित किया है। इसे कानपुर स्थित रक्षा सामग्री और भंडार अनुसंधान और विकास प्रतिष्ठान (डीएमएसआरडीई) में तैयार किया गया है। हाल ही में इस बुलेट प्रूफ जैकेट का चंडीगढ़ की लैब में परीक्षण किया गया, जो पूरी तरह बीआईएस के उच्चतम खतरे के स्तर 6 के मानकों पर खरी उतरी है। डीआरडीओ की चंडीगढ़ में स्थित टर्मिनल बैलिस्टिक अनुसंधान प्रयोगशाला (टीबीआरएल) में टेस्ट की गई 7.62 गुणा 54 स्वदेशी बुलेट प्रूफ जैकेट बीआईएस 17051 के स्तर 6 के मानकों पर आधारित है। इसे गोला-बारूद से सुरक्षा के लिए देश में सबसे हल्की बुलेट प्रूफ जैकेट बताया गया है। हाल ही में इस बुलेट प्रूफ जैकेट का बीआईएस 17051-2018 के अनुसार टीबीआरएल, चंडीगढ़ में सफलतापूर्वक परीक्षण किया गया था। यह जैकेट नए डिजाइन दृष्टिकोण पर आधारित है, जहां नई प्रक्रियाओं के साथ नवीन सामग्री का उपयोग किया गया है। इस जैकेट का फ्रंट हार्ड आर्मर पैनल (एचएपी) आईसीडब्ल्यू (इन-कंजंक्शन विद) और स्टैंड अलोन डिजाइन दोनों में 7.62 ७ 54 आर एपीआई (स्नाइपर राउंड) के कई हिट (06 शॉट्स) का मुकाबला करने में सक्षम है। एर्गोनॉमिक रूप से डिजाइन किया गया फ्रंट एचएपी पॉलिमर बैकिंग के साथ मोनोलिथिक सिरेमिक प्लेट से बना है, जो ऑपरेशन के दौरान पहनने की क्षमता और आराम को बढ़ाता है। हार्ड आर्मर पैनल और स्टैंड अलोन का क्षेत्रफल घनत्व क्रमशः 40 केजी 2 एम2 और 43 2 एम2 से कम है। रक्षा अनुसंधान एवं विकास विभाग के सचिव और डीआरडीओ के अध्यक्ष डॉ. समीर वी कामत ने उच्चतम स्तर के खतरे से सुरक्षा के लिए इस सबसे हल्के बुलेट प्रूफ जैकेट के सफल विकास के लिए डीएमएसआरडीई को बधाई दी है।



## मैडनेस मचाएंगे- इंडिया को हंसाएंगे की शोभा बढ़ाएंगे शेखर सुमन

**मुंबई।** बॉलीवुड के जानेमाने अभिनेता शेखर सुमन इस रविवार, सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन के कॉमेडी शो, मैडनेस मचाएंगे - इंडिया में हंसाएंगे में विशेष अतिथि होंगे। मैडनेस मचाएंगे - इंडिया में हंसाएंगे में गौरव दुबे निर्देशक की भूमिका निभाते हुए सभी को हंसने के लिए मजबूर कर देते हैं, दूसरी तरफ सिद्धार्थ सागर और सुगंधा मिश्रा खिलजी एक्ट के लिए टीम बनाते हैं, जिनसे दर्शकों को मजेदार अनुभव मिलने वाला है ! गौरव मोरे फिल्म रंगीला में आमिर खान के प्रसिद्ध किरदार में जान फूंकते नजर आएंगे, जबकि हेमांगी कवि डेली सोप अभिनेत्री की भूमिका निभाएंगी।



VERMA PRESS® वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची

Verma's® Today®

श्रृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar II | ₹ 120 | English Grammar– II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !